

Page 11

खेल

विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को हराया, आयुष शेट्टी ने सेमीफाइनल में किया...

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 09

देश

फंस गया फरमान! मोनालिसा 16 साल की निकली, एफआईआर के बाद लटकी...

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शनिवार • 11 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 129 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,40,250 | ₹ 2,60,000 |

## आज का इतिहास

**1827 :** भारत के महान विचारक, समाज सेवी तथा क्रान्तिकारी ज्योतिबा फुले का जन्म हुआ।

**2011 :** भारतीय मूल की अमेरिकी लेखिका झुंपा लाहिरी को उनकी पहली रचना 'इंटरप्रेटर ऑफ मैलेडीज़' के लिए पुलित्जर पुरस्कार दिया गया था।

## न्यूज बाइट्स

### मोदी की हत्या की साजिश, बिहार से तीन गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जुड़ी संवेदनशील जानकारी लीक करने और इसके बदले विदेशों से पैसे मांगने के मामले में बक्सर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। डुमरांव अनुमंडल के सिमरी थाना क्षेत्र स्थित आशा पड़री गांव में बुधवार देर रात छापेमारी कर एक युवक समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने विदेश में बैठे संदिग्ध लोगों से संपर्क कर न केवल गोपनीय जानकारी साझा करने की बात की, बल्कि 22 दिनों के अंदर प्रधानमंत्री पर हमले और सुरक्षा में सेंध लगाने की साजिश भी रची थी। मामले की सूचना मिलते ही बक्सर एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आशा पड़री गांव में छापेमारी की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### बिहार में डिजिटल रजिस्ट्री को हरी झंडी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार के 'डिजिटल क्रांति' के विजन को जमीन पर उतारते हुए रजिस्ट्री ऑफिस ने अपनी कमर कस ली है। राज्य के सभी 141 रजिस्ट्री ऑफिसों में अब पेपरलेस रजिस्ट्री की तैयारियां 100% पूरी हो चुकी हैं। बगहा से लेकर पटना तक, हर जिले के रजिस्ट्री ऑफिस को आधुनिक तकनीकी संसाधनों से लैस कर दिया गया है इस नई व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा आम आदमी को होगा, जिसे अब भारी-भरकम कागजी दस्तावेजों और रजिस्ट्रार ऑफिस की लंबी कतारों से मुक्ति मिलने वाली है। जमीन-जायदाद की खरीद-बिक्री अब न केवल आसान होगी, बल्कि पूरी तरह सुरक्षित और डिजिटल भी हो जाएगी।

---

बिहार पंचायत चुनाव 2026 की तैयारी तेज, सभी निर्वाचन अधिकारियों को मिल गए निर्देश

# 27 अप्रैल को प्रारूप का प्रकाशन पहली बार ईवीएम से मतदान

- 8035 पंचायतों में होंगे चुनाव
- नवंबर-दिसंबर में संभावित मतदान

**निज संवाददाता | पटना**





बिहार पंचायत आम चुनाव 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों (डीएम) को महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए 27 अप्रैल को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची के प्रकाशन का आदेश दिया है। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया का पहला चरण औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा। आयोग के सचिव मुकेश कुमार सिन्हा के अनुसार, प्रारूप प्रकाशन के साथ ही सभी पंचायतों में मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए सभी जिलों को फॉर्म-1 तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रारूप जारी होने के बाद आम नागरिकों से दावा और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी, जिनका निर्धारित समय सीमा में निपटारा किया जाएगा। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी, जो चुनाव की आधारशिला होगी।

राज्य में इस बार कुल 8035 पंचायतों में चुनाव कराए जाएंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पंचायतों के वार्डों की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं किया गया है और 2011 की जनगणना के आधार पर ही मतदाता सूची तैयार की जाएगी। सभी जिलों के डीएम को पहले ही पंचायत निर्वाचन पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है, जिससे तैयारियों में तेजी आई है। सूत्रों के अनुसार, पंचायत चुनाव नवंबर और दिसंबर 2026 में कराए जाने की संभावना है। वर्तमान जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही नए प्रतिनिधियों का चुनाव सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि प्रशासनिक कार्यों में कोई बाधा न आए। इस बार पंचायत चुनाव कई मायनों में खास होंगे, क्योंकि पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का उपयोग किया जाएगा। मतदाता वार्ड सदस्य, पंच, सरपंच, मुखिया समेत कुल छह पदों के लिए एक साथ वोट डाल सकेंगे। इसके लिए मल्टी-पोस्ट ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा।

हालांकि, चुनाव पुराने परिसीमन (डिलिमिटेशन) के आधार पर ही होंगे, लेकिन आरक्षण रोस्टर में बदलाव किया जाएगा, जो नियम के अनुसार हर 10 वर्ष में किया जाता है। राज्य निर्वाचन आयोग और पंचायती राज विभाग ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। अब प्रारूप प्रकाशन के निर्देश के साथ ही यह प्रक्रिया और तेज हो गई है। आने वाले महीनों में मतदाता सूची, आरक्षण और चुनाव कार्यक्रम को लेकर और स्पष्टता सामने आएगी। बिहार पंचायत चुनाव 2026 को लेकर यह अपडेट न केवल प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण है, बल्कि ग्रामीण लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## खाद की कीमतें रहेंगी स्थिर, 'फॉर्मर आईडी' से कालाबाजारी पर सख्ती



**नई दिल्ली(ए.)।** केंद्र सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए साफ किया है कि वैश्विक बाजार में कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद देश में खाद के दाम नहीं बढ़ाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि सरकार किसानों को महंगाई के असर से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने बताया कि यूरिया का एक बैग 266 रुपये और डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) 1,350 रुपये में ही उपलब्ध रहेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद किसानों पर इसका बोझ नहीं डाला जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेती की लागत कम रखना सरकार की प्राथमिकता है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए सरकार खुद अतिरिक्त वित्तीय बोझ उठा रही है। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उर्वरक सब्सिडी जारी रखने हेतु 41,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दी है। इससे किसानों को सस्ती दर पर खाद मिलती रहेगी। खाद की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए 'फॉर्मर आईडी' प्रणाली लागू की जा रही है। यह आईडी किसान की जमीन, फसल और परिवार से जुड़ी जानकारी को समाहित करेगी, जिससे उसकी वास्तविक जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जा सकेगी।

---

# नीतीश कुमार बने राज्यसभा सांसद

- बिहार में बड़े राजनीतिक बदलाव की अटकलें तेज हुईं।

**एजेंसी | नई दिल्ली**



बिहार की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण कर ली है। शपथ लेने के साथ ही वे अब संसद के ऊपरी सदन में अपनी नई भूमिका निभाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा और जदयू के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### क्या छोड़ेंगे मुख्यमंत्री पद?

राज्यसभा सदस्य बनने के बाद अब यह चर्चा तेज हो गई है कि नीतीश कुमार जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। ऐसे में बिहार के अगले मुख्यमंत्री को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। एनडीए के भीतर संभावित चेहरों पर मंथन शुरू हो चुका है। शपथ ग्रहण से पहले गुरुवार को दिल्ली पहुंचे नीतीश कुमार ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट संकेत दिए थे कि अब वे दिल्ली में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, "पिछले 20 साल से बिहार में काम कर रहे हैं, अब दिल्ली में रहकर काम करेंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि वे तीन-चार दिनों के भीतर बिहार जाकर मौजूदा व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करेंगे और आगे की जिम्मेदारी नए नेतृत्व को सौंपेंगे। शपथ ग्रहण से पहले जदयू और भाजपा के कई नेताओं ने नीतीश कुमार से मुलाकात की। इनमें संजय झा, रामनाथ ठाकुर और सम्राट चौधरी समेत अन्य प्रमुख नेता शामिल रहे। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि एनडीए बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में किसे आगे करती है। नीतीश कुमार के दिल्ली शिफ्ट होने की स्थिति में राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव तय माना जा रहा है।

### चारों सदनों के सदस्य बनने का रिकॉर्ड

नीतीश कुमार ने एक अनोखा राजनीतिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वे अब लोकसभा, बिहार विधानसभा, बिहार विधान परिषद और राज्यसभा—चारों सदनों के सदस्य रह चुके हैं। यह उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और सक्रियता का प्रमाण है। गौरतलब है कि यह पहली बार है जब वे राज्यसभा पहुंचे हैं।

### खरमास के बाद बिहार में नई सरकार

बताया जा रहा कि नीतीश कुमार शुक्रवार शाम को ही पटना लौटेंगे। 13 अप्रैल को कैबिनेट की अंतिम बैठक करेंगे। अगले दिन यानी 14 अप्रैल को सीएम नीतीश अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसी दिन एनडीए विधायक दल की बैठक भी होगी, जिसमें नए सीएम पर मुहर लगेगी।

### बैठक रद्द, कई सवाल खड़े

शाम 6 बजे भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े के आवास पर कोर कमेटी की बैठक प्रस्तावित थी। इसमें आगामी चुनावी रणनीति और संभावित कैबिनेट विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी थी। हालांकि, अंतिम समय में बैठक को स्थगित कर दिया गया, जिससे राजनीतिक संकेतों को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी अपना दिल्ली दौरा बीच में ही खत्म कर पटना लौटने का फैसला किया। दोनों शीर्ष नेताओं की यह अचानक वापसी कई तरह के राजनीतिक संकेत दे रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दिल्ली से पटना तक की यह तेजी किसी बड़े फैसले की ओर इशारा कर सकती है। सत्ता समीकरण में बदलाव, गठबंधन के भीतर नई रणनीति या संगठनात्मक फेरबदल जैसे पहलुओं पर मंथन होने की संभावना जताई जा रही है।

---

सीजफायर वार्ता पर अनिश्चितता

## लेबनान के हमलों से नाराज ईरान इस्लामाबाद बैठक पर संशय गहराया



**एजेंसी | नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से अहम मानी जा रही अमेरिका–ईरान सीजफायर वार्ता पर संशय के बादल छा गए हैं। प्रस्तावित बैठक से पहले ईरान का प्रतिनिधिमंडल अभी तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है, जिससे वार्ता के तय समय पर होने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार को इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर महत्वपूर्ण बातचीत प्रस्तावित है। यह बैठक 8 अप्रैल को दोनों देशों के बीच बनी दो हफ्ते की युद्धविराम सहमति के बाद अगला कूटनीतिक कदम मानी जा रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लेबनान में जारी इजराइल के हमलों को लेकर ईरान नाराज है। इसी कारण उसने वार्ता को लेकर सख्त रुख अपना लिया है और फिलहाल बैठक में शामिल होने को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या निर्धारित समय पर यह बैठक हो पाएगी या मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के चलते इसमें बदलाव किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस वार्ता को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसका असर क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा पर सीधे तौर पर पड़ सकता है।

### पहले आई खबरों को किया खारिज

इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन खबरों को खारिज कर दिया। इससे स्थिति और अधिक अनिश्चित हो गई है।

---

## वृंदावन में दर्दनाक हादसा : यमुना में स्टीमर पलटा, 10 पर्यटकों की मौत

- घटना के दौरान मौजूद पर्यटकों ने बताया कि अचानक तेज हवा चलने लगी थी, जिससे स्टीमर डगमगाने लगा। कुछ ही पलों में वह संतुलन खोकर पलट गया।

**एजेंसी | मथुरा (यू.पी.)**



उत्तर प्रदेश के वृंदावन में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब यमुना नदी में पर्यटकों से भरा स्टीमर अचानक पलट गया। इस दुर्घटना में 10 लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हैं और कुछ लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। स्टीमर में सवार सभी पर्यटक पंजाब से घूमने आए थे। जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के अनुसार यह हादसा दोपहर करीब 3 बजे केसी घाट के पास हुआ, जो श्री बांके बिहारी मंदिर से लगभग ढाई किलोमीटर दूर है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। डीआईजी शैलेश पांडेय ने बताया कि पर्यटक दो स्टीमर में सवार थे, जिनमें से एक पलट गया। उस स्टीमर पर करीब 25–27 लोग सवार थे, जबकि उसकी क्षमता मात्र 15 लोगों की थी। शुरुआती जांच में ओवरलोडिंग को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यमुना के बीच में तेज हवा के कारण स्टीमर अनियंत्रित हो गया और उसकी गति बढ़ गई। इसी दौरान वह पीपा पुल (पांटून ब्रिज) से टकरा गया, जिससे संतुलन बिगड़ा और स्टीमर पलट गया। स्थानीय पार्षद घनश्याम चौधरी ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि न तो स्टीमर चालक और न ही यात्रियों ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिससे आक्रोश और बढ़ गया है। हादसे के बाद सेना को भी मदद के लिए बुलाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम गाजियाबाद से मौके पर पहुंच चुकी है और लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। अब तक 12 घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है, जबकि 3 से 5 लोगों के अब भी लापता होने की आशंका है।

इस हादसे ने एक बार फिर पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओवरलोडिंग, लाइफ जैकेट की अनदेखी और निगरानी की कमी जैसे मुद्दे इस दुर्घटना के प्रमुख कारण बनकर सामने आए हैं। फिलहाल प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया गया है और लापता लोगों की तलाश जारी है।

### पीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मथुरा में नाव पलटने की घटना बेहद दुखद है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और बताया कि स्थानीय प्रशासन राहत कार्य में जुटा है।

---

## राज्य में प्लास्टिक कैरी बैग पूरी तरह प्रतिबंधित वैकल्पिक उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रभावी प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में पटना स्थित अरण्य भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक का आयोजन बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। बैठक में बिहार विधान सभा एवं विधान परिषद के कई माननीय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें नचिकेता, छोटी कुमारी, डॉ. समीर कुमार सिंह और सर्वेश कुमार शामिल थे। सभी ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर अपने सुझाव और चिंताएं साझा कीं।

बैठक की शुरुआत में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डी.के. शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, मानव स्वास्थ्य और जीव-जंतुओं की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक एवं प्रभावी प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के प्रावधानों की जानकारी दी और सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर लगाए गए प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक कैरी बैग का निर्माण, क्रय-विक्रय और उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। कार्यक्रम के दौरान सदस्य-सचिव नीरज नारायण ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से सिंगल यूज़ प्लास्टिक से संबंधित नियमों और राज्य में किए गए प्रयासों की जानकारी दी। अपने संबोधन में मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग पर पूरी तरह रोक सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आम लोगों के बीच इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने और उसमें जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

---

देश में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड को देखते हुए आरबीआई ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन को लेकर रखा एक अहम प्रस्ताव

## दस हजार से ज्यादा के ऑनलाइन पेमेंट पर एक घंटे का होल्ड संभव

**एजेंसी | मुंबई**

देश में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन को लेकर एक अहम प्रस्ताव रखा है। इसके तहत 10,000 से अधिक के डिजिटल पेमेंट पर 1 घंटे का होल्ड लगाया जा सकता है। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि अगर किसी यूजर से जल्दबाजी या दबाव में गलत ट्रांजैक्शन हो जाए, तो उसे रद्द करने का पर्याप्त समय मिल सके। आरबीआई का मानना है कि साइबर अपराधी अक्सर लोगों पर मानसिक दबाव बनाकर तुरंत पैसे ट्रांसफर करवाते हैं। ऐसे मामलों में ट्रांजैक्शन के तुरंत हो जाने से यूजर के पास गलती सुधारने का मौका नहीं होता। प्रस्तावित एक घंटे की देरी इस समस्या को काफी हद तक कम कर सकती है और फ्रॉड के मामलों में कमी ला सकती है। इस प्रस्ताव में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा का भी प्रावधान किया गया है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए 50,000 से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर 'ट्रस्टेड पर्सन' की मंजूरी अनिवार्य की जा सकती है, जिससे उनके खातों को अतिरिक्त सुरक्षा मिल सके। वहीं, नियमित लेन-देन को प्रभावित न करने के लिए यूजर्स को अपने भरोसेमंद लोगों या मर्चेंट्स को 'व्हाइटलिस्ट' में शामिल करने की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि ऐसे ट्रांजैक्शन बिना किसी देरी के पूरे हो सकें।

इसके अलावा आरबीआई ने 'किल स्विच' जैसे महत्वपूर्ण फीचर का भी सुझाव दिया है। इस सुविधा के जरिए अगर किसी व्यक्ति को अपने अकाउंट के हैक होने या गलत ट्रांजैक्शन की आशंका होती है, तो वह तुरंत अपनी सभी डिजिटल पेमेंट सेवाओं को बंद कर सकेगा। इससे संभावित नुकसान को समय रहते रोका जा सकेगा। फिलहाल भारतीय रिजर्व बैंक इस प्रस्ताव को लेकर बैंकों और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ तकनीकी पहलुओं पर विचार-विमर्श कर रहा है। डिजिटल पेमेंट की गति और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना इस प्रक्रिया की सबसे बड़ी चुनौती मानी जा रही है। उम्मीद है कि आने वाले महीनों में इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे और इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

### देश में डिजिटल फ्रॉड के कारण 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान





दरअसल, पिछले वर्ष देश में डिजिटल फ्रॉड के कारण 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आंकड़ों के अनुसार 10,000 से अधिक के ट्रांजैक्शन कुल मामलों का लगभग 45 प्रतिशत हैं, लेकिन कुल फ्रॉड वैल्यू में इनकी हिस्सेदारी 98.5 प्रतिशत तक है। इसी वजह से आरबीआई ने इस सीमा को तय करते हुए बड़े ट्रांजैक्शन पर नियंत्रण की दिशा में कदम बढ़ाया है।

---

### नीतीश जी से अब पूरे देश को लाभ होगा : विस अध्यक्ष

**पटना (नि.सं.)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नीतीश कुमार की राज्यसभा में एंट्री पर कहा कि उनके अनुभव से बिहार और देश को लाभ होगा। उन्होंने 2005 से बिहार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और चारों सदनों के सदस्य बनकर कीर्तिमान स्थापित किया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्यसभा में नीतीश कुमार के अनुभव और दूरदर्शिता से न केवल बिहार बल्कि समूचे देश को लाभ होगा। वे पहली बार संसद के उच्च सदन राज्यसभा पहुंचे हैं। इसके पूर्व वे लोकसभा, विधान परिषद और विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। वर्ष 2005 से बिहार की बागडोर संभालते हुए उन्होंने राज्य के विकास में जो अतुलनीय योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। बिहार को उस दौर से बाहर निकाला जब राज्य अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य की नियति और नीति दोनों को बदल दिया। नीतीश कुमार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने चारों सदन का सदस्य बनकर कीर्तिमान स्थापित किया है।

---

## अपराध और तस्करी रोकने की कार्रवाई करे पुलिस : राज्यपाल

**निज संवाददाता | पटना**



राज्यपाल सय्यद अता हसनैन ने पुलिस अधिकारियों को अपराध और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने गृह (पुलिस) विभाग की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली और कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा की।

### अपराध नियंत्रण और नागरिक सेवाओं पर जोर

बैठक के दौरान राज्य में अपराध की प्रवृत्तियों, विधि-व्यवस्था की स्थिति, पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही नागरिक सेवाओं और अपराध नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की गई। राज्यपाल ने विशेष रूप से मादक पदार्थों की तस्करी, नकली भारतीय मुद्रा के प्रसार और मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर सख्ती बरतने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में वामपंथी उग्रवाद की वर्तमान स्थिति, एकीकृत आपराधिक निगरानी प्रणाली, शराबबंदी के प्रभावी प्रवर्तन, यातायात प्रबंधन और पुलिस आधुनिकीकरण से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। राज्यपाल ने तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग के जरिए अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने की बात कही। भारत-नेपाल सीमा से सटे जिलों की स्थिति पर भी विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि भारत और नेपाल के बीच 1,751 किलोमीटर लंबी खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जिसमें लगभग 730 किलोमीटर हिस्सा बिहार में आता है। इस सीमा पर सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करने के लिए सड़क निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जिसमें 554.085 किलोमीटर के लक्ष्य के विरुद्ध 529.09 किलोमीटर कार्य पूरा हो चुका है। बैठक में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि अपराध और तस्करी पर नियंत्रण के लिए पुलिस को सक्रिय, सतर्क और जवाबदेह रहना होगा, ताकि आम जनता में सुरक्षा और विश्वास का माहौल कायम रह सके।

## संक्षिप्त समाचार

### आगामी 09 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में दिनांक 09 मई 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 10.04.2026 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों की न्यायालयवार समीक्षा की गई। न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने न्यायालयों में लंबित वादों की जानकारी दी गई तथा निष्पादन हेतु चिन्हित मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्देश दिया गया कि मापतौल, श्रम एवं वन वादों सहित अन्य सुलहनीय मामलों में चिन्हित वादों के पक्षकारों को सुलहनामा हेतु नोटिस निर्गत किया जाए। साथ ही, पूर्व बैठक (प्री-सीटिंग) के माध्यम से सुलहनीय अपराधिक वादों में काउंसिलिंग कर सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। यह भी निर्देशित किया गया कि जिन वादों में पूर्व से सुलहनामा आवेदन अभिलेख पर उपलब्ध है या दाखिल किया जा चुका है, उन मामलों में पक्षकारों को प्रभावी सूचना निर्गत करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान किया जा सके।

बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा सहित अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारीगण एवं न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी न्यायिक पदाधिकारियों को अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि दिनांक 09 मई 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक मामले, मापतौल, श्रम वाद, वन वाद, मोटर दुर्घटना दावा वाद, वैवाहिक वाद (तलाक को छोड़कर), बैंक ऋण, टेलीफोन वाद, बिजली विपत्र (चोरी से संबंधित मामलों को छोड़कर) तथा अन्य सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

### राजगीर में ट्रक के झटके से पेड़ की टहनी गिरी, फुटपाथ पर सो रहे मासूम की दबकर मौत



**नालंदा**। पर्यटन नगरी राजगीर में ट्रक के झटके से पेड़ की टहनी गिर गई। टहनी के नीचे दबने से फुटपाथ पर सो रहे सात साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनू मांझी के पुत्र अमरजीत कुमार के तौर पर हुई है। इस घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के नाना दशरथ मांझी ने बताया कि उनका पूरा परिवार फुटपाथ पर ही झोपड़ी बनाकर रहता है। शुक्रवार की सुबह करीब 4:00 बजे अमरजीत झोपड़ी के बाहर ही गहरी नींद में सोया हुआ था, तभी सड़क से एक तेज रफ्तार ट्रक गुजरा। ट्रक के झटके या उससे टकराने के कारण पेड़ की एक बड़ी टहनी अचानक टूटकर सीधे मासूम के ऊपर जा गिरी। जब तक परिवार के लोग नींद से जागकर बाहर निकले और कुछ समझ पाते, तब तक मासूम टहनी के नीचे पूरी तरह दब चुका था। उसकी सांसें थम चुकी थी। अमरजीत का परिवार बेहद गरीबी में अपना जीवन यापन कर रहा है। दिन में परिवार के सदस्य ब्रह्म कुंड परिसर में भिक्षाटन कर अपना और अपने बच्चों का पेट पालते हैं। हादसे ने गरीब परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सड़क की ओर झुके हुए पेड़ों की टहनियों की समय रहते छंटाई नहीं की गई, जिसके कारण आज एक मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी। अगर संबंधित विभाग की ओर से समय पर सावधानी बरती जाती, तो इस अनहोनी को टाला जा सकता था। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। अज्ञात वाहन के झटके से पेड़ की टहनी गिरी है। पुलिस फिलहाल उस अज्ञात वाहन की पहचान करने में जुटी है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कदवा में पैक्स चुनावःनामांकन समाप्त, 20 अप्रैल को मतदान, 62 उम्मीदवार मैदान में

**कटिहार**। कदवा प्रखंड के चौनी, धनगामा और धपरसिया पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। अंतिम दिन प्रखंड कार्यालय में प्रत्याशियों और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी,जिससे पूरे क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी समीर कुमार की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से पूरी कराई गई। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।जबकि प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य पद के लिए 50 प्रत्याशी मैदान में हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। चौनी पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष मो. सनौवर और मो. कुर्बान अली सहित कुल 6 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिनमें एक महिला भी शामिल है।सदस्य पद के लिए यहां 29 अभ्यर्थियों ने पर्चा भरा है।धनगामा पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए मो. नासिर समेत 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि सदस्य पद के लिए 11 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। नामांकन के दौरान भावी मुखिया प्रत्याशी मो.वसीम अख्तर अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिससे माहौल पूरी तरह राजनीतिक रंग में नजर आया।वहीं धपरसिया पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार आमने-सामने हैं और सदस्य पद के लिए 10 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि नामांकन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार और शनिवार को की जाएगी। इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि चुनाव निष्पक्ष,भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई।

### कटिहार जिला कांग्रेस कमिटी (अर्बन) ने शहीद चौक पर पुतला दहन कार्यक्रम किया आयोजित

**कटिहार**। कटिहार जिला कांग्रेस कमिटी (अर्बन) के आह्वान पर शहीद चौक पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम को कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी (अर्बन) के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वाशरमा के द्वारा कहे गए असंसदीय भाषा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी (अर्बन) के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी के विरुद्ध इस्तेमाल की गई अभद्र एवं घटिया भाषा पूरी तरह निंदनीय, शर्मनाक , अशोभनीय तथा अस्वीकार्य है। श्री सिंह ने कहा कि श्री खड़गे साहब देश के एक वरिष्ठ और लोकप्रिय दलित नेता हैं। उनका अनुभव,कद और प्रतिष्ठा अतुलनीय है। यह कृत्य किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि इस देश के SC-ST समाज के करोड़ों लोगों का अपमान है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस (अर्बन ) द्वारा आज संध्या 4 बजे कटिहार नगर के शहीद चौक पर विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के सुश्री पूनम पासवान पूर्व विधायक, तौकीर आलम राष्ट्रीय सचिव,प्रेम राय पूर्व जिलाध्यक्ष, संजय सिंह, दिलीप विश्वास, कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला, नगर अध्यक्ष रिंकू मिश्रा व पुतुल सिंह, बिमल सिंह बेगानी, शाहनवाज खान,ऐनुल अंसारी, नगीना यादव,आले रसूल, अमर तिवारी, विश्वनाथ साह, योगेंद्र यादव,मिथिलेश सिंह,कमरूल हक़, सुरेश कुमार,नौशाद आलम,गंगानंद सिंह आदि नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।

# नगर निकायों के सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना तथा बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2026 के आलोक में नगर निकायों के सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन को लेकर आज जिला पदाधिकारी-सह-निर्वाची पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि अधिसूचना के अनुसार सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर किया जाएगा। नवादा जिला अंतर्गत कुल 03 नगर परिषद् (नगर परिषद्, नवादा; नगर परिषद्, वारिसलीगंज एवं नगर परिषद्, हिसुआ) तथा 01 नगर पंचायत (रजौली) में सशक्त स्थायी समिति का गठन किया जाना है।निर्वाचन की तिथि निर्धारित करते हुए बताया गया कि नगर परिषद्, नवादा में पाँच पार्षद सदस्यों का निर्वाचन 15.04.2026 को, नगर परिषद्, हिसुआ में तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन 16.04.2026 को, नगर परिषद्, वारिसलीगंज में तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन 17.04.2026 को तथा नगर पंचायत, रजौली में तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन 18.04.2026 को संपन्न कराया जाएगा।



जिला निर्वाची पदाधिकारी ने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को विभागीय दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि सशक्त स्थायी समिति के प्रत्येक सदस्य की रिक्ति के विरुद्ध एक ही समय में पृथक-पृथक निर्वाचन कराया जाएगा, जिसके लिए प्रत्येक रिक्ति हेतु मतपेटिकाओं को क्रमांक (1, 2, 3 आदि) से चिह्नित किया जाएगा। प्रत्येक निर्वाचित वार्ड पार्षद केवल एक ही रिक्ति के विरुद्ध नामांकन कर सकेंगे। एक से अधिक रिक्तियों के लिए नामांकन करने की स्थिति में न्यूनतम क्रमांक वाली मतपेटिका के लिए किया गया नामांकन ही वैध माना जाएगा।

प्रत्येक वार्ड पार्षद सभी रिक्तियों के विरुद्ध एक-एक मत दे सकेंगे। नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात प्रत्येक रिक्ति के लिए हिंदी (देवनागरी लिपि) में वर्णानुक्रम के आधार पर मतपत्र तैयार किए जाएंगे। इसके उपरांत संबंधित रिक्तियों के लिए क्रमांकित मतपेटियों में गुप्त मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद निर्वाचित वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में रिक्तिवार मतगणना की जाएगी तथा जिस अभ्यर्थी को संबंधित रिक्ति के विरुद्ध सर्वाधिक मत प्राप्त होंगे, उन्हें निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण-पत्र प्रदान कया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने के उपरांत बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-24 के अंतर्गत निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

यह भी निर्देशित किया गया कि नामांकन से लेकर शपथ ग्रहण तक की संपूर्ण प्रक्रिया प्रातः 08:00 बजे से प्रारंभ होकर बिना किसी विराम के संपन्न की जाएगी। जिला निर्वाची पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चरण—नामांकन, मतपत्र निर्माण, मतदान एवं मतगणना— में निर्धारित नियमों एवं विभागीय दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।उन्होंने विधि-व्यवस्था संधारण पर बल देते हुए निर्देश दिया कि निर्वाचन स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया।

जिला निर्वाची पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित करें, ताकि प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें एवं पूरी प्रक्रिया को सुचारू, व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं सभी कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 50 हजार का इनामी अपराधी सहित एक साईबर अपराधी गिरफ्तार दो विधि निरुद्ध बालक किया गया निरुद्ध



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज**। थाना क्षेत्र चैनपुरा विजय नगर मुसहरी से दक्षिण स्थित कृष्णा सिँह के परती जमीन व पैन के पास छापेमारी के दौरान साइबर ठगी करने वाले गिरोह के एक अपराधी एवं दो विधि विरूद्ध को निरुद्ध किया गया। गिरफ्तार किये गए अपराधी के पास से 3 एंड्रॉयड मोबाइल और कस्टमर डाटा बरामद हुआ। पकरीवरावां पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर बताया की

गिरफ्तार अपराधी रिलायंस फाइनेंस समेत अन्य कंपनियों के नाम पर लोन दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे, वहीं फेसबुक पर फेक विज्ञापन डालकर भी लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

उन्हें गिरफ्तार किया गया। वहीं विभिन्न मामलो में लंबे समय से फरार चल रहे 50,000 रुपये के इनामी अपराधी नवीन सिंह को भी एसटीएफ और वारिसलीगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने वारिसलीगंज थाना मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर रंगदारी, हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न थानों में 23से अधिक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। तथा गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं और उसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

पुलिस ने वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 247/26 के तहत आईटी एक्ट और विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# रजौली में शिक्षा के लिए शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर और डिजिटल उपस्थिति से बदलेगी स्कूलों की सूरत

## ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और शैक्षणिक अनुशासन पर बनी निर्णायक सहमति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार एक विशेष और अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह राकेश कुमार ने की। प्रखंड संसाधन केंद्र में आयोजित इस उच्च स्तरीय संगोष्ठी में सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया, जहां मुख्य रूप से बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु 'अपार आईडी' के निर्माण और 'ई-शिक्षाकोष' पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों की समयबद्ध उपस्थिति पर गहन चर्चा की गई। बैठक का सबसे संवेदनशील और प्रमुख पहलू नामांकन प्रक्रिया को लेकर रहा, जिसमें स्पष्ट किया गया कि प्रखंड के पोषक क्षेत्र में अब कोई भी बच्चा



बैठक में शामिल बीएओ व प्रधानाध्यापक गण

शिक्षा की मुख्यधारा से बाहर नहीं रहेगा और इसके लिए प्रधानाध्यापकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे पांचवीं और आठवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का अगली कक्षाओं में सुगम नामांकन सुनिश्चित करें। नामांकन की बाधाओं को दूर करने के लिए यह प्रगतिशील निर्णय लिया गया कि कक्षा एक में प्रवेश हेतु यदि आधार कार्ड तत्काल उपलब्ध न हो, तो अभिभावक के शपथ पत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा ताकि किसी भी तकनीकी कारण से बच्चे का शैक्षणिक वर्ष खराब न हो। इसके साथ ही, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'बाल पंजी' के सटीक संधारण पर जोर दिया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे का विवरण दर्ज होगा, जिससे ड्रॉपआउट की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। शिक्षकों की कार्यशैली और समयपालन को लेकर भी प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि विशेषकर जंगली और सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यालयों में देरी से उपस्थिति दर्ज करने की शिकायतों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की निरंतर मिल रही शिकायतों ने शिक्षा विभाग की छवि को प्रभावित किया है। इस बैठक का एक अन्य अनूठा और सराहनीय पहलू सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा रहा, जिसके तहत कला एवं संस्कृति विभाग की पहल पर प्रधानाध्यापकों को अपने क्षेत्रों में मौजूद 75 वर्ष से अधिक पुरानी पांडुलिपियों, ताम्रपत्रों, भोजपत्रों और ऐतिहासिक अवशेषों को चिन्हित कर उनकी जानकारी साझा करने का दायित्व सौंपा गया है। प्रखंड के लेखपाल और पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो प्रशांत सोनटक्के समेत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि रजौली में अब शिक्षा केवल कागजों तक सीमित न रहकर एक अनुशासित, डिजिटल और समावेशी स्वरूप धारण करने की ओर अग्रसर है।

# बिटिया जनमले त नगर में बधइयां हो रामा चैत महीनवा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। नगर परिषद बिक्रमगंज के धारूपुर में बुधवार को उत्सवी माहौल देखने को मिला। यह उत्सव खास इसलिए था कि धारूपुर निवासी संजय सिंह ने बेटी को पुत्री जनमने के उपलक्ष में किया था। भोज सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम दो गोला चैत गायन का आयोजन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे श्रीकांत व्यास एवं गुड्डू हलचल के बीच जमकर मुकाबला हुआ। इस दौरान व्यासों द्वारा गाए गए गीत "बिटिया जनमले त नगर में बधाइयां हो रामा चैत महीनवा" पर श्रोता हर्षित हो उठे। कार्यक्रम का उद्घाटन काराकाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरुण कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन भोजपुरी के



मशहूर एंकर आकाश बाबा द्वारा गर्म जोशी के साथ किया गया। धारूपुर स्थित गोवर्धन पूजा स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस आयोजन के लिए सभी ने हृदय से आयोजन को धन्यवाद देते हुए गले लगाया।दोनों व्यासों के बीच पूरी रात जबरदस्त टक्कर रही। निर्णायक के भूमिका में रहे भोजपुरी के मशहूर गायक धारूपुर निवासी हरिद्वार सिंह ने विजेता एवं उपविजेता का निर्णय लिया।

दोनों प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित कियागया। सिधौली के नरेंद्र सिंह, संजय सिंह, दुर्गा डीह निवासी सर्वेश मिश्रा एवं विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को शील्ड से पुरस्कृत किया।मौके पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रब नवाज राजू, सभापति के पूर्व प्रत्याशी घनश्याम कुमार, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुप्तेश्वर गुप्ता, नरेंद्र सिंह, अयोध्या प्रसाद सिंह, कृष्ण सिंह, अमरीश सिंह अवधेश सिंह, विनय कुमार सिंह,सर्वेश मिश्रा,मदन गोपाल सिंह,नागेंद्र कुमार पांडे,राजू सिंह, धनजी सिंह एवं गुड्डू सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर चैता दुगोला का खूब आनंद उठाएं।

# समारोह पुर्वक दी गयी विदाई




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। नारदीगंज स्थित उजला भवन में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने की। इस दौरान प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में कार्यरत लोहिया स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक पूजा सिंह को स्थान्तरित उपरांत सम्मान पूर्वक विदाई दी गई।

प्रखंड कर्मी व अन्य लोगों ने स्थान्तरित प्रखंड समन्वयक पूजा सिंह को पुष्पमाला, अंग वस्त्र समेत अन्य सामग्री को देकर सम्मानित करते हुए से विदाई दी। मौके पर प्रखंड प्रधान लिपिक दीपक कुमार, प्रखंड नाजिर संटू कुमार,मास्टर टेनर अवधेश कुमार स्वच्छता पंचायत पर्यवेक्षक अंकित कुमार,सतीश कुमार ,धनन्जय कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### इंटरमीडिएट एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिए सराहा गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में गुलशन आरा (94.20%), दिलकश आरा (93.60%), आरती कुमारी (93.60%), श्रेया कुमारी (94.80%), मो० सनाउल्लाह (93.80%) एवं शैली वर्मा (93.80%) शामिल हैं।

इसी प्रकार वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सलोनी कुमारी, मनीष कुमार एवं ललन सिंह यादव ने 96.80% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिला पदाधिकारी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन एवं अनुशासन ही सफलता का आधार है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# एसडीओ ने वारिसलीगंज में स्थायी बस स्टैंड को लेकर भूमि को चिन्हित कर रिपोर्ट भेजने का दिया आदेश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। जिले के वारिसलीगंज नगर परिषद मुख्यालय अंतर्गत थाना चौक से सटे पश्चिम पीडब्ल्यूडी, बिहार सरकार के नया खाता संख्या 569 की 2 एकड़ 49 डिसमिल जमीन पर स्थाई बस स्टैंड बनाने के लिए नगर परिषद के दो पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर स्थल निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन के साथ ही अपना मंतव्य समर्पित करने का नवादा सदर SDO अमित अनुराग ने आदेश दिया है.

नवादा सदर अनुमंडल पदाधिकारी के पत्रांक 28, अनु गो. दिनांक 22 . 3. 2026 को 2 अप्रैल 026 को ईमेल से वारिसलीगंज नगर परिषद को इस दिशा में कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नवादा जिला JDU महासचिव, बाबा बैजनाथ सिंह सेवा संस्थान, वारिसलीगंज के सचिव सह वारिसलीगंज प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति सदस्य नप के माफी ग्राम निवासी नवीन कुमार ने नवादा DM, सदर SDO, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी, वारिसलीगंज नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को 26. 12. 2025 को आवेदन देकर वारिसलीगंज में स्थाई बस स्टैंड बनाए जाने की मांग की.

आवेदन में कहा गया कि राजस्व मौजा माफी, थाना वारिसलीगंज, जिला नवादा में नया खाता संख्या 569 का सभी नया प्लॉट नंबर 4824 की एराजी 1 एकड़ 65 डिसमिल, नया प्लॉट 4827 ऐराजी 57 डी., नया प्लॉट

◆ ईमेल से वारिसलीगंज नगर परिषद को इस दिशा में कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है

4828 एराजी 8 डी., नया प्लॉट 4829 का 4 डी., नया प्लॉट 4830 की 12 डी. एवं नया प्लॉट 4831 की 3 डी., इन सभी जमीनों की एराजी 2 एकड़ 49 डी. जमीन वारिसलीगंज थाना के निकट मेन रोड से सटे पश्चिम में स्थित है. यह पुराना सर्वे खतियान में एक प्लॉट नंबर 3762 से नया सर्वे में उक्त वर्णित नया सभी प्लॉट बना हुआ है जो एक दूसरे से सटा हुआ है.

आवेदन में कहा गया है कि वारिसलीगंज में वर्तमान समय में कोई बस स्टैंड नहीं है. फलस्वरूप, सभी बस, टैक्सी, ई - रिक्शा, आम सड़क पर जहां - तहां खड़ा रहता है. इसके चलते आम लोगों के आवागमन में काफी परेशानी होती है. सड़क हमेशा जाम रहता है. उक्त वर्णित नया खाता संख्या 569 की सभी जमीन लोक निर्माण विभाग, बिहार सरकार की है. बस पड़ाव की आम जनता की यह मांग वर्षों पुरानी है.

जदयू जिला महासचिव सह प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति सदस्य नवीन कुमार ने प्रशासन से जनहित में वारिसलीगंज की उक्त पीडब्ल्यूडी बिहार सरकार की 2 एकड़ 49 डिसमिल पर बस स्टैंड बनाने की मांग की है ताकि आम जनता को सड़क जाम से राहत मिल सके और परेशानी दूर हो सके.

## संक्षिप्त समाचार

### अभय गिरी को मुख्यमंत्री बनाने की मांग, गयाजी के मां मंगलागौरी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना



**गयाजी**। गयाजी में समर्थकों ने भाजपा नेता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) से जुड़े अभय गिरी को सीएम बनाने की मांग की है। शहर के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां मंगलागौरी मंदिर में हवन और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। विशेष पूजा-अर्चना में आचार्य अरुण कुमार, आकाश गिरी, श्याम जी पासवान, राजीव रविदास, गौरव कृष्ण पाठक समेत कई समर्थक शामिल हुए। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया गया और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समर्थकों के अनुसार, अभय गिरी ने पिछले 27 वर्षों से संगठन में रहते हुए ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया है। वे अत्यंत पिछड़े वर्ग से संबंध रखते हैं और सादगीपूर्ण जीवन जीते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत जीवन में न तो विवाह किया और न ही कोई निजी संपत्ति अर्जित की। अभय गिरी जैसे व्यक्तित्व ही राज्य को नई दिशा दे सकते हैं और विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय को भी मजबूत कर सकते हैं। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी। उनके नेतृत्व में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

### गयाजी के पंजाब नेशनल बैंक शाखा में छिनतई की कोशिश, महिला से 50 हजार लेकर भागा बदमाश



**गयाजी**। गयाजी के आमस प्रखण्ड स्थित पंजाब नेशनल बैंक (PNB) शाखा में आज दिनदहाड़े छिनतई की कोशिश हुई। एक बदमाश ने बैंक के अंदर ही एक महिला के हाथ से 50 हजार रुपये से भरा थैला झपट लिया। हालांकि महिला के शोर मचाते ही घबराकर बदमाश थैला वहीं फेंक कर मौके से फरार हो गया। जब तक लोग मामले को समझते और झपटमार को पकड़ने के लिए एक्टिव हुए तब तक बदमाश आंखों से ओझल हो गया। चटक बीघा गांव निवासी उषा देवी अपने जीविका समूह की चार अन्य महिलाओं के साथ बैंक पहुंची थीं। उन्हें समूह के काम के लिए 50 हजार रुपये की निकासी करनी थी। बैंक परिसर में पहले से मौजूद एक युवक उन पर नजर बनाए हुए था और मौके की तलाश में था। उषा देवी ने काउंटर से रुपये निकाले और उन्हें अपने थैले में रखा, उसी वक्त युवक ने अचानक झपट्टा मार दिया। उसने महिला के हाथ से थैला छीन लिया और तेजी से बाहर की ओर भागने लगा। घटना इतनी अचानक हुई कि कुछ पल के लिए बैंक में मौजूद लोग समझ ही नहीं पाए कि क्या हो गया। लेकिन उषा देवी ने हिम्मत दिखाई। उन्होंने पूरी ताकत से जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। उनके साथ आई अन्य महिलाएं भी चिल्लाने लगीं। शोर सुनते ही बैंक में मौजूद ग्राहकों और कर्मियों में हड़कंप मच गया। लोगों के शोर से बदमाश घबरा गया और रुपये से भरा थैला बैंक के अंदर ही फेंक कर फरार हो गया। शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पूरी वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई है। फुटेज के आधार पर बदमाश की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होनी चाहिए।

### 75 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में 7 अरेस्ट, नालंदा में जान से मारने की दी थी धमकी



**नालन्दा**। नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र में एक फर्नीचर व्यवसायी से 75 लाख रुपये की भारी-भरकम रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो किसी पेशेवर गिरोह के सदस्य नहीं बल्कि स्थानीय स्तर पर काम करने वाले शिक्षित लोग हैं। पकड़े गए आरोपियों में एक निजी स्कूल का डांस टीचर और एक फिल्म मेकर भी शामिल है, जिन्होंने कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच और फिल्मों से प्रभावित होकर इस वारदात की साजिश रची थी। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घटना की शुरुआत 6 अप्रैल को हुई, जब कतरीसराय स्थित खान फर्नीचर के मालिक के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने व्यवसायी से सीधे 75 लाख रुपये की मांग की और रकम न देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस धमकी भरे कॉल से व्यवसायी का परिवार काफी दहशत में आ गया, जिसके बाद उन्होंने कतरीसराय थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें पुलिस निरीक्षक गिरियक अंचल, कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और जिला आसूचना इकाई की टीम को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार छापेमारी शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप बिहारशरीफ और मानपुर सहित अलग-अलग इलाकों से सात अभियुक्तों को धर दबोचा गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बिहारशरीफ के अंबेर चौक निवासी रोशन कुमार, मानपुर के नेमाजी बीघा निवासी नीरज कुमार उर्फ मनीष व रविशंकर कुमार, बांका के आर्यन शर्मा, सोहन कुआं के राहुल कुमार उर्फ विवेक प्रियदर्शी, नवादा के गुड्डू कुमार और कोडरमा निवासी प्रेरित कुमार के रूप में हुई है। प्रेरित कुमार वर्तमान में बिहारशरीफ के रामचंद्रपुर स्थित टीचर्स कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस की पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी प्रेरित कुमार फिल्में बनाने का काम करता था, जबकि एक अन्य आरोपी डांस शिक्षक के रूप में कार्यरत था। ये कहीं से गलत तरीके से प्रभावित होकर और अपराध के रास्ते पर चलकर रातों-रात अमीर बनने का सपना देख रहे थे। पुलिस ने इनके पास से आठ मोबाइल फोन, एक कीपैड फोन, सिम कार्ड, आधार कार्ड और सबसे अहम साक्ष्य के रूप में वह कागज का टुकड़ा भी बरामद किया है, जिस पर पीड़ित व्यवसायी का मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। हालांकि, अभी तक इनका कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। लेकिन पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है।

# मौसी ने 1 साल के भांजे को मार डाला, तालाब में फेंका शव

## बहन पर मोबाइल चोरी का शक था, भाई की शादी में यूपी से आया था परिवार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा के अस्थावां थाना क्षेत्र के चूलीहारी गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां सगी मौसी ने 1 साल के मासूम(बहन के बेटे) की मुंह दबाकर हत्या कर दी। शव को घर के पास के तालाब में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि परिवार के सदस्य अब इस जघन्य अपराध को 'भूत-प्रेत' का साया बताकर आरोपी का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। मृत बच्चे की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी राजू पासवान के पुत्र कारू कुमार (01 साल) के तौर पर हुई है। बच्चे की मां आरती देवी अपने छोटे भाई दिलखुश पासवान की शादी में शामिल होने के लिए मायके आई थी। 21 अप्रैल को घर में शादी थी, लेकिन खुशियों भरे इस माहौल में तब कोहराम मच गया, जब घर के आंगन में सो रहा मासूम अचानक गायब हो गया। मृतक के मामा जितेंद्र पासवान ने बताया कि घर में शादी का माहौल था। बड़ी बहन सुमंत्री देवी का मोबाइल कहीं खो गया। सुमंत्री को शक था कि उसका मोबाइल मंझली बहन आरती ने लिया है। इसी बात को लेकर दोनों बहनों के बीच तीखी नोकझोंक और बहस हुई थी।



**अंधविश्वास का खेलः** मामले में एक चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब पता चला कि मोबाइल खोजने के लिए तंत्र-मंत्र का सहारा लिया गया था। जितेंद्र ने बताया कि, गांव में किसी 'भाभी' (जो किसी आध्यात्मिक पंथ से जुड़ी हैं) से पानी अभिमंत्रित करवाकर (पढ़वाकर) लाया गया था। यह पानी घर के हर कोने में छिड़का गया और परिवार के सभी सदस्यों को पिलाया गया। माना जा रहा था कि जो अपराधी होगा, उस पर इस पानी का असर होगा। इस घटनाक्रम के बाद रात 10 से 11 बजे के बीच मासूम रहस्यमय तरीके से गायब हो गया।

**रात के अंधेरे में तालाब से मिला शवः** परिजनों ने बताया कि रात करीब 10 बजे जब आरती ने अपने बच्चे को बिस्तर पर नहीं पाया, तो चीख-पुकार मच गई। घर के दरवाजे अंदर से बंद थे, जिससे स्पष्ट था कि कोई बाहरी व्यक्ति अंदर नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद जब तालाब में टॉर्च जलाकर देखा गया, तो मासूम का शव पानी के ऊपर तैरता मिला। शव देखते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

**थाने में टूटी आरोपी मौसी, कबूला जुर्मः** अस्थावां थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच और पूछताछ के बाद बच्चे की सगी मौसी, सुमंत्री देवी को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ में महिला ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। बताया कि उसने मासूम का मुंह दबाकर उसे मौत के घाट उतारा और फिर साक्ष्य छिपाने के लिए शव को तालाब में फेंक दिया।

**अंधविश्वास' की आड़ में बचाव की कोशिशः** हैरानी की बात यह है कि पुलिस के सामने जुर्म कबूलने के बावजूद परिवार के सदस्य इसे अंधविश्वास का रंग देने में जुटे हैं। मामा जितेंद्र पासवान का कहना है कि उन्हें 'भूत-प्रेत' का शक है, क्योंकि कुछ दिन पहले भी उनके साथ कुछ अजीब घटनाएं हुई थी।

## गयाजी में रिश्वत लेते एसबीआई का फील्ड अफसर अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हुई है। CBI की टीम ने भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के एक फील्ड ऑफिसर को रंगे हाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान रविरंजन कुमार के रूप में की गई है। हालांकि, इस मामले पर बैंक की ओर से फिलहाल स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। SBI गया मुख्य शाखा के पीआरओ अमरेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। जब उनसे अतरी प्रखंड क्षेत्र में तैनात फील्ड ऑफिसर के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इस संबंध में भी अनभिज्ञता जताई। कहा कि जैसे ही आधिकारिक जानकारी मिलेगी, साझा की जाएगी। लेकिन आधा घंटा बीत जाने के बाद भी बैंक की ओर से कोई अपडेट नहीं दिया गया।

**साढ़े सात लाख रुपये के लोन के लिए आवेदन किया थाः** सूत्रों के अनुसार, नीमचक बथानी प्रखण्ड के छतनी गांव निवासी रामचन्द्र महतो के बेटे निरंजन कुमार करीब 10 लाख रुपये के लोन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि लोन पास करने के एवज में



फील्ड ऑफिसर रविरंजन कुमार ने 95 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस मांग से परेशान होकर निरंजन ने विजिलेंस विभाग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद टीम ने जाल बिछाया। तय योजना के तहत आज जैसे ही रविरंजन कुमार ने 95 हजार रुपये की घूस ली, टीम ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के तुरंत बाद टीम आरोपी को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर तेजी से वहां से निकल गई। कार्रवाई इतनी तुरंत हुई कि आसपास के लोगों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। बता दें कि फिलहाल शिकायतकर्ता निरंजन भी निगरानी टीम के साथ है। उसे भी आरोपी के साथ टीम कागजी कार्रवाई के लिए पटना ले गई है।

## गुरारू के बगड़ीहा मोड़ पर बदहाल सड़क, नाले का पानी बहने से बढ़ा हादसों का खतरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गुरारू,गयाजी**। जिले के गुरारू प्रखंड अंतर्गत बगड़ीहा मोड़ के पास सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई है। नाले का पानी लगातार सड़क पर बहने के कारण मार्ग की हालत जर्जर हो चुकी है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क पर पानी जमा रहने से कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी रहती है। इससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। खासकर बाइक सवारों के लिए यह रास्ता बेहद खतरनाक हो गया है। कई लोग यहां फिसलकर गिर चुके हैं, जिससे चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। बारिश या नाले के तेज बहाव के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता बाली पासवान ने बताया कि बगड़ीहा मोड़ के पास यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर हर



समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकाला गया। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे बाली पासवान ने बयान जारी करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द नाले की सफाई और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। इस मौके पर डॉ. रंजीत पासवान, जेपी प्रसाद, रंजीत गुप्ता, लालमोहन रजक, संजीत गुप्ता, विनोद मोहन दास और मुन्ना दास समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत और जल निकासी की उचित व्यवस्था होने से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। फिलहाल लोग रोजाना जोखिम उठाकर इस रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं।

## रेप पीड़िता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या घर में घुसकर जबरन किया दुष्कर्म

### पीड़िता के पिता बोले- पिस्टल दिखाकर हत्या की धमकी दी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में 17 साल की रेप पीड़ित छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम छात्रा घर में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी पिस्टल लेकर घर में घुसा और गन पॉइंट पर जबरन रेप की घटना को अंजाम दिया। मृतका नालंदा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। छात्रा पिछले महीने ही इंटरमीडिएट के एग्जाम में सेकेंड डिवीजन से पास हुई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**अब सिलसिलेवार तरीके से जानिए पूरा मामलाः** गुरुवार की शाम आरोपी ने पिस्टल की नोंक पर छात्रा से रेप किया। इस दौरान छात्रा के माता-पिता खेत से घर लौटे तो बेटी चिल्ला रही थी। घर के अंदर पड़ोस का लड़का दिखा, उसके हाथ में पिस्टल था। हमलोगों को देखते ही उसने पिस्टल दिखाते हुए धमकी दी और कहा कि वारदात की जानकारी किसी को दी तो पूरे परिवार की हत्या कर देंगे। माता-पिता ने आगे बताया कि शुक्रवार को शिकायत करने वाले थे। इससे पहले हमलोग सुबह में खेत में गेहूं की कटाई करवाने चले गए। करीब 9 बजे पता चला कि बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आरोपी की पहचान हो गई है, जो छात्रा के पड़ोसी है। आरोपी और छात्रा के घर के बीच 50 मीटर की दूरी है। छात्रा की मौत की सूचना मिलने के बाद आरोपी पूरे



परिवार के साथ फरार है।

मृतका की मौसी ने बताया कि चुनावी रंजिश का मामला था। आरोपी का पिता पिछले साल वार्ड कमिश्नर का चुनाव हार गया था। उसका आरोप था कि हम लोगों के परिवार ने उसको वोट नहीं दिया है। इस रंजिश की वजह से ही उसने घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी देर रात मेरे घर पहुंचा। आरोपी ने मृतका के पिता को गोली मारने की धमकी दी। आज सुबह जब भतीजी ने आत्महत्या कर ली तो पुलिस आई। पुलिस के सामने भी आरोपी, उसके पिता और उसकी मां ने हम लोगों को धमकाया। नालंदा थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया है। पीड़ित परिवार की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों और दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। वहीं, मृतक छात्रा के परिजनों ने बताया कि अंतिम दाह संस्कार के बाद आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज कराई जाएगी।

## कोंच प्रखंड में जनता दरबार, पेयजल समस्या पर गूंजा सभागार; बीडीओ ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। कोंच प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने की। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने पेयजल, पेंशन और अन्य जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे। जनता दरबार के दौरान सबसे ज्यादा शिकायतें पेयजल से जुड़ी सामने आईं। केर पंचायत के लोदीपुर गांव के वार्ड संख्या 9 में नल-जल योजना पूरी तरह ठप होने का मामला प्रमुख रूप से उठा। पंचायत समिति प्रतिनिधि सुभाष शर्मा ने लिखित आवेदन देकर बताया कि कई दिनों से इलाके में जलापूर्ति बाधित है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने के




लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बीडीओ विपुल भारद्वाज ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए पीएचडी विभाग के जूनियर इंजीनियर सुनील कुमार को निर्देश दिया कि जलापूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त कर सुचारू रूप से चालू किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई तय है। जनता दरबार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित दो आवेदन भी प्राप्त हुए। बीडीओ के निर्देश पर संबंधित कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया। इससे आवेदकों को तत्काल राहत मिली और प्रशासन की कार्यशैली पर सकारात्मक संदेश गया। इस अवसर पर बीडीओ विपुल भारद्वाज ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से जनता की समस्याओं को सुनें और समयबद्ध तरीके से उनका समाधान करें, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। बीडीओ ने सख्त लहजे में कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों के प्रति गंभीर रहें और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। जनता दरबार में प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से कई समस्याओं का समाधान हुआ, जबकि अन्य मामलों में संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## सर्विलांस के जाल में फंसा 250 मोबाइल चुराने वाला छोटू

### नालंदा पुलिस ने ससुराल से पकड़ा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा जिले में पुलिस ने घरों और फ्लैटों में सेंधमारी करने वाले एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो ई-रिक्शा चलाने की आड़ में लंबे समय से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। इस गिरोह का मुख्य सरगना सोहसराय थाना क्षेत्र के महुआ टोला निवासी मोहम्मद शाहनवाज आलम उर्फ छोटू है, जो दिन में ई-रिक्शा चलाकर शहर के सूने पड़े घरों की रेकी करता था। मौका मिलते ही हाथ साफ कर देता था। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी शाहनवाज आलम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से बचने के लिए अपने ससुराल किशनगंज में छिपा था। साथ चोरी का सामान खरीदने वाले तीन मोबाइल दुकानदारों को भी दबोचा है, जो रामचंद्रपुर इलाके में अपनी दुकान चलाते हैं।

**ससुराल में छिपा था आरोपीः** मुख्य आरोपी शाहनवाज की गिरफ्तारी की कहानी भी फिल्मी रही। पुलिस ने उसे किशनगंज स्थित उसके ससुराल से गिरफ्तार किया, जहां वह पिछले 20 दिनों से छिपा हुआ था। चोरी की एक अन्य घटना के दौरान भागते समय उसका पैर टूट गया था, जिसके बाद वह इलाज और छिपने के लिए ससुराल चला गया था। पूछताछ में शाहनवाज ने कबूला कि वह बचपन से ही अपराध की दुनिया में है और अब तक रविंद्र और जितेंद्र नाम के दुकानदारों को 250 से अधिक मोबाइल और दर्जनों लैपटॉप बेच चुका है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर चोरी के 6 लैपटॉप और 32 मोबाइल बरामद किए हैं।

पूरे गिरोह का खुलासा बीते 22 फरवरी को लहेरी थाना क्षेत्र के पटेल



नगर में हुई एक चोरी की घटना के बाद हुआ। सदर अस्पताल में कार्यरत संदीप कुमार के फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने लैपटॉप, वाई-फाई राउटर और अन्य कीमती सामान उड़ा लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक के निर्देश पर अनुसंधानकर्ता नीतीश रंजन ने तकनीकी जांच शुरू की। पुलिस ने चोरी किए गए उपकरणों को सर्विलांस पर डाल दिया। जैसे ही पावापुरी के विवेक कुमार ने चोरी का मोबाइल इस्तेमाल करना शुरू किया, पुलिस ने उसे धर दबोचा। विवेक से हुई कड़ी पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि उसे यह मोबाइल शाहनवाज उर्फ छोटू ने बेचा था। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी रविंद्र कुमार, दीपनगर के गढ़पर दीपनगर जितेंद्र कुमार उर्फ चायनीज और पावापुरी ओपी क्षेत्र के बकरा निवासी विवेक कुमार शामिल है। ये तीनों आरोपी रामचंद्रपुर में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं और चोरी का सामान सस्ते दामों पर खरीदकर खपाते थे। छापेमारी टीम में निशा भारती, सर्वेश कुमार, नीतीश रंजन और चंदन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि शाहनवाज का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ लहेरी, बिहारशरीफ और सोहसराय थानों में पहले से कई मामले दर्ज है। फिलहाल पुलिस उसके साथियों और अन्य थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों की जानकारी जुटा रही है।

## गयाजी में आरपीएफ ने यात्री का खोया बैग लौटाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गया रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आज "ऑपरेशन अमानत" के तहत एक यात्री का खोया हुआ बैग सुरक्षित बरामद कर उसे वापस लौटा दिया। इस बैग में 86,100 कैश राशि मौजूद थी। इस कार्रवाई से रेलवे सुरक्षा व्यवस्था की तत्परता का भरोसा मजबूत हुआ है। रेल मदद के माध्यम से आरपीएफ को एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता प्रियंका कुमारी ने बताया कि उनके परिजन हरेंद्र पाठक, निवासी जहानाबाद, गाड़ी संख्या 63395 (पटना-गया मेमू एक्सप्रेस) के सामान्य कोच में पटना से मखदुमपुर तक यात्रा कर रहे थे। मखदुमपुर स्टेशन पर उतरते समय उनका भूरे रंग का लेदर बैग ट्रेन में ही छूट गया था।

**आरपीएफ टीम ने कोच की तलाशी लीः**



सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट गया हरकत में आई। उप निरीक्षक जावेद इकबाल ने शिकायतकर्ता से संपर्क कर पूरी जानकारी जुटाई। संबंधित ट्रेन के गया स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ टीम ने कोच की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरपीएफ कर्मी प्रदीप कुमार के साथ संयुक्त रूप से खोजबीन की गई, जिसमें बैग बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद शिकायतकर्ता को जानकारी दी गई कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ आरपीएफ पोस्ट गया आकर अपना सामान हासिल कर सकते हैं। सूचना के आधार पर यात्री हरेंद्र पाठक निर्धारित समय पर आरपीएफ पोस्ट पहुंचे और अपने बैग की पहचान की। उन्होंने बताया कि बैग में उनके उपयोग के कपड़े और कैश राशि रखी हुई है। आरपीएफ अधिकारियों की उपस्थिति में जब बैग का लॉक खोला गया, तो उसमें रखे सभी सामान और 86,100 नगद सुरक्षित पाए गए। इसके बाद यात्री की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों का विधिवत सत्यापन किया गया। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, गवाहों की उपस्थिति में बैग और उसमें रखी समस्त सामान हरेंद्र पाठक को सुरक्षित सुपुर्द कर दी गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अंतर जिला स्थानान्तरण मांग को लेकर पंचायत सचिव गये हड़ताल पर, जनता पंचायत सरकार भवन एवं प्रखंड कार्यालय का लगा रही है चक्कर

**राजपुर**। पंचायतों में विकास कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय में नियुक्त पंचायत सचिव अंतर जिला स्थानान्तरण समेत सरकार से अपनी पांच मांगो को पुरा किये जाने को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं.जिससे जनता बेहद परेशानी में पड़ गई है.लोग अपने कार्य के लिए पंचायत सरकार भवन से लेकर प्रखंड कार्यालय तक का चक्कर लगा रहे हैं.बावजूद भी समस्या का हल नहीं मिल रहा है. प्रखंड कार्यालय में नियुक्त पंचायत सचिव विकास कुमार, अमित कुमार अंकित कुमार व अन्य ने बताया कि हम सभी पंचायत सचिव अपनी वाजिब मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं.हमारी मांग है कि अंतर जिला स्थानान्तरण के नियमों में सुधार किये जाने की आवश्यकता है.हमारा ग्रेड पे 4200 रूपया, न्यूनतम योग्यता स्नातक किया जाय,परिवहन भता कम से कम दो हजार रूपया दिया जाय. ठेकेदारी प्रथा से मुक्त मिले.सरकार हमारी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें.हम सभी लोग हर हाल में काम करेंगे.

### काराकाट पुलिस ने करीब 1.380 ग्राम गांजा किया बरामद

**काराकाट /रोहतास**। थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अहम सफलता हासिल की है । थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव निवासी स्वर्गीय राम लखन महतो के 58 वर्षीय पुत्र सुरेश महतो के घर से पुलिस ने करीब 1.380 ग्राम गांजा बरामद किया है । कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से ही सुरेश महतो को गिरफ्तार कर लिया । इस संबंध में जानकारी देते हुए काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि आरोपित के घर से गांजा बरामद हुआ । थानाध्यक्ष ने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है । किसी भी सूरत में इस तरह के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है । आवश्यक पूछताछ और जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अवैध नशा कारोबारियों में दहशत का माहौल है ।

### धूमधाम से मनाया गया बिक्रमगंज अनुमंडल का 42वां स्थापना दिवस




**बिक्रमगंज**। बिक्रमगंज अनुमंडल का 42 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार ने अधिकारियों और कर्मियों को कर्तव्य का निर्वहन निष्ठा एवं समर्पण के साथ करने का शपथ दिलाया। लोगों ने बिक्रमगंज अनुमंडल के प्रत्येक नागरिक के कल्याण एवं विकास के लिए कार्य करने, कानून का सम्मान करने, तथा न्याय, समानता एवं पारदर्शिता के मूल्यों को बनाए रखने और सभी के साथ मिलकर अपने अनुमंडल के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इसके उपरांत केक काटा गया। भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अनुमंडल की उपलब्धियों की चर्चा की। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी अखिलेश्वर सिंह, अवर निर्वाची पदाधिकारी खुश्बू कुमारी, सुधीर कुमार, सुरेंद्र सिंह, दीपू कुमार, मदन कुमार, प्रेम कुमार, बिनोद कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### सिसिता ओपी थाना अध्यक्ष को किया सम्मानित



**नोखा / रोहतास**। नोखा थाना अंतर्गत सिसिरिता ओपी के थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं जनता के समस्या , क्राइम पर नियंत्रण जनसंवाद कर समाधान इत्यादि कार्य के लिए सनातनी चन्दन बाबा और उनके सहयोगी प्रेम कुमार, रवि तिवारी, पाठक, चन्दन पांडेय, अमरीश पांडेय, पुरषोत्तम तिवारी, विकाश पांडेय, बबलू तिवारी ने थानाध्यक्ष को डायरी, गुलदस्ता, सौल, गमाक्षा देकर सम्मानित किया और उनकी प्रतिभा को और ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षक का बेटा ने यूजीसी नेट किया क्वालीफाई कोचस का बढ़ाया मान




**कोचस (रोहतास)**। कोचस नगर पंचायत निवासी एक शिक्षक के पुत्र ने यूजीसी नेट क्वालीफाई कर अपने परिवार के साथ साथ प्रखंड का मान बढ़ाया है । प्रतियोगी एक शिक्षक पुत्र इंदौर कोचस निवासी पूर्व शिक्षक रामा प्रसाद गुप्ता, मां आरती देवी का पुत्र कुमार गौरव बताया गया है।जो फिलवक्त भारतीय वायुसेना में कार्यरत हैं। वह एक अस्टिटेंट प्रोफेसर बनने का अर्हता प्राप्त करने में सफल रहा है। जिससे वह एक सफल शिक्षाविद बनकर देश का सेवा करने का सपना संजोया है व इस दिशा में कदम बढ़ा भी दिया है। इसको लेकर उसको समाज व रिश्तेदारों के तरफ से बधाईयां मिल रही हैं।इस संबंध में कुमार गौरव ने बताया कि यह परीक्षा शिक्षा के क्षेत्र में एक उच्च स्तरीय परीक्षा मानी जाती है। जिसको मैं ने भारतीय वायुसेना में कार्यरत रहकर कड़ी मेहनत से प्राप्त किया है। इसके लिए मैं अपने गुरू जनों, शुभेच्छुओं व माता व पिता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं व प्रतिभागियों से कहना चाहता हूं कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने का एक मात्र रास्ता कड़ी मेहनत व लगन से किसी भी मुकाम को प्राप्त किया जा सकता है।

### आग जनी मे 30 बीघे गेहूं की फसल जला, पीड़ित किसानो ने मुआवजे की मांग



**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के सरेंया गांव के बधार में शुक्रवार को भीषण आग लग गई जिसमे किसानों के लगभग तीस बीघे के खेत में लगे खड़ी फसल जलकर राख हो गयी।तेज चल रहे पछुआ हवा ने आग में घी का काम किया व देखते देखते तीस बीघे गेहूं का फसल जल कर राख हो गया। जिसमें पीड़ित किसानो मे संजय पाण्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, संतोष पाण्डेय, विजय कुमार चौधरी, रामजी सिंह का गेहूं का फसल जल कर राख हो गया हैं।जब तक ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करते देखते देखते ही देखते तीस बीघे खेत का फसल आग की भेंट चढ़ गयी। हालांकि ग्रामीणों के सूचना पर दमकल वाहन भी पहुंची लेकिन बुझाने को शेष कुछ नहीं रह गया था।इस संबंध में आग लगी के कारणों का खुलासा नहीं हो पा रहा है कि आग कैसे लगी।कयास लगाए जा रहे हैं कि बच्चों द्वारा किसी ने खेलने के क्रम में आग लगा दिया होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जले गेहूं के खेतों का मुआयना कर मुआवजा राशि मुहैया कराने की मांग की है। वही गेहूं जलने के बाद पीड़ित किसानो का बुरा हाल हो गया है।

# सासाराम: कांग्रेस ने फूंका हेमंत बिस्वा सरमा का पुतला

## भाजपा की 'दोहरी नीति' के खिलाफ जमकर नारेबाजी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। आगामी चुनावों की आहट के साथ ही बिहार के रोहतास जिले में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस के बीच चल रही जुबानी जंग अब सड़कों पर उतर आई है। इसी क्रम में आज सासाराम के ऐतिहासिक पोस्ट ऑफिस चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

**भाजपा की घबराहट का प्रतीक है बयानबाजीः जिला अध्यक्ष-** पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे रोहतास कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा वर्तमान में दोहरी नीति अपना रही है।

"भाजपा नेता और हेमंत बिस्वा सरमा कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से पूरी तरह घबरा गए हैं। यही कारण है कि वे लगातार कांग्रेस के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। लेकिन जनता सब देख रही है, और आने वाले चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी।"

**प्रमुख बिंदुः**

**स्थानः** पोस्ट ऑफिस चौराहा, सासाराम।

**मुख्य मांगः** विपक्ष के प्रति अमर्यादित भाषा और भाजपा की दमनकारी नीतियों पर रोक।

**राजनीतिक माहौलः** जिले में कांग्रेस और भाजपा के बीच बढ़ता तनाव चर्चा का विषय बना हुआ है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा के पास विकास के मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वे व्यक्तिगत छींटाकशी और 'उल्टा-पुल्टा' बोलकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। पुतला दहन के दौरान भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और भाजपा विरोधी नारे लगाए।



### सभागार भवन में "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत आयोजित जनता दरबार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतासः** अनुमंडल कार्यालय के सभागार भवन में "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत आयोजित जनता दरबार में एक बार फिर आम लोगों की समस्याओं को सीधे प्रशासन के सामने रखने का अवसर मिला । एसडीएम प्रभात कुमार की अध्यक्षता में हुए इस जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और खुलकर अपनी बात रखी । जनता दरबार में कुल 113 मामलों की सुनवाई की गई । इनमें 25 मामले भूमि विवाद से जुड़े,74 मामले राशन कार्ड से संबंधित तथा 14 अन्य विभिन्न शिकायतें शामिल रहीं । सभी आवेदनों को एसडीएम ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रभात कुमार ने स्पष्ट कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि हर फरियादी को समय पर न्याय और समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि हर आवेदन को प्राथमिकता दें, लापरवाही या देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता की संतुष्टि ही प्रशासन की सबसे बड़ी सफलता है। जनता दरबार में आए लोगों ने प्रशासन की इस पहल को सराहनीय बताते हुए उम्मीद जताई कि ऐसे आयोजनों से उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा और उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी ।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की हुई मौत

## मोटरसाइकिल और ऑटो की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में शुक्रवार के दिन समय दोपहर 12:00 बजे दरिहट गांव स्थित अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय के समीप मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि बाइक सवार प्रीतम कुमार पिता कौशल साह ग्राम भड़कुडिया थाना कच्छवा के रहने वाले और सोनू कुमार पिता स्वर्गीय लाल बहादुर साह अग्नौर बजार कलेर अरवल के रहने वाले दोनों पैशन प्रो मोटरसाइकिल जिसका नंबर(GJ.I.ME 5626) सेनासरीगंज से डेहरी की ओर जा रहे थे दूसरी ओर टेंपो ऑटो चालक ददन शर्मा पथपुरा डेहरी के रहने वाले मोहम्मद कैफ के साथ अपने टेम्पु जिसका नंबर (BR24P A6028) है से डेहरी से आयर कोठा की ओर जा रहे थे। दोनों वाहन की आमने सामने की टक्कर दरिहट थाना क्षेत्र के दरिहट गांव स्थित अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय के समीप मुख्य सड़क पर हो गई । टक्कर इतनी जोरदार थी की टेंपो वहीं पर पलट गई और बाइक सवार का हेलमेट टूट गया ,गाड़ी टूट गई । घटना की सूचना मिलते ही दरिहट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भिजवाया।



इस संदर्भ में दरिहट थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने आज बताया कि इस सड़क दुर्घटना में प्रीतम कुमार की मौत हो गई है वही घायल सोनू कुमार,ददन शर्मा,मो कैफ का इलाज चल रहा है।वही दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जप्त कर थाने लाई गई है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# आधुनिक शिक्षा की ओर एक नई पहचान दिलाएगी और गांव के बच्चों के सपनों को नई उड़ान देगी यह व्यवस्था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट / रोहतास** । प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नाद में शिक्षा का नया अध्याय शुरू हो गया है । अब यहां के छात्र-छात्राएं सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहेंगे,बल्कि डिजिटल स्क्रीन के जरिए व्यावसायिक कौशल भी सीखेंगे । इस दिशा में एक अहम पहल करते हुए गेटवे कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड पटना बिहार की ओर से विद्यालय की व्यावसायिक शिक्षिका सोनम कुमारी को 55 इंच का एलईडी टीवी उपलब्ध कराया गया । यह केवल एक उपकरण नहीं,बल्कि ग्रामीण शिक्षा में बदलाव की एक मजबूत नींव है । कार्यक्रम के दौरान रोहतास,कैमूर,औरंगाबाद व गया के जिला कोऑर्डिनेटर आकाश पासवान की मौजूदगी में मुख्य अतिथि काराकाट प्रखंड प्रमुख अभिभावक नारायण पासवान ने औपचारिक रूप से टीवी विद्यालय को सौंपा । इस पहल ने न सिर्फ शिक्षकों बल्कि छात्रों में भी नई ऊर्जा भर दी । विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिकंदर पासवान ने कहा कि अब बच्चों को दृश्य-श्रव्य माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा,जिससे उनकी समझ और रुचि दोनों बढ़ेगी । वहीं उपस्थित शिक्षकगण योगेंद्र पासवान,राजीव कुमार पांडेय,रीता देवी,कुमारी कलावती,अनामिका रानी,शीला कुमारी,भरत सिंह,अजय सेठ एवं शिव मुनीराम ने इसे ग्रामीण शिक्षा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया । बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी । अब वे नई तकनीक के साथ सीखेंगे,समझेंगे और आगे बढ़ेंगे । यह पहल निश्चित रूप से नाद विद्यालय को आधुनिक शिक्षा की ओर एक नई पहचान दिलाएगी और गांव के बच्चों के सपनों को नई उड़ान देगी ।




# बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष शिविर आयोजित, 72 घंटे में निवारण का लक्ष्य

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग के निर्देश पर विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस पहल के तहत उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और अधिकतम 72 घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविर में बिजली बिल में त्रुटि सुधार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित शिकायतें, नए बिजली कनेक्शन एवं नाम परिवर्तन के आवेदन स्वीकार किए गए। इसके साथ ही विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं जैसे कम वोल्टेज, ढीले तार, झुका हुआ पोल, ढीले तार एवं खराब ट्रांसफॉर्मर जैसी शिकायतों पर भी विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। शिविर के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए 72 घंटे के भीतर निवारण सुनिश्चित करने की बात कही गई। इसके अलावा, किसानों को कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की पीएम सूर्यघर योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उपभोक्ताओं को यह भी बताया गया कि वे अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान भी शिविर में आसानी से कर सकते हैं। विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के विशेष शिविर प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सभी विद्युत कार्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं और विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं।




♦ शिविर में बिजली बिल में त्रुटि सुधार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित शिकायतें, नए बिजली कनेक्शन एवं नाम परिवर्तन के आवेदन स्वीकार किए गए

# सामुदायिक स्वच्छता परिसर संचालन के लिए गठित हुआ निगरानी समिति



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर**। प्रखंड अंतर्गत सरकार द्वारा निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर को ठीक तरीके से संचालित रखने हेतु निगरानी समिति का गठन किया गया है.अब किसी भी स्वच्छता परिसर को संचालित हालात में नहीं पाये जाने पर निगरानी समिति जिम्मेदार होगी.स्वच्छता परिसर से किसी भी तरह गडबड़ी करने वाले के विरुद्ध निगरानी समिति एफआईआर दर्ज करायेगी.

जानकारी देते हुए बीडीओ रविराज ने बताया कि क्षेत्र अंतर्गत कुल 13 स्वच्छता परिसर का निर्माण हुआ है.जिसमें नौ पुरी तरह से फंक्शनल है.तीन नन फंक्शनल स्थिति में पाया गया है.शेष एक का मरम्मती कार्य चल रहा है.स्वच्छता परिसर की साफ-सफाई की जिम्मेदारी उस वार्ड के लोहिया स्वच्छता मिशन अन्तर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों को दी गई है. उन्होंने बताया कि सम्बन्धित पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड सदस्य, पंच जीविका सीसी,विकास मित्र, पीआरएस एवं पंचायत सचिव निगरानी समिति के पदेन सदस्य हैं.

अगर किसी को सामुदायिक स्वच्छता परिसर से संबंधित कोई शिकायत है तो वे बीडीओ कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत करेंगे.जांच करके शिकायत निवारण का प्रयास होगा.

# ध्रुपद जैसी प्राचीन संगीत परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक मजबूत कदम : कृष्ण मुरारी दुबे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास** : नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत धनगाई गांव एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक ध्रुपद परंपरा के कारण चर्चा में आ गया,जब पटना से आई किलकारी की कोऑर्डिनेटर साधना कुमारी अपनी टीम के साथ यहां शोध यात्रा पर पहुंचीं । इस दौरान गांव की सांगीतिक विरासत,परंपरा और इतिहास को नई पीढ़ी से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई ।टीम ने अपने दौरे की शुरुआत प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर से की,जहां आध्यात्म और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला । मंदिर परिसर में न केवल ऐतिहासिक महत्व का अवलोकन किया गया,बल्कि यहीं पर एक भावपूर्ण संगीत प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया ।इस विशेष अवसर पर धनगाई घराना सह डुमरांव घराना के वर्तमान प्रधान कृष्ण मुरारी दुबे एवं अजीत कुमार मलिक धनगाई ने ध्रुपद की जड़ों, उसके विकास और परंपरा की निरंतरता पर विस्तार से जानकारी दी । साथ ही ध्रुपद सम्राट एवं कवि पंडित धनारंग बाबा से जुड़े स्थलों का भ्रमण कर टीम ने उनके जीवन और योगदान को समझने का प्रयास किया । नई दिल्ली से पहुंचे सेवानिवृत्त वरीय संगीतज्ञ रामजी मिश्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया । उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए ध्रुपद की गहराई और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला । इस दौरान मौखिक इतिहास के संकलन पर विशेष जोर दिया गया,ताकि इस विलुप्त होती परंपरा को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके ।कार्यक्रम में रंजीत कुमार मलिक, नित्यानंद मिश्रा,सत्यम मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण सुधीर कुशवाहा,हरिचरण कुशवाहा,राजू कुमार आदि मौजूद रहे । पूरे गांव में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया । यह दौरा न केवल एक शोध यात्रा साबित हुआ, बल्कि ध्रुपद जैसी प्राचीन संगीत परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक मजबूत कदम भी माना जा रहा है ।



# गेहूं कटनी के दौरान आग की घटनाओं पर सख्ती

## एसडीएम ने जारी किया निषेधाज्ञा आदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)**: अनुमंडल क्षेत्र में गेहूं कटनी के दौरान लगातार आग लगने की घटनाओं को देखते हुए अनुमंडल दण्डाधिकारी प्रभात कुमार ने कड़ा कदम उठाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हार्वेस्टर एवं रीपर मशीन से निकलने वाली चिंगारी के कारण फसलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है और क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 के तहत निषेधाज्ञा लागू करते हुए हार्वेस्टर और रीपर मशीन के उपयोग पर कई सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार अब बिना जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास से परमिट लिए हार्वेस्टर एवं रीपर मशीन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। साथ ही मशीन मालिक या चालक को फसल कटाई के दौरान स्थल पर दो ड्रम पानी और दो बाल्टी रखना अनिवार्य होगा, ताकि आग लगने की स्थिति में तुरंत नियंत्रण किया जा सके।

इसके अलावा, मशीन मालिकों को फसल कटाई से पहले संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी को सूचना देना अनिवार्य किया गया है। वहीं, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र में चल रहे हार्वेस्टर और रीपर मशीनों की जांच करें और बिना वैध अनुमति के संचालित मशीनों को जब्त करते हुए संबंधित मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएं।

आदेश में यह भी कहा गया है कि किसी भी स्थान पर आग लगने की सूचना मिलने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी तत्काल अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आग बुझाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे और फसल क्षति का आकलन कर रिपोर्ट देंगे। यह आदेश 10 अप्रैल 2026 को जारी किया गया है और इसकी प्रतिलिपि सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को अनुपालन हेतु भेज दी गई है।

# जमीन पर कब्जा मामले में 8 अपराधी किए गए गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर पुलिस ने अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग थाना क्षेत्र से लूटकांड, तस्करी और जमीन पर कब्जा मामले में 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। SSP प्रमोद कुमार ने इसकी पुष्टि की है।



**जमीन पर कब्जा मामले में 8 बदमाश को पकड़ा:** प्रेस वार्ता में एसएसपी ने बताया कि बरारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने जमीन पर जबरन कब्जा करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के आवेदन पर बरारी थाना कांड संख्या 75/2026 दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। बाबूलाल कुमार यादव, फुकन तांती, अमर कुमार, सूरज कुमार, सागर कुमार, कमल कुमार चौधरी, रोहित कुमार और प्रिंस पांडेय की गिरफ्तारी हुई है। जमीन से जुड़े कई कागजात मिले हैं। कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है।

**8 लाख रुपए की हुई थी लूट:** अकबरनगर थाना क्षेत्र के बंसतपुर निवासी मेंदू कुमार 4 अप्रैल को पेट्रोल पंप से रुपए जमा करने जा रहे थे। इस दौरान सादपुर मोड़ के पास अज्ञात अपराधियों ने कट्टा दिखाकर करीब आठ लाख रुपए लूट लिए थे। इस संबंध में शाहकुंड थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने गोराडीह के भैरोगंज निवासी सतन कुमार यादव को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और 2 मोबाइल फोन बरामद किए गए। लूट में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार:** मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र में भी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर रामपुरखुर्द के पास छापेमारी कर पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान इंदु कुमार के रूप में हुई है। 3.82 ग्राम ब्राउन शुगर, मोबाइल और पांच हजार कैश बरामद हुआ है। जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पागल कुत्तों के हमले से 8 बकरियों की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका**। बांका के रजौन थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा गांव में पागल कुत्तों के झुंड ने हमला कर आठ बकरियों को मार डाला। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार खैरा गांव निवासी पशुपालक रतन हरिजन प्रतिदिन की तरह अपनी बकरियों को खेत में चरने के लिए छोड़ दिया था। इसी दौरान अचानक पागल कुत्तों का झुंड वहां पहुंच गया और बकरियों पर हमला बोल दिया।

**कुत्ते बकरियों को घसीटकर झाड़ियों में ले गए:** कुत्तों ने बकरियों को बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे सभी आठों बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले के बाद कुत्ते बकरियों को घसीटकर पास की झाड़ियों में छोड़कर भाग गए। कुछ देर बाद जब रतन हरिजन खेत पर पहुंचे तो बकरियां नजर नहीं आईं। उन्होंने आसपास खोजबीन शुरू की और झाड़ियों में जाकर देखा तो सभी बकरियां मृत पड़ी थीं।



**परिवार पर आर्थिक संकट, पहली घटना:** एक साथ आठ बकरियों की मौत देखकर पशुपालक सदमे में आ गए। इस घटना से उनके परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पहले भी आवारा कुत्तों की समस्या रही है, लेकिन इस तरह की घटना पहली बार हुई है। घटना के बाद गांव के लोग खासे भयभीत हैं। अभिभावक अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजने से परहेज कर रहे हैं। पशुपालक ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके। लगातार पागल कुत्ते के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अचानक कुत्ते का झुंड कहीं से आकर हमला कर देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### धुरंधर-2 स्टाइल में सिर काटकर सड़क पर रखा

**अररिया**। अररिया के फारबिसगंज में कृषि उत्पादन बाजार समिति के पास मामूली विवाद में एक सत्तू विक्रेता रवि चौहन ने अनानास काटने वाले चाकू से पिकअप चालक नवी हुसैन की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। फिर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। कटे सिर को बीच सड़क रख दिया और वो चाकू लिए सड़क किनारे अपने ठेले के पास जाकर खड़ा हो गया। भीड़ आक्रोशित हुई तो वो झाड़ियों में जाकर छिप गया। लोग उसे झाड़ियों से खींचकर लाए और पुलिस के सामने ही पीट पीटकर अधमरा कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की। कुछ ऐसा ही सीन फिल्म धुरंधर-2 (द रिवेंज) में भी है। फिल्म में एक्टर उजैर बलूच रशद पप्पू की हत्या करने के बाद उसका सिर भीड़ के सामने काट देता है। इस वारदात के बाद दैनिक भास्कर की टीम जिला मुख्यालय से 40 KM दूर फारबिसगंज के मार्केटिंग यार्ड गेट नंबर 2 के पास पहुंची। क्राइम सीन पर खून के धब्बे दिख रहे थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। दुकानें बंद करवा दी गई थीं।

### कृत्रिम अंगों ने बदली 102 लोगों की जिंदगी, फिर से लौटी मुस्कान

**भागलपुर**। आदमपुर स्थित दीपप्रभा सिनेमा हॉल में रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का गुरुवर को समापन हो गया। 7 से 9 अप्रैल तक चले इस शिविर में कुल 102 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ-पैर और सहायक उपकरण दिए गए। मंच पर जब लाभार्थियों को एक-एक कर उपकरण और प्रमाण पत्र सौंपे गए तो कई चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास दिखा। समापन के दिन पहुंचे प्रमंडलीय आयुक्त अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर जरूरतमंदों को सिर्फ सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान भी देते हैं। शिविर में पहले दो दिनों तक पंजीकरण, जांच और माप लिया गया, जबकि अंतिम दिन चयनित लाभार्थियों को उपकरण वितरित किए गए। इस मौके पर रूप कुमार, रंजिता समेत कई लोग मौजूद रहे। खीरीबांध पंचायत के विपिन कुमार पासवान ने बताया कि 14 साल की उम्र में आम तोड़ते समय 11 हजार हाईटेंशन तार की चपेट में आने से उनका दाहिना हाथ काटना पड़ा था। उस वक्त वे सातवीं में पढ़ते थे, लेकिन हार नहीं माने। बाएं हाथ से लिखना सीखा और 10वीं पास की। आज वे स्वच्छता कर्मी हैं। वे बताते हैं कि गलती नादानी में हुई थी। शादी में भी बाधा आई थी लेकिन दहेजमुक्त विवाह किया। इस्माइलपुर से आए गणेश मंडल का हाथ चारा काटने वाली मशीन में फंस गया था। हादसे में उनका हाथ कट गया। वे कहते हैं कि एक हाथ से काम करना बहुत मुश्किल था। अब कृत्रिम हाथ से रोजमर्रा के काम में सहूलियत होगी। बारहट बाबूपुर की ललिता देवी को पैर में संक्रमण हुआ, जो तेजी से फैल गया। सिर्फ एक हफ्ते में पैर काटना पड़ा। अब कृत्रिम पैर मिलने के बाद वे कहती हैं कि पहले चलना भी मुश्किल था। अब धीरे-धीरे चल पा रही हूं।

### पेंशन फाइल के लिए विवि कार्यालय में धरने पर बैठे

**भागलपुर**। टीएमबीयू में पेंशनर संघर्ष मंच के सह-संयोजक अम्रेंद्र झा अपने पिता की पेंशन फाइल को लेकर विवि की पेंशन शाखा में धरने पर बैठ गए। उनके पिता स्व. शक्तिनाथ झा 25 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे और 16 वर्ष पहले उनका निधन हो चुका है। अम्रेंद्र झा का आरोप था कि शाखा के एक कर्मी ने व्यक्तिगत विवाद के कारण पिछले दो-तीन वर्षों से फाइल छिपा रखी थी। लंबे समय तक भटकने के बाद मजबूरन उन्हें विरोध का रास्ता चुनना पड़ा। धरने के बाद प्रशासन हरकत में आया और अंततः उन्हें फाइल उपलब्ध करा दी गई। यह घटना विवि की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

### हज यात्रियों को डीएम ने बांटे किट

**भागलपुर**| समीक्षा भवन में गुरुवार को हज यात्रा पर जाने वाले 135 यात्रियों के लिए दुआ-ए-मजलिस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने की। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल और सुरक्षित सफर की कामना की। कार्यक्रम में सभी हज यात्रियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, डीएम ने सभी यात्रियों को हज यात्रा किट भी वितरित की। डीएम ने प्रशिक्षकों को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हज एक महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा है, जिसमें अनुशासन और पूर्व तैयारी का विशेष महत्व होता है।

### तिलकामांझी के तनिष्क शोरूम में मैथिली संग्रह लांच

**भागलपुर**। अक्षय तृतीया के अवसर पर तिलकामांझी स्थित तनिष्क शोरूम ने अपनी नई और अनूठी पेशकश मैथिली आभूषण संग्रह का भव्य शुभारंभ किया है। यह संग्रह इन दिनों ग्राहकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह विशेष कलेक्शन 18 कैरेट और 22 कैरेट दोनों प्रकार के स्वर्ण में उपलब्ध है। इसमें पारंपरिक मिथिला पेंटिंग और सांस्कृतिक प्रतीकों को आधुनिक डिजाइनों के साथ पिरोया गया है, जो विशेष रूप से वैवाहिक आयोजनों के लिए तैयार किया गया है। प्रतिष्ठान के प्रबंधक रोहित कुमार राय ने बताया कि स्वर्ण आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 20% तक की छूट और हीरे के आभूषणों पर आकर्षक रियायत दी जाएगी। प्रति ग्राम सोने की खरीदारी पर 201 रुपये तक का सीधा फायदा होगा। उन्होंने बताया कि यह विशेष ऑफर 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। ग्राहकों की सुविधा के लिए रविवार को भी शोरूम खुला रहेगा।

### तेजस्वी के सम्मान समारोह में भागलपुर से भीड़ जुटाने पर जोर

**भागलपुर**| हबीबपुर स्थित कार्यालय में गुरुवार को राजद की जिला स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने की। इसमें 11 अप्रैल को पटना में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के सम्मान समारोह में भागलपुर से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाने की रणनीति बनाई गई और 24 अप्रैल को पटना में होने वाली पंचायती राज प्रकोष्ठ की बैठक को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

# कटिहार-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिए से निकली चिंगारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय**। बरौनी-कटिहार रेलखंड पर एक बड़ा रेल हादसा टल गया। कटिहार से पटना जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के चक्का से अचानक चिंगारी निकलने लगा। इससे पैसेंजर असहज हो गए, लेकिन ड्राइवर और गार्ड की नजर पड़ते ही ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया। हालांकि इस दौरान पैसेंजर के बीच अफरातफरी मच गई। लोग ट्रेन से उतरकर भागने लगे। घटना लाखो रेलवे स्टेशन के पास की है। बताया जा रहा है कि ट्रेन नंबर 15713 कटिहार-पटना इंटरसिटी आज अपने निर्धारित समय से 1 घंटा 13 मिनट लेट 10:25 बजे लाखो स्टेशन से गुजरने वाली थी। इसी दौरान स्टेशन पर मौजूद लोगों ने ट्रेन के बोगी नंबर-11 में चक्का से चिंगारी निकलते देखा। इसके बाद हल्ला मचाया गया। तुरंत इसकी सूचना ड्राइवर और गार्ड को दी गई। इसके बाद ट्रेन को रोका गया।



**चेकिंग के बाद ट्रेन आगे जाएगी:** इस मामले में रेलवे के बड़े अधिकारी कुछ भी बताने से बच रहे हैं। मौके पर मौजूद एक अधिकारी ने बताया कि गर्मी के समय में घर्षण से ऐसी घटनाएं होती है। चक्का के घर्षण से ही चिंगारी निकली थी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, चेकिंग के बाद ट्रेन आगे बढ़ेगी। घटना का कारण वायरिंग में गड़बड़ी भी बताया जा रहा है। इधर ट्रेन के मेन लाइन पर रुक जाने से अप और डाउन दोनों लाइन की गाड़ियों को कासिंग पर रोक-रोक कर चलाया जा रहा है।

# नौवीं में एडमिशन के लिए डीएम के पास पहुंचे छात्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में नौवीं कक्षा में नामांकन नहीं मिलने से नाराज छात्रों और अभिभावकों ने आज विरोध जताया। इंटर स्तरीय तुलसीपुर जमुनिया विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपनी शिकायत लेकर जिलाधिकारी के जनता दरबार में पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। छात्रों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर नामांकन सुनिश्चित कराने की मांग की। छात्रा प्रीति ने बताया कि इसी स्कूल से उसने आठवीं कक्षा पास की है, इसके बावजूद उन्हें नौवीं कक्षा में नामांकन नहीं दिया जा रहा है। इससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। विद्यालय प्रशासन की ओर से उन्हें अन्य स्कूलों में नामांकन लेने की सलाह दी जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रभारी हेड मास्टर का कहना है कि उन्हें मात्र 76 छात्रों की नामांकन की लिस्ट मिली हुई है, जिसके आधार पर ही प्रवेश लिया जा रहा है। इस सूची में स्थानीय और बाहरी दोनों क्षेत्रों के छात्रों के नाम शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय निर्देशों के अनुरूप ही नामांकन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

**स्कूल प्रशासन पर मनमानी का आरोप:** दूसरी ओर, अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि नियमानुसार स्थानीय गांव के बच्चों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं नामांकन से वंचित हो रहे हैं। अभिभावकों ने इस व्यवस्था को अनुचित बताते हुए प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें इसी विद्यालय में नामांकन नहीं मिला, तो उन्हें दूरदराज के विद्यालयों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ेगा। इससे उनकी शिक्षा प्रभावित होगी और कई छात्र आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/03 दिनांक- 10.04.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**

**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**Online आवेदन-पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 15.03.2026 के अनुसार ITICAT-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration करने की अंतिम तिथि 14.04.2026 निर्धारित है। **छात्रहित में ITICAT-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **25.04.2026**
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **26.04.2026 (11.59 pm.)**
(iii) Online Editing of Application Form : **27.04.2026 to 28.04.2026**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **10.05.2026**
(v) Proposed Date of Examination : **17.05.2026**

(2) दिनांक 26.04.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

# नाथनगर स्टेशन पर सुरक्षा-साफ सफाई रखने का निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर. पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक उदय शंकर झा ने आज नाथनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार और स्टेशन परिसर के आधुनिकीकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के समय स्टेशन अधीक्षक ओम प्रकाश शर्मा सहित रेलवे के अलग-अलग विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में झा ने प्लेटफॉर्म के पश्चिमी छोर का जायजा लिया और दिव्यांगों, बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वहां रैंप निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे का उद्देश्य सभी वर्गों के यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म को हाई लेवल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा, ताकि यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश:** स्टेशन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने यूरिनल को वर्तमान स्थान से हटाकर उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित स्टेशन यात्रियों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है और भारतीय रेल की छवि को भी सुदृढ़ करता है। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई के मानकों को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्कुलेटिंग एरिया में बैरिकेडिंग वॉल के निर्माण की योजना पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेशन परिसर में आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। पश्चिमी छोर के दोनों ओर बैरिकेडिंग किए जाने से लावारिस पशुओं का आवागमन बंद हो गया है, जिससे यात्रियों को राहत मिली है। साथ ही अवैध गाड़ी के प्रवेश पर भी नियंत्रण स्थापित हुआ है, जिससे स्टेशन परिसर अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बना है। यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि के लिए अतिरिक्त वाटर बूथ स्थापित करने और छोटे-छोटे यात्री शेड के निर्माण का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि गर्मी और बारिश के मौसम में यात्रियों को राहत देने के लिए ये सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/3/26-27 (खुली), दिनांक 08.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस संख्या** : ओ-एसी-टी-03-26-27, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के तहत एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में आसनसोल स्टेशन पर 4 लिफ्ट के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,41,06,832.05, **बयाना राशि :** रु. 2,82,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** 07.05.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-15/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-25-2025-26, दिनांक 07.04.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-25-2025-26, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में कम ऊँचाई के पुलों के नीचे इंसुलेशन पेंट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,38,29,530; **बयाना राशि:** रु. 2,76,600; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **बंद होने की तारीख:** 30.04.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-03/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल ट्रेन**

**परिवर्तित मार्ग होकर अतिरिक्त चार ट्रिप**

आगामी ग्रीष्म मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **09451/09452 गांधीधाम - भागलपुर - गांधीधाम** स्पेशल ट्रेन चार और ट्रिप के लिए चलेगी। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में कानपुर सेंट्रल और कानपुर ब्रिज लेफ्ट बैंक स्टेशनों के बीच **दिनांक** 02.04.2026 **से** 13.05.2026 **तक** मेगा ब्लॉक के कारण, ये ट्रेनें कासगंज - फर्रुखाबाद - कानपुर सेंट्रल - लखनऊ - गोंडा जंक्शन के बदले **कासगंज - बरेली सिटी - इज्जतनगर - पीलीभीत - मैलानी - सीतापुर - गोंडा जंक्शन** होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। **मौजूदा ठहराव हटा दिए जाएंगे:** फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल और लखनऊ। **नए ठहराव प्रदान किए जाएंगे:** बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, मैलानी, सीतापुर। अन्य ठहराव, समयसूची, चलने के दिन और गठन में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

कासगंज और गोंडा जंक्शन स्टेशनों के बीच परिवर्तित मार्ग पर विस्तृत समयसूची निम्नानुसार है:

| गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 17.04.2026 से 08.05.2026 | | 09451 09452 | भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 20.04.2026 से 11.05.2026 | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
| – | **18.25** | ↓ गांधीधाम | **08.00** | – |
| 18.10 | 18.20 | कासगंज | 06.15 | 06.25 |
| 20.50 | 20.55 | बरेली सिटी | 03.30 | 03.35 |
| 21.14 | 21.16 | इज्जतनगर | 03.00 | 03.02 |
| 22.21 | 22.23 | पीलीभीत | 01.55 | 01.57 |
| 23.30 | 23.35 | मैलानी | 00.35 | 00.40 |
| 01.25 | 01.30 | सीतापुर | 22.30 | 22.35 |
| 03.30 | 03.35 | गोंडा जंक्शन | 19.53 | 20.00 |
| **20.15** | – | भागलपुर ↑ | – | **05.00** |

**अतिरिक्त ट्रिप के चलने की तिथियाँ: गांधीधाम से -** 09451 दिनांक 17/04, 24/04, 01/05 और 08/05/2026 (शुक्रवार) को = 04 ट्रिप और **भागलपुर से** -09452 दिनांक 20/04, 27/04, 04/05 और 11/05/2026 (सोमवार) को = 04 ट्रिप।

**ट्रेन कासगंज-फर्रुखाबाद-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-गोंडा जंक्शन मार्ग होकर गांधीधाम से दिनांक 15.05.2026 से और भागलपुर से दिनांक 18.05.2026 से चलेगी।**

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गोलीबारी में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में गोलीबारी में घायल किसान की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। जमीन विवाद को लेकर 6 अपैल को फायरिंग हुई थी। मृतक की पहचान रसलपुर गांव के रहने वाले उपेंद्र चौधरी(70) के रूप में हुई है। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोकिया रसलपुर बहियार की है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पटना में ही पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक साढ़े नौ बीघा जमीन को लेकर दो पक्षों में लंबे समय से विवाद चल रहा है। जिसमें लोअर कोर्ट और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने उपेंद्र चौधरी के पक्ष में फैसला दिया था। कोर्ट के फैसले के बाद उपेंद्र चौधरी ने उस जमीन में गेहूं लगाया था, लेकिन 5 अप्रैल को दूसरे पक्ष के लोग गेहूं काटने लगे। जानकारी होने पर 6 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे उपेंद्र चौधरी अपने पुत्र निर्मल चौधरी सहित अन्य परिजनों के साथ दौनी के लिए थ्रेसर लेकर पहुंचे थे।

**गोली मारने के बाद लाठी-डंडे से हमला:** वहां पहले से ही आरोपी पक्ष के लोग उनके खेत में थ्रेसर लगाकर गेहूं की दौनी कर रहे थे। जब उपेंद्र चौधरी ने इसका विरोध किया तो दूसरे पक्ष के सोनू चौधरी और प्रेमशंकर चौधरी ने उन पर गोली चला दी। गोली उपेंद्र चौधरी के पैर में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपियों ने लाठी, डंडा, रॉड और खंती से हमला कर दिया, जिसमें तीन अन्य लोग घायल हो गए।

**12 लोगों के खिलाफ FIR:** सूचना मिलने पर भगवानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा। जहां से उपेंद्र चौधरी बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच अस्पताल रेफर किया गया था। पटना में इलाज के दौरान उनकी स्थिति बिगड़ती चली गई और आज सुबह करीब 4 बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही सोनू चौधरी, विजय चौधरी सहित कुल 12 लोगों के खिलाफ भगवानपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, फिलहाल सभी आरोपी फरार है।

**गिरफ्तारी के लिए की जा रही छापेमारी:** इस संबंध में थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि निर्मल चौधरी के आवेदन पर थाना कांड संख्या- 90/26 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। फिलहाल गांव की स्थिति सामान्य है, लेकिन पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

डीडीयू, मण्डल बिजली कचस्टा विभाग

**ई-निविदा सूचना सं.- टीआरएस-जी-आरटी-ओपीएन-05-आरएसपी-25-26,**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा कार्य का विवरण स्थान सहित:** ओवरहालिंग, डिसमेंटलिंग एंड रिपेयरिंग ऑफ कन्वेंशनल बोगी फ्रेम्स एंड इट्स डिफ्फरेंट कंपोनेंट्स ऑफ इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स ड्यूरिंग TOH/IOH। विधुत लोको शेड-पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डीजल लोको शेड-पंडित दीन दयाल उपाध्याय। **2. अनुमानित लागत:** रु. 1,63,38,863.40 **3. धरोहर राशि:** रु. 3,26,800.00 **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 30-04-2026 समय 13:00 बजे तक। दिनांक- 30-04-2026 समय 15:00 बजे। **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वारिष्ठ मंडल बिजली इंजी./कचस्टा विधुत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

मंडल रेल प्रबंधक/कचस्टा
पूर्व मध्य रेल, पं.दी.द.उपाध्याय

पीआर/0033/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/26-27/36

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### निशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण शिविर शुरू

**आरा।** सक्षम समाज कल्याण विभाग, एवं राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वाधान में शहर के बुनियाद केंद्र में निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर सदर क्लब रोड स्थित कृषि भवन के समीप बुनियाद केंद्र परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जो लगातार एक माह तक संचालित रहेगा। इस शिविर में महिला, पुरुष एवं बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आंखों की मुफ्त जांच की व्यवस्था की गई है। जांच के दौरान जिन लोगों की आंखों की रोशनी कमजोर पाई जाएगी, उन्हें निशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा। बुनियाद केंद्र के डॉक्टर नसर नसीम ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आंखों की समस्या को नजरअंदाज कर देते हैं।

### महासंघ गोप गुट का जिला सम्मेलन 12 को हुई बैठक

**आरा।** महासंघ गोप गुट भोजपुर के जिला सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को विभिन्न प्रखंडों में दौरा किया गया। इस दौरान सहार, संदेश अंचल सहित विभिन्न ब्लॉकों में बैठक कर कर्मचारियों को सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में हॉस्पिटल की एएनएम, एनएचएम कर्मी, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं, महिला पर्यवेक्षक, विकास मित्र, किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयकों के साथ चर्चा की गई। जिला सचिव सुमन और जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी कर्मियों से आगामी 12 अप्रैल 2026 को आरा के नागरी प्रचारिणी सभागार, जिला सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा। बैठक में जितेन्द्र, दीपू कुमार, तिवारी नजमी, पुष्पांजलि, प्रेम न, किरण कुमार सिंह, शिव मंगल, मनोज कुमार, गोपाल, रवीश, नीतू, कमलेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी एवं एएनएम उपस्थित रहीं। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के सम्मेलनों में ओपीएस बहाली, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, राज्य कर्मचारी दर्जा, महंगाई भत्ता, निजीकरण विरोध, कार्यस्थल अधिकार और सामाजिक सुरक्षा प्रमुख मुद्दे होते हैं। साथ ही संगठन मजबूती और आंदोलन की रणनीति पर भी निर्णय लिए जाते हैं।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से 2.10 लाख जुर्माना वसूला

**कोईलवर।** ट्रैफिक नियमों की लगातार अनदेखी के बीच कोईलवर पुलिस ने गुरुवार को सख्ती दिखाते हुए नियम तोड़ने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य रूप से बालू ढुलाई में लगे ट्रकों पर कार्रवाई की गई और करीब 2 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस के अनुसार, ओवरटेकिंग, नो-एंट्री में प्रवेश और यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर कई ट्रकों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई। प्रति ट्रक औसतन 5 हजार रुपये के हिसाब से जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर अफरातफरी का माहौल रहा और कई चालकों को मौके पर ही चालान भरना पड़ा। हालांकि कार्रवाई के बावजूद ट्रैफिक नियमों की अनदेखी थमने का नाम नहीं ले रही है। बालू लोडिंग के लिए आने-जाने वाले ट्रकों की आवाजाही पहले की तरह जारी है। "हम नहीं सुधरेंगे" वाली स्थिति बनी हुई है, जहां चालक नो-एंट्री जोन में भी धड़ल्ले से प्रवेश कर रहे हैं और ओवरटेकिंग से बाज नहीं आ रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही के कारण अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बाजार और संकरे मार्गों पर स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, लोगों ने प्रशासन से स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से निजात मिल सके।

### रामरेखा घाट व पहुंचपथ पर कब्जे से श्रद्धालुओं को हो सकती है परेशानी, गंगा स्नान को उमड़ेगी भीड़

**बक्सर।** रामरेखा घाट की सीढ़ियों पर पंडा जी के द्वारा लगाए गए सैकड़ों चौकी से सतुआनी संक्रांति के दिन श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सतुआनी संक्रांति हिन्दुओं के प्रमुख पर्वों में से एक है। पंडित विद्याधर मिश्रा ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को सतुआनी संक्रांति मनाया जाएगा। बता दें कि आज के दिन शहर के अति पौराणिक रामरेखा घाट पर सबसे अधिक भीड़ होती है। लोग गंगा स्नान के लिए 13 अप्रैल से ही श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचने लगता है। सतुआनी संक्रांति के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उत्तरायणी गंगा में श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं। अलसुबह से लेकर शाम तक गंगा स्नान और दान-पुण्य का सिलसिला चलते रहता है। सतुआनी संक्रांति से खरमास समाप्त हो जाता है और शुभ कार्य आरंभ हो जातें हैं, जैसे मुंडन संस्कार से लेकर शादी-ब्याह, तिलक, गृह प्रवेश आदि।

### आंबेडकर जयंती पर भदवर से बराड़ी तक बाइक जुलूस

**ब्रह्मपुर।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर 14 अप्रैल को एक भव्य मोटरसाइकिल जुलूस का आयोजन किया जा रहा है। यह जुलूस भदवर से प्रारंभ होकर बारूहां, बगेन, भादा, भादसारी, छपरा होते हुए बराड़ी तक जाएगा। आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के सभी लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजकों ने बताया कि यह जुलूस सामाजिक एकता, जागरूकता एवं बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाला जा रहा है।सभी क्षेत्रवासी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दिखाए।

### इस वर्ष 17 मई से लेकर 15 जून तक रहेगा पुरुषोत्तम मास

**बक्सर।** इस वर्ष 17 मई से 15 जून तक रहेगा पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) रहेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2026 में ज्येष्ठ मास के दौरान अधिक मास लगने जा रहा है। सूर्य मंदिर के पुजारी ज्योतिषाचार्य आशुतोष पांडेय पं. पुरेंद्र उपाध्याय के अनुसार अधिक मास भगवान विष्णु का अत्यंत प्रिय मास है। इसी कारण इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। पंडित सूर्यमणि पांडेय के अनुसार यह माह भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है और इस दौरान की गई आराधना, साधना और दान को अनेक गुना फलदायी बताया गया है। मान्यता है कि इस मास में किया गया एक जप, सौ यज्ञों के समान फल देने वाला होता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार एक समय यह अतिरिक्त माह उपेक्षित माना जाता था और इसे कोई देवता स्वीकार नहीं करते थे। तब यह माह भगवान विष्णु की शरण में गया। भगवान विष्णु ने इसे अपना स्वरूप और सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि यह अब 'पुरुषोत्तम मास' कहलाएगा। तभी से इस माह की महता बढ़ गई।धार्मिक दृष्टि से यह समय साधना, आत्मशुद्धि और ईश्वर भक्ति के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस वर्ष अधिक मास ज्येष्ठ (जेठ) में लगेगा। वर्ष 2026 विशेष माना जा रहा है, क्योंकि इस वर्ष हिन्दू पंचांग के अनुसार 12 नहीं, बल्कि 13 माह का संयोग बन रहा है। आचार्य पप्पू पांडेय के अनुसार हिंदू पंचांग चंद्रमा की गति पर आधारित है, जबकि सौर वर्ष की गणना भगवान सूर्य की गति से होती है। चंद्र वर्ष और सौर वर्ष के बीच लगभग 11 दिनों का अंतर रह जाता है। यही अंतर लगभग 32 माह 16 दिन के बाद 1 पूरे महीने के बराबर हो जाता है। तब पंचांग संतुलन बनाए रखने के लिए अतिरिक्त माह जोड़ा जाता है, जिसे अधिक मास कहा जाता है। अधिक मास के दौरान निम्न कार्यों को कराना विशेष फलदायी अधिकमास में गीता, भागवत और रामायण पाठ करना श्रेयस्कर है। इस महीने में श्रीमद्भागवत कथा, गीता पाठ, हरिनाम संकीर्तन और सत्संग करने से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति होती है।

# विश्वामित्र सेना ने मुफ्त सामूहिक यज्ञोपवीत का किया आयोजन

## 51 बटुकों का उपनयन संस्कार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर जिले के सिकटौना ग्राम स्थित श्रीधराचार्य वेद कर्मी गुरुकुलम में 9 अप्रैल को विश्वामित्र सेना ने निशुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 51 बटुकों का वैदिक विधि-विधान से उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने किया। रंगनाथ द्विवेदी के मार्गदर्शन और बनारसी दुबे के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह संस्कार विधिवत संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।

**सनातन परंपरा और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना मुख्य उद्देश्य:** आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को सनातन परंपरा और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना था। इसमें नैतिक मूल्यों के विकास पर जोर दिया गया, जो शास्त्रों में वर्णित "जन्मना जायते शूद्रः, संस्कारात् द्विज उच्यते" के सिद्धांत को दर्शाता है। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए राजकुमार चौबे ने कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, ज्ञान और संस्कारों का आधार तैयार करता है। उन्होंने सनातन धर्म के संरक्षण और उत्थान के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

**सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी विश्वामित्र सेना:** चौबे ने बताया कि विश्वामित्र सेना भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अशोक कुमार उपाध्याय, मोहित बाबा, गोवर्धन चौबे, अर्जुन तिवारी, ओम जी यादव और गुड्डू पांडेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. लोकनाथ द्विवेदी, पंकज पांडेय, बबन तिवारी, जय कुमार तिवारी और विद्यासागर दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस आयोजन ने सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दिया।

## ट्रेन से कटकर किसान की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा।** आरा में दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर मंगलवार को हुए दर्दनाक ट्रेन हादसे में मृत युवक की पहचान तीसरे दिन गुरुवार को हो सकी। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के फिनगी गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह (42) के रूप में हुई है। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

**ट्रेन से गिरकर हुई थी मौत:** जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह बिहिया स्टेशन के पास धर्मेंद्र सिंह ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद रेल पुलिस ने शव को अज्ञात मानते हुए पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया था।

**दो दिन तक खोजते रहे परिजन:** मृतक के चचेरे भाई लक्ष्मण कुमार ने बताया कि, धर्मेंद्र सिंह मंगलवार सुबह बिहिया स्टेशन से ट्रेन पकड़कर बक्सर के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र स्थित अपनी बहन हीरामुनी देवी के घर जा रहे थे। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने खोजबीन शुरू की। बुधवार तक भी उनका कोई सुराग नहीं मिला।

**तस्वीर देखकर हुई पहचान:** गुरुवार को जब परिजन बिहिया स्टेशन पहुंचे तो स्थानीय लोगों से हादसे की जानकारी मिली। इसके बाद वे आरा रेल थाना पहुंचे, जहां शव की तस्वीर देखकर उन्होंने धर्मेंद्र सिंह की पहचान की। हादसा इतना भीषण था कि उनका सिर धड़ से अलग हो गया था, जिससे पहचान में काफी दिक्कत हुई।

**अंतिम संस्कार, गांव में शोक:** पहचान के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव को गांव ले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। धर्मेंद्र सिंह अपने परिवार में दो भाइयों और एक बहन में दूसरे स्थान पर थे। परिवार में मां, बहन हीरामुनी देवी और भाई उपेंद्र सिंह हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सदर अस्पताल में गार्ड की दबंगई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात सुरक्षाकर्मी ने पैसे के विवाद में एक सफाईकर्मी की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। काफी देर तक पिटाई करने के बाद युवक ने भी अपने बचाव में डंडा चलाया, जिसका वीडियो सामने आया है । सुरक्षाकर्मी ने पांच सेकंड में पांच डंडे जड़ दिए। इसके बाद युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से फरार हो गया। पीड़ित युवक बिहिया थाना क्षेत्र के झौवा गांव निवासी नवनीत ठाकुर है।

**पैसा मांगने पर मारने लगे:** पीड़ित नवनीत ने बताया कि सदर अस्पताल में सफाईकर्मी के पद पर तैनात हैं। इसके अलावा बार्बर का काम भी करते हैं। अस्पताल में तैनात प्राइवेट कंपनी के गार्ड विनोद उपाध्याय ने पंद्रह दिन पहले बाल-दाढ़ी बनवाया था। साथ ही अपने के दोस्त का भी बाल कटवाया था। मैंने 40 से 50 रुपए मांगा गया था, लेकिन उन्होंने नहीं दिया। पैसा मांगने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज करते हुए धमकी दी जाती थी। आज जब अपने मेहताना मांगने गए तो भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो ताबड़तोड़ डंडे से पिटाई शुरू कर दी गई।

**हड़ताल पर जाने की चेतावनी:** वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद निजी कंपनी में तैनात आरोपी गार्ड को तत्काल कार्रवाई करते हुए ड्यूटी से हटा दिया गया। कंपनी के द्वारा चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी गई है। इस घटना के बाद अस्पताल में तैनात सफाईकर्मियों में आक्रोश है। अगर गार्ड का रवैया अच्छा नहीं होगा तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री राज कुमार सिंह की नई पारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ **सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर लिखा, 'मैं अब सुप्रीम कोर्ट बार का सदस्य बन गया हूं'**

**आरा।** आरा के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज कुमार सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार राजनीतिक बयानबाजी नहीं बल्कि अपने नए पेशेवर कदम को लेकर। भारतीय जनता पार्टी से निष्कासन के बाद उन्होंने अब सुप्रीम कोर्ट में वकालत शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर लिखा, 'After joining the Supreme Court, मैं अब सुप्रीम कोर्ट बार का सदस्य बन गया हूं। मैं हमारे लोकतंत्र और नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए संघर्ष करूंगा।' तस्वीर सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। समर्थक उन्हें बधाई दे रहे हैं।

**टिकट बंटवारे को लेकर मोर्चा खोला था:** राज कुमार सिंह का भाजपा से अलगाव बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान सामने आया था। टिकट बंटवारे को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्होंने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया था। पार्टी ने उनकी गतिविधियों को अनुशासनहीनता बताते हुए इसे गंभीर मामला माना था। निलंबन के बाद राज कुमार सिंह ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अपने इस्तीफे में उन्होंने संगठन पर कई गंभीर आरोप लगाए और पार्टी की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए थे। तब से लेकर अब तक अलग-अलग राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा की आलोचना करते रहे हैं। अब सक्रिय राजनीति से अलग होकर उनका सुप्रीम कोर्ट में वकालत शुरू करना एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, उनका यह कदम न केवल व्यक्तिगत करियर में बदलाव का संकेत है, बल्कि बिहार की राजनीति में भी नए समीकरणों को जन्म दे सकता है।

# नकली शादी गिरोह का भंडाफोड़, दुल्हन सहित 8 गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दुल्हन समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें चार महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। यह गिरोह नकली शादियां कराकर पैसे और जेवर ठगने का संगठित खेल चला रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दुल्हन, उसके परिजन और नकली पुलिसकर्मी भी शामिल थे। ये सभी मिलकर पूरी योजना के साथ वारदात को अंजाम देते थे। जांच में सामने आया है कि जिस महिला को दुल्हन के रूप में पेश किया गया था, वह पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों की मां है। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब कानपुर निवासी रमा देवी अपने देवर विनय की शादी के लिए बक्सर आई थीं। उन्हें यहां एक लड़की दिखाई गई, जिसे दुल्हन बताया गया। परिवार को दुल्हन का फर्जी आधार कार्ड भी दिखाया गया, जिसमें उसका नाम सरिता और पता राजपुर थाना क्षेत्र का दर्ज था।

**हैदर खान नकली पुलिसकर्मी बनकर निभाता है मुख्य भूमिका:** हालांकि, पुलिस जांच में पता चला कि दुल्हन के रूप में पेश की गई महिला का असली नाम नीतू देवी है। वह बलिया जिले के उजियार की रहने वाली है और पहले से शादीशुदा होने के साथ दो बच्चों की मां भी है। इस ठगी के खेल में उसकी मां मीना देवी और परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल थे। तरकपुरवा निवासी हैदर खान नकली पुलिसकर्मी बनकर इस वारदात को अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाता था। पीड़िता रमा देवी ने मुफस्सिल थाना में शिकायत दर्ज कराई कि शादी के नाम पर उनसे 40 हजार रुपये नकद और जेवर ठग लिए गए। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की और पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। गिरोह के सदस्य पहले शादी की पूरी तैयारी करते थे, जिसमें महिला सदस्य दुल्हन बनती थी और अन्य लोग रिश्तेदार की भूमिका निभाते थे। पैसे और जेवर लेने के बाद अचानक नकली पुलिस की एंट्री होती थी, जिससे डर का माहौल बन जाता था और इसी बीच दुल्हन समेत सभी आरोपी फरार हो जाते थे।

**दुल्हन समेत आठ लोग गिरफ्तार:** इस संबंध में बक्सर के पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि सूचना मिलते ही एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुल्हन समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 38,500 रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवर और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद सामानों के आधार पर गिरोह के अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। वहीं, अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि शादी जैसे मामलों में पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही निर्णय लें, ताकि इस तरह की ठगी से बचा जा सके।

## वीकेएयू के कुलपति को सौंपा गया आवेदन, फर्जी पर कार्रवाई की मांग



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति को एक महत्वपूर्ण आवेदन सौंपा गया है, जिसमें राम नारायण साह सर्वोदया महाविद्यालय से जुड़े एक फर्जी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। महाविद्यालय के कर्मियों द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि एक व्यक्ति खुद को महाविद्यालय का प्रोफेसर बताकर न केवल संस्थान की कार्यप्रणाली में बाधा उत्पन्न कर रहा है, बल्कि अधिकारियों पर झूठे आरोप लगाकर माहौल को भी प्रभावित कर रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त व्यक्ति द्वारा कॉलेज के वित्तीय मामलों में हस्तक्षेप करने, लोगों को भ्रमित करने तथा अनुदान राशि के वितरण में अनियमितता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों पर भी निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। महाविद्यालय कर्मियों ने कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि महाविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## अक्षय तृतीया से पहले सर्राफा बाजार में बढ़ी चमक, झुनबाबू सर्राफ में गहनों की बुकिंग



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** अक्षय तृतीया और आने वाले शादी-विवाह के सीजन को लेकर शहर के सर्राफा बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। इसी क्रम में गंगाराम मदन प्रसाद झुनबाबू सर्राफ में गहनों की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है, जहां ग्राहक अपनी पसंद के जेवर अग्रिम राशि देकर पहले से सुरक्षित कर रहे हैं। दुकान में इन दिनों ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। लोग सोने और डायमंड के आकर्षक डिजाइनों वाले गहनों को पसंद कर रहे हैं और समय से पहले बुकिंग कर सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। खास बात यह है कि डायमंड ज्वेलरी में लगे हीरों के मूल्य पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जिससे ग्राहकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यहां हर सीजन और अवसर के अनुसार नए-नए डिजाइन के गहने उपलब्ध हैं, जो आधुनिकता और परंपरा का बेहतरीन मेल प्रस्तुत करते हैं। इसके साथ ही 92.5 प्रतिशत शुद्धता वाले चांदी के फैंसी जेवर, बर्तन, मूर्तियां और सिक्के भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं, जो खास अवसरों के लिए लोगों की पहली पसंद बन रहे हैं। दुकान के प्रोपराइटर अशोक सर्राफ ने बताया कि अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में सकारात्मक माहौल है और ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी के चलते एडवांस बुकिंग में लगातार तेजी आ रही है।

# घाट पर नकली पुलिस संग दुल्हन गैंग धराया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** शादी के नाम पर जाल बिछाकर दूल्हे पक्ष को महादेवा गंगा घाट पर लूटने वाले संगठित गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया। नकली पुलिस बनकर धमकी देने और दुल्हन के साथ मिलकर लूट को अंजाम देने वाले इस गिरोह के 9 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इनके पास से 38,500 रुपये नगद, गहने, एक ऑटो और कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामला तब सामने आया जब उत्तर प्रदेश के कानपुर की रमा देवी ने मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कोरान सराय थाना क्षेत्र की कलावती देवी और उनके पति रमेश गोड़ ने उनके देवर की शादी कराने का झांसा देकर 7 अप्रैल को फरीदाबाद से बक्सर बुलाया। शादी के नाम पर पहले 50 हजार रुपये और गहनों की मांग की गई, बाद में 40 हजार रुपये और कुछ जेवर पर सौदा तय हुआ। 8 अप्रैल को विनय और कथित दुल्हन नीतु की कोर्ट मैरिज कराई गई। इसके बाद रस्म अदायगी के लिए सभी महादेवा गंगा घाट पहुंचे। यहीं पर दुल्हन को गहने पहनाए गए। लेकिन विदाई के वक्त अचानक बाइक से पहुंचे दो युवक खुद को पुलिस बताकर सभी को थाना ले जाने की धमकी देने लगे। इसी अफरा-तफरी में दुल्हन और उसके साथी नगद व गहने लेकर फरार हो गए। ठगी का एहसास होते ही पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर कॉल किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे मामले की जांच शुरु की और छापेमारी कर दुल्हन समेत 9 आरोपितों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों में नकली दुल्हन नीतु देवी, नकली पुलिस हैदर खां के साथ ही मीना देवी, शिवबचन चौहान, सुनैना देवी, हाकीम चौहान, कलावती देवी और जगजीवन चौहान शामिल हैं। गिरफ्तारी टीम में सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय, मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू भगत आदि रहे।

## सदर अस्पताल को दिया गया पांच व्हील चेयर



**बक्सर।** युवाशक्ति सेवा संस्थान के युवा नेता आकाश कुमार सिंह उर्फ रामजी सिंह के नेतृत्व में सदर अस्पताल बक्सर को पांच व्हील चेयर उपलब्ध कराया गया, जिसे सदर अस्पताल के उपाधीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में सदर अस्पताल द्वारा ग्रहण किया गया। व्हीलचेयर प्रदान करने के बाद युवा नेता रामजी सिंह ने कहा कि मैं कई दिनों से देख रहा था कि सदर अस्पताल में इलाज के लिए आए लोग व्हीलचेयर की कमी के चलते काफी परेशान रह रहे थे। सरकारी व्यवस्था के अनुसार व्हीलचेयर की कमी पूरी होने में बहुत ज्यादा वक्त लगता तो युवाशक्ति सेवा संस्थान ने व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का फैसला लिया। संस्थान के सदस्यों द्वारा अपने पिता के स्मृति में गुरुवार को पांच व्हील चेयर सदर अस्पताल को सौंप दिया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में नवविवाहिता की हत्या, पोखर में जलाकर फेका

**हाजीपुर।** वैशाली में जंदाहा थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल वालों ने हत्या के बाद शव को घर से करीब 500 मीटर दूर चंबर के एक पोखर में जला दिया और अवशेषों को पोखर में फेंक दिया। यह घटना लक्ष्मीपुर बरबट्टा पंचायत के वार्ड संख्या 05 में हुई। बताया जा रहा है कि विवाहिता की हत्या रात के अंधेरे में की गई। इसके बाद ससुराल वालों ने देर रात को ही शव को जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। शव पूरी तरह जल जाने के बाद, आरोपियों ने शव और लकड़ियों के अवशेषों को पोखर में फेंक दिया। मृतका की पहचान 22 वर्षीय नीलम कुमारी के रूप में हुई है, जो रोहित कुमार की पत्नी थीं। उनकी शादी लगभग 11 महीने पहले हुई थी। नीलम कुमारी जंदाहा थाना क्षेत्र के हुद्हुदपुर गांव निवासी बिसुनधारी सिंह की पुत्री थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम ने घटनास्थल से लेकर विवाहिता के ससुराल तक की गहन जांच की है। जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण सैंपल भी एकत्र किए गए हैं। इस संबंध में जंदाहा थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हाजीपुर में रोड एक्सीडेंट में महिला की मौत

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर में शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के सुभाई चौक स्थित केनरा बैंक के सामने हुई। मौत के बाद गुस्सा लोगों ने सड़क मार्ग को जाम कर दिया। जिससे आवागमन पूरी तरीके से प्रभावित हो गई। मृतका की पहचान जंदाहा थाना क्षेत्र के दशप्रहा गांव निवासी सावित्री देवी के रूप में हुई है। उनके पति का नाम किशन राम है। पुलिस के अनुसार, सावित्री देवी सड़क पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सावित्री देवी पिछले एक महीने से अपने मायके दौलतपुर आई हुई थीं। उनके पिता का नाम सुरेन्द्र दास है। बताया जा रहा है कि वह हाजीपुर से अपनी बहन को ट्रेन पकड़वाकर मायके लौट रही थीं। वह अपने सात भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं। उनके दो बेटे हैं। सावित्री देवी कोलकाता में रहती थीं और एक महीने पहले ही मायके आई थीं।

### बहलोलपुर दियारा में भैंस चराने पर फायरिंग

**हाजीपुर।** वैशाली के महनार थाना क्षेत्र अंतर्गत बहलोलपुर दियारा में भैंस चराने को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय थाना और डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। गोलीबारी की सूचना मिलते ही वैशाली, समस्तीपुर और पटना जिलों की पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, बहलोलपुर दियारा में भैंस चराने को लेकर दो पक्षों में पहले कहासुनी हुई। यह विवाद धीरे-धीरे बढ़ा और दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। बहलोलपुर दियारा क्षेत्र तीन जिलों और चार थाना क्षेत्रों में फैला हुआ है। मौके पर महनार, जुड़ावनपुर, पटोरी थाना और पटना की पुलिस टीम मौजूद है। महनार थाना अध्यक्ष के अनुसार, घटना स्थल जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में पड़ता है, जो महनार थाना स्थल से लगभग तीन सौ मीटर दूर है। जिस किसान की जमीन को लेकर विवाद है, वह महनार थाना क्षेत्र का निवासी है। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है और सीमा निर्धारित होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लकड़ी मिल में लगी आग:लाखों की लकड़ी और मशीनें राख

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर बाजार स्थित एक लकड़ी मिल में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपए की कीमती लकड़ी, मशीनें और तैयार सामान जलकर राख हो गए। आग लगने के कारण को लेकर मिल मालिक और अग्निशमन विभाग के बयानों में विरोधाभास है। यह घटना बिदुपुर बाजार में भारत पेट्रोल पंप के उत्तर में स्थित अमरनाथ शर्मा मिल में बीती रात हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी थी। आग इतनी भीषण थी कि मिल में रखा लकड़ी का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मिल मालिक रात में मिल बंद कर घर चले गए थे। आग फैलने के बाद इसकी सूचना मिल मालिक और अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक मिल का अधिकांश सामान जल चुका था। मिल मालिक अमरनाथ शर्मा और उनके परिवार के सदस्यों ने बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिल बंद करते समय वे मुख्य बिजली आपूर्ति का स्विच पूरी तरह बंद कर देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मिल के बाहर रखी चौकी पर कुछ स्थानीय नशेड़ी गांजा और स्मैक का सेवन करते हैं, और उनकी जली हुई चिंगारी से आग लगी हो सकती है।

### वैशाली में बाइक चोरी सीसीटीवी में कैद

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकोसन बाजार स्थित विनोद वस्त्रालय के सामने से एक स्प्लेंडर बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे चोरी की पूरी घटना स्पष्ट होती है। बाइक मालिक कुंदन यादव (पिता अनिल राय, ग्राम जहांगीरपुर श्याम, थाना चांदपुरा ओपी) ने बिदुपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह घर से बाजार मार्केटिंग करने निकले थे। इसी दौरान उन्होंने अपनी स्प्लेंडर बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबरः BR31AE6704) को विनोद वस्त्रालय के सामने खड़ा किया और मार्केटिंग के सिलसिले में चले गए। जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। सीसीटीवी फुटेज में देखा तो पता चला कि एक युवक आराम से बाइक के नजदीक पहुंचता है और मास्टर चाबी की मदद से लॉक खोलकर बाइक लेकर फरार हो जाता है। पूरी वारदात को अंजाम देने में चोर को महज कुछ सेकंड लगे। हालांकि, कैमरे के एंगल और रोशनी मे चोर का चेहरा साफ दिख रहा है। बाइक मालिक कुंदन यादव ने बताया कि वह सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर को पकड़ने के लिए खुद भी जुटा हुआ है। ओर प्रशासन को भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इधर, घटना को गंभीरता से लेते हुए बिदुपुर थाने की पुलिस सक्रिय हो गई है। सीसीटीवी फुटेज और चोर का फोटो के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# पटना में निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर प्रशासन सख्त

## डीएम ने जारी किए कड़े निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** जिले में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस वसूली की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा के नाम पर किसी भी प्रकार की अनियमितता और मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**अभिभावकों की शिकायतों ने बढ़ाई चिंताः** पिछले कुछ समय से अभिभावकों की ओर से यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि कई निजी विद्यालय निर्धारित शुल्क के अलावा प्रवेश शुल्क, विकास शुल्क, वार्षिक शुल्क और अन्य विभिन्न मदों के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूल रहे हैं। कई स्कूल फीस संरचना को स्पष्ट रूप से सार्वजनिक भी नहीं कर रहे थे, जिससे अभिभावकों में असंतोष और भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए।

**डीईओ और एसडीओ को सख्त आदेशः** डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) और सभी अनुमंडल पदाधिकारियों (SDO) को निर्देश दिया है कि वे निजी स्कूलों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें।




उन्होंने कहा कि कोई भी स्कूल बिना अनुमति फीस में बढ़ोतरी नहीं कर सकता और अतिरिक्त शुल्क वसूलना पूरी तरह अवैध माना जाएगा।

**फीस संरचना में पारदर्शिता अनिवार्यः** प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी निजी विद्यालयों को अपनी फीस संरचना नोटिस बोर्ड और आधिकारिक वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी होगी। इससे अभिभावकों को पहले से पूरी जानकारी मिल सकेगी और किसी तरह की गड़बड़ी या छिपाव की गुंजाइश नहीं रहेगी।

**शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई होगीः** डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी अभिभावक की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच की जाए। यदि जांच में कोई स्कूल दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आर्थिक दंड, प्रशासनिक कार्रवाई या अन्य कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

**छात्रों के हित सर्वोपरिः** डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने कहा कि छात्रों और अभिभावकों के हितों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। शिक्षा के नाम पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालना पूरी तरह गलत है और इसे हर हाल में रोका जाएगा।

**शुल्क विनियमन समिति भी सक्रियः** सरकार द्वारा गठित शुल्क विनियमन समिति को भी सक्रिय कर दिया गया है, जो स्कूलों की फीस से जुड़ी शिकायतों की जांच करेगी और आवश्यक होने पर कार्रवाई की सिफारिश करेगी। इससे फीस निर्धारण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और नियंत्रित होने की उम्मीद है।

जिला प्रशासन की इस सख्ती से अभिभावकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से जारी मनमानी फीस वसूली पर अब लगाम लगने के संकेत मिल रहे हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

## दौलतपुर में अवैध शराब पर पुलिस का बड़ा एक्शन, 705 लीटर महुआ शराब जब्त, माफिया फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** जिले के आईआईटी अमहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत दौलतपुर गांव में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में देसी महुआ शराब जब्त की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने करीब 705 लीटर अवैध शराब बरामद की, हालांकि कार्रवाई की भनक लगते ही शराब माफिया मौके से फरार हो गए। आईआईटी अमहारा थाना प्रभारी रौशन कुमार राज ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को लंबे समय से इस इलाके में अवैध शराब निर्माण और तस्करी की सूचना मिल रही थी।

इसी आधार पर टीम गठित कर दौलतपुर गांव में छापेमारी की गई। मौके पर पहुंचते ही पुलिस ने बड़े पैमाने पर तैयार देसी महुआ शराब बरामद कर जब्त कर लिया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि यहां काफी समय से अवैध शराब का कारोबार चल रहा था, जिसे अब पूरी तरह खत्म करने के लिए पुलिस सख्ती बरत रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार, मौके से फरार हुए शराब तस्करों की पहचान की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने साफ किया है कि इस अवैध धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में पहले भी कई बार अवैध शराब के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर चुकी है, लेकिन इसके बावजूद यह धंधा पूरी तरह बंद नहीं हो पाया है। इससे यह साफ होता है कि शराब माफिया लगातार सक्रिय हैं। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास हो रही किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## मोतिहारी में छुट्टी पर आए आर्मी जवान की सड़क हादसे में मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मोतिहारी।** जिले के संग्रामपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में छुट्टी पर घर आए सेना के जवान अशोक कुमार सिंह की मौत हो गई। लकड़ी लदे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि अशोक कुमार सिंह कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर अपने घर आए थे और 18 अप्रैल को ड्यूटी जॉइन करने वाले थे।

इसी बीच संग्रामपुर इलाके में सड़क किनारे जाते समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक लकड़ी से लदा हुआ था और अनियंत्रित गति में था, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी हालत बेहद गंभीर थी। चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और भारी लोड को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। अशोक कुमार सिंह अपने परिवार के बड़े बेटे थे और अपने पीछे पत्नी तथा तीन साल की बेटी अनमोल कुमारी को छोड़ गए हैं। पिता की मौत से अनजान मासूम बेटी अब हमेशा के लिए उनकी गोद से वंचित हो गई है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अशोक कुमार सिंह बहादुर और मिलनसार स्वभाव के थे। वे हमेशा युवाओं को सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित करते थे। उनकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल है। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर करता है, जिसने एक परिवार की खुशियां पलभर में छीन लीं।

## दानापुर में गिफ्ट दुकान में भीषण आग 10 लाख की संपत्ति जलकर राख

### शॉर्ट सर्किट की आशंका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** दानापुर थाना क्षेत्र के विजय सिंह यादव पथ स्थित त्रिभुवन स्कूल के पास शुक्रवार सुबह एक गिफ्ट दुकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। 'किड्स एंड मॉम गिफ्ट कॉर्नर' नामक दुकान में लगी इस आग से लगभग 10 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई।

सुबह करीब 7 बजे राहगीरों ने दुकान से धुआं निकलते देखा। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें बाहर तक निकलने लगीं, जिससे आसपास के दुकानदारों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दुकान मालिक और अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की 5 गाड़ियां—3 छोटी और 2 बड़ी—मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के साथ आग पर काबू पाया। उनकी त्वरित कार्रवाई से आसपास स्थित किराना और ज्वेलरी दुकानों को भी सुरक्षित बचा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दुकान मालिक अमित कुमार ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि करीब 10 हजार रुपये नकद भी आग की भेंट चढ़ गए। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

अग्निशमन विभाग के सहायक अधिकारी विजय शंकर यादव के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रही है। हालांकि, पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में बड़ा नुकसान होने से बच गया। फिलहाल प्रशासन सतर्क है और इलाके में स्थिति सामान्य है।

## पटना में 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' का आयोजन 12-13 अप्रैल को, युवाओं को नीति-निर्माण से जोड़ने की पहल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' का आयोजन 12 और 13 अप्रैल को पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी गई। यह आयोजन देशभर के युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और नीति-निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बनने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

**युवाओं को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर पर मंचः** कार्यक्रम में राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और युवाओं को संबोधित कर प्रेरित करेंगे। इस आयोजन में वे प्रतिभाशाली युवा भाग ले रहे हैं, जिन्होंने बहु-स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अब राष्ट्रीय मंच पर अपने विचार रखने के लिए तैयार हैं।

**प्रधानमंत्री से वर्चुअल संवाद होगा मुख्य आकर्षणः** 13 अप्रैल को कार्यक्रम का सबसे अहम सत्र आयोजित होगा, जिसमें बिहार से चयनित 838 प्रतिभागी देशभर के टॉप प्रतिभागियों के साथ केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं पर




चर्चा करेंगे। इसी दिन नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के 17 स्थानों से 15 हजार से अधिक युवा जुड़ेंगे।

**तीन चरणों में पूरी हुई प्रतियोगिताः** 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' को तीन चरणों में आयोजित किया गया—

पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता

दूसरे चरण में विकास के 9 प्रमुख विषयों पर निबंध प्रतियोगिता

तीसरे चरण में राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ संवाद

इस पहल में देशभर से 12 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया, जबकि 46,500 से ज्यादा निबंध प्राप्त हुए। यह अभियान युवाओं को नीति-निर्माण से जोड़ने के सबसे बड़े प्रयासों में से एक बन गया है।

**विकास के अहम मुद्दों पर होगा मंथनः** पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में 'विकसित कृषि', 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था', 'किसान कल्याण', 'शिक्षा', 'कौशल विकास' और 'रोजगार' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा होगी। इन चर्चाओं का उद्देश्य युवाओं के सुझावों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना और नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

**महिला युवा संसद और साइक्लिंग अभियान भी होंगे खासः** 12 अप्रैल को 'महिला युवा संसद' का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय 'नारी शक्तिः विकसित भारत की आवाज' रखा गया है। इसमें महिला प्रतिभागी 'महिला आरक्षण विधेयक' पर संसदीय शैली में चर्चा करेंगी और प्रस्ताव पारित करेंगी। इसके अलावा, सामुदायिक भागीदारी और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 12 अप्रैल की शाम भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का आयोजन भी किया जाएगा। यह आयोजन न केवल युवाओं को अपनी बात रखने का अवसर देगा, बल्कि उन्हें देश के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित भी करेगा।

## बिहार विधानसभा और सीवान सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार में एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाली घटना सामने आई है। बिहार विधानसभा और सीवान सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई, जिसके बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं।

**ईमेल से मिली धमकी, तुरंत शुरू हुई जांचः** शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे अज्ञात ईमेल के माध्यम से बिहार विधानसभा को उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंच गए। पूरे विधानसभा परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

**कर्मियों को बाहर निकालकर की गई जांचः** सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विधानसभा परिसर में मौजूद सभी कर्मियों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद हर कार्यालय, कक्ष, रेस्टोरेंट और कैंटीन की बारीकी से जांच की गई। हालांकि घंटों की तलाशी के बाद भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ।

**धमकी भरे संदेश में साइनाइड गैस का जिक्रः** ईमेल में दावा किया गया था कि दोपहर करीब सवा दो बजे विधानसभा को साइनाइड गैस से निशाना बनाया जाएगा। संदेश में बांग्लादेश के अब्दुल सईद समेत कुछ लोगों पर कथित अत्याचार का हवाला दिया गया। ईमेल भेजने वाले ने खुद को "इस्लामिक फ्राइडे एंटी क्राइस्ट" नामक संगठन से जुड़ा बताया है।

**सीवान सिविल कोर्ट को भी धमकीः** इस धमकी में केवल बिहार विधानसभा ही नहीं, बल्कि सीवान सिविल कोर्ट को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। सीवान सिविल कोर्ट को भी उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।

**साइबर सेल जुटी जांच मेंः** पटना पुलिस के अनुसार, यह धमकी अज्ञात ईमेल आईडी से भेजी गई है। साइबर सेल की टीम ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

**पहले भी मिल चुकी है धमकीः** गौरतलब है कि 13 मार्च 2026 को भी बिहार विधानसभा को इसी तरह बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके अलावा पटना सिविल कोर्ट समेत कई जिलों के न्यायालयों को भी पहले धमकी मिल चुकी है। बार-बार मिल रही ऐसी धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

**पुलिस की अपीलः** बिहार पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है।

## पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों का उग्र आंदोलन, गर्दनीबाग में आमरण अनशन शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित धरनास्थल पर सैकड़ों शिक्षक अभ्यर्थियों ने चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4) का विज्ञापन जारी करने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। अभ्यर्थियों ने शुक्रवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया है और स्पष्ट कर दिया है कि जब तक बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) टीआरई-4 का नोटिफिकेशन जारी नहीं करता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

**"अब आर-पार की लड़ाई" — अभ्यर्थीः** आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि पिछले साल से ही अभ्यर्थी लगातार बीपीएससी से शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि "आज 10 अप्रैल से हम आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। अब यह आर-पार की लड़ाई है।" उन्होंने बताया कि लाखों अभ्यर्थी पिछले दो वर्षों से टीआरई-4 की वैकेंसी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

**वादा हुआ, लेकिन विज्ञापन नहीं आयाः** अभ्यर्थियों का आरोप है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में बीपीएससी ने नोटिस जारी कर कहा था कि अधियाचना मिल चुकी है और जल्द ही विज्ञापन जारी किया जाएगा। लेकिन 45 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई विज्ञापन जारी नहीं हुआ। दिलीप कुमार ने कहा कि बार-बार आश्वासन देकर अभ्यर्थियों को गुमराह किया गया है। इस देरी के कारण कई उम्मीदवारों की उम्र सीमा भी समाप्त होने के कगार पर है, जिससे उनमें भारी आक्रोश है।




**मार्च में भी मिला था भरोसा, नहीं हुई कार्रवाईः** छात्र नेता ने बताया कि 18 मार्च को हुए आंदोलन के दौरान बीपीएससी अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में कहा गया था कि शिक्षा विभाग से अधियाचना मिलते ही चार दिनों के भीतर विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। साथ ही मार्च के अंत तक नोटिफिकेशन आने का भरोसा दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**सरकार और आयोग पर आरोपः** अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग और बीपीएससी के बीच समन्वय की कमी के कारण लाखों युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'समृद्धि यात्रा' के दौरान भर्ती की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

**आंदोलन और तेज करने की चेतावनीः** अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही टीआरई-4 का विज्ञापन जारी नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और पटना में व्यापक स्तर पर महा आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल गर्दनीबाग धरनास्थल पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और प्रशासन भी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड : नक्सली राम मोहन सिंह मुंडा की जमानत याचिका खारिज



**रांची।** पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में 2016 से जेल में बंद नक्सली राम मोहन सिंह मुंडा की जमानत याचिका एनआईए की विशेष कोर्ट ने खारिज कर दी। राम मोहन सिंह मुंडा उर्फ मोचू नक्सली साजिश रचने और हत्या मामले में आरोपित है। उल्लेखनीय है कि मामला बुंडू थाना कांड संख्या 65/2008 से जुड़ा है। 9 जुलाई 2008 को तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा की नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसकी जांच एनआईए को सौंपी गई थी। आरोपित राम मोहन सिंह मुंडा को 8 जुलाई 2016 को गिरफ्तार किया गया था। तब से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। एनआईए ने राम मोहन सिंह मुंडा को 23 नवंबर 2017 को एप्रूवर (गवाह) बनाया है। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि आरोपी अब गवाह बन चुका है। बयान पूरा हो चुका है और ट्रायल लंबा चल रहा है। वहीं एनआईए ने कहा कि कानून के अनुसार एप्रूवर को ट्रायल खत्म होने तक हिरासत में रखना अनिवार्य है। मामले में पूर्व मंत्री राजा पीटर और कुख्यात नक्सली कुंदन पाहन ट्रायल फेस कर रहे हैं।

### सखी वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन, महिलाओं को मिलेगी 24 घंटे सहायता



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले में महिलाओं को बेहतर सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चक्रधरपुर में शुक्रवार को दूसरे सखी वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन उपायुक्त चंदन कुमार ने किया। जिले में पहले से एक सखी वन स्टॉप सेंटर चाईबासा में संचालित है। दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए चक्रधरपुर में दूसरे सेंटर की स्वीकृति दी गई है। इस सेंटर के माध्यम से हिंसा या मानसिक उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी सहायता, चिकित्सा सुविधा, मनो-सामाजिक परामर्श, पुलिस सहायता, आकस्मिक सहायता और पांच दिनों तक अस्थायी आश्रय निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत हिंसा से प्रभावित महिलाओं को विभिन्न प्रकार की सहायता एक ही स्थान पर दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत मारपीट, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक, यौन शोषण, बाल यौन शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह, बलात्कार, गुमशुदगी या अपहरण, साइबर क्राइम और महिला तस्करी से पीड़ित महिलाएं सहायता प्राप्त कर सकती हैं। सेंटर से 24 घंटे सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्डलाइन 1098 पर संपर्क किया जा सकता है। उद्घाटन कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट चक्रधरपुर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चक्रधरपुर, महिला पर्यवेक्षिका, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सखी वन स्टॉप सेंटर चक्रधरपुर के कर्मचारी और सेविकाएं उपस्थित थे।

# उच्च न्यायालय ने सीओ से पूछा, कब्जा हटाने की बजाय निर्माण ध्वस्त क्यों किया

**एजेंसी। रांची**




महादेव उरांव की अवमानना याचिका पर शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। मामले में अदालत के आदेश के आलोक में सर्किल ऑफिसर (सीओ), हेहल की ओर से सो कॉज दायर किया गया। उनकी ओर से अदालत को बताया गया कि हस्तक्षेपकर्ताओं को तीन बार नोटिस दिया गया था, लेकिन उन्होंने आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। इसके बाद उनके स्ट्रक्चर (निर्माण) को तोड़ने की कार्रवाई शुरू हुई। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि भूमि से कब्जा हटाने की बजाय आपने निर्माण ध्वस्त क्यों किया। कोर्ट ने प्रार्थी से पूछा है कि उन्होंने रिट याचिका दाखिल करते समय हस्तक्षेपकर्ताओं से एग्रीमेंट करने व उनसे पैसा लेने के तथ्यों को क्यों छुपाया। कोर्ट ने मामले में प्रार्थी से भी जवाब मांगा है। अदालत ने हस्ताक्षेपकर्ताओं (पीड़ितों) को पूर्व में दी गई अंतरिम राहत (उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक) अगले आदेश तक के लिए बरकरार रखी है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की अदालत ने मामले में हस्ताक्षेपकर्ताओं की हस्तक्षेप याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें मामले में प्रतिवादी बनाया है और सीओ के सो कॉज पर अपना प्रति उत्तर देने को कहा है। अगली सुनवाई 8 मई को होगी। यह मामला सुखदेवनगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाए जाने से संबंधित है। हस्तक्षेपकर्ता की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि रांची जिला प्रशासन ने खादगड़ा शिव दुर्गा मंदिर रोड स्थित मुंडारी प्रकृति की जमीन पर बने 12 घरों को तोड़ने का आदेश दिया है। इसके तहत बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की गई थी, जिसका स्थानीय निवासी विरोध कर रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने प्रति कट्ठा 5.25 लाख रुपये के हिसाब से भुगतान कर जमीन खरीदी है और यहां घर बनाकर वर्षों से रह रहे हैं। लोगों का आरोप है कि 38.25 डिसमिल जमीन के लिए उन्होंने कुल भुगतान लगभग 1 करोड़ 8 लाख 93 हजार 750 रुपये किया गया था, लेकिन अब उन्हें बेदखल किया जा रहा है।

### दक्षिण भारत की शैक्षणिक भ्रमण कर लौटी रांची विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की टीम



**एजेंसी। रांची**

दक्षिण भारत का शैक्षणिक भ्रमण कर रांची विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की टीम शुक्रवार को वापस लौटी। भूगोल विभाग के 81 विधार्थियों ने 12 दिनों तक भौतिक सर्वेक्षण के अन्तर्गत दक्षिण भारत का भौगोलिक भ्रमण किया। टीम ने 30 मार्च से 10 अप्रैल तक भौगोलिक भ्रमण किया। इनमें एर्नाकुलम , मुनार स्थित केरला फार्म, स्पाइस गार्डन, टाटा टी म्यूजियम, यूको पॉईंट कुंडाला लेक, बोटॉनिकल गार्डन, रामेश्वरम स्थित पमबन ब्रिज, ज्योतिर्लिंग, विभीषण मंदिर, धनुष कोटी, राम सेतु, कलाम हाउस, कन्याकुमारी स्थित सनराईज, विवेकानंद रॉक, कन्याकुमारी मन्दिर, कैथोलिक चर्च, सनसेट, कन्याकुमारी स्टेशन, पोवार बैक वाटर बोटिंग, कोबलम सी बीच, त्रिवेन्द्रम स्थित पद्मनाभ स्वामी मंदिर, केरला जू सहित अन्य शामिल है। विधार्थियों की टीम को लेकर हेरिटेज इंडिया के निदेशक मनोज सिंह विश्वविद्यालय भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, डॉ राजेश कुमार लाल, डॉ हेमलाल कुमार मेहता एवं शंकर राम गए थे।

## झारखंड पुलिस मुख्यालय ने फर्जी निकासी मामले में सभी जिलों से मांगी वित्तीय निकासी की जांच रिपोर्ट

**एजेंसी। रांची**




झारखंड में पुलिस कार्यालयों से संदिग्ध वित्तीय निकासी का मामला सामने आने के बाद पुलिस मुख्यालय ने कड़ा कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार सभी जिलों और इकाइयों को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। यह कदम प्रधान महालेखाकार की रिपोर्ट में बोकारो पुलिस कार्यालय से वेतन मद में अनियमित भुगतान उजागर होने के बाद उठाया गया है। मुख्यालय की ओर से रांची, जमशेदपुर और धनबाद के एसएसपी, सभी जिलों के एसपी, विभिन्न पुलिस इकाइयों के समादेष्टा, रेंज डीआईजी और जोनल आईजी को पत्र भेजकर अपने-अपने कार्यालयों में हुई वित्तीय निकासी की जांच करने को कहा गया है। साथ ही वित्त और गृह विभाग के स्तर से प्राप्त पत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया है। मिली जानकारी के अनुसार बोकारो एसपी कार्यालय से मई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच वेतन मद में करीब 3.15 करोड़ रुपये का भुगतान संदिग्ध पाया गया है। वहीं समीक्षा के दौरान हजारीबाग एसपी कार्यालय से पिछले आठ वर्षों में 15.41 करोड़ रुपये से अधिक की अनियमित निकासी का मामला भी सामने आया है। प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि सेवानिवृत्त कर्मियों या ऐसे व्यक्तियों को भुगतान किया गया, जो वास्तविक रूप से संबंधित कार्यालय में कार्यरत नहीं थे। कुछ मामलों में अभिलेखों का मिलान किए बिना वेतन जारी किया गया। बोकारो मामले में तो एक सेवानिवृत्त व्यक्ति के जीपीएफ विवरण में जन्मतिथि में बदलाव कर उसे कार्यरत दिखाकर भुगतान करने की बात भी सामने आई है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कई मामलों में स्वीकृत वेतन से अधिक राशि का मासिक भुगतान किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया में निचले स्तर के लिपिकीय कर्मचारियों से लेकर वरीय अधिकारियों तक की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस मुख्यालय को आशंका है कि इसी तरह की अनियमितताएं अन्य जिलों में भी हो सकती हैं, इसलिए सभी इकाइयों से रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## ग्राम प्रधानों की बैठक में पड़हा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने पर जोर

**एजेंसी। खूंटी**



कर्रा प्रखंड क्षेत्र में ग्राम प्रधान पड़हा व्यवस्था को सुचारु, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से शनिवार को प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष सह पडहा संयोजक दिशुम गोमके महादेव मुंडा ने की। बैठक में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए महादेव मुंडा ने कहा कि ग्राम प्रधानों के कार्यों को व्यवस्थित और जवाबदेह बनाने के लिए सचिव का चयन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सहायक सचिव के पद पर महिला का चयन किया जाएगा, ताकि प्रशासनिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और कार्यों में संतुलन व पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी रजिस्टर के पन्नों का सत्यापन सचिव की ओर से किया जाएगा, जिससे अभिलेखों की विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने ग्राम प्रधानों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के पड़हा राजा क्षेत्र का स्पष्ट सीमांकन सुनिश्चित करें। साथ ही क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों की संख्या, विद्यालय, मंदिर, गिरजाघर, मस्जिद और सरना स्थलों की विस्तृत जानकारी रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्रीय संरचना को समझने और विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। महादेव मुंडा ने परंपरागत व्यवस्था को बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम प्रधान का चयन रूढ़िवादी परंपरा के अनुसार गांव के पहान के रूप में ही होना चाहिए। यदि किसी अन्य समुदाय से ग्राम प्रधान चुना जाता है, तो उसे प्राप्त मानदेय ब्याज सहित वापस करना होगा और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। बैठक में ग्राम प्रधानों को विकास कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए ग्राम विकास, निगरानी समिति, स्वास्थ्य एवं पेयजल, शिक्षा, कृषि, बाजार, मद्य नियंत्रण, बाल विकास और महिला विकास सहित नौ विभागों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। बैठक के अंत में सभी ग्राम प्रधानों से पड़हा व्यवस्था को मजबूत बनाने और समाज के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।

### बढ़मिता गांव के पास मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित कुमारडूंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़मिता गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिला। ग्रामीणों ने सुबह गांव के पास संदिग्ध अवस्था में शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना कुमारडूंगी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार युवक ने नीले रंग का पैंट और हल्का पीला-सफेद रंग का गंजी पहन रखा है। शव की स्थिति को देखते हुए मामला संदिग्ध माना जा रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है,लेकिन फिलहाल कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। कुमारडूंगी थाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल,चाईबासा भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। साथ ही शव की पहचान के लिए आसपास के थानों को सूचना दे दी गई है और लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड से भी मिलान किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल हत्या या किसी अन्य कारण से मौत होने की पुष्टि नहीं हो सकी है।

### युवती ने फांसी लगाकर दे दी जान, प्रेमी विजय पर केस दर्ज

**पूर्वी सिंहभूम।** सोनारी थाना क्षेत्र पुराना सोनारी की 27 वर्षीय युवती की आत्महत्या के मामले में उसके पिता बैजनाथ प्रसाद ने शुक्रवार को सिदगोड़ा निवासी विजय कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण (उकसाने) का मामला दर्ज कराया है। पिता का आरोप है कि युवक की बातों और व्यवहार से उनकी बेटी मानसिक रूप से आहत हो गई थी, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। घटना गांधी रोड,पुराना सोनारी की है। मृतका की पहचान पूजा कुमारी के रूप में हुई है। उसके पिता बैजनाथ प्रसाद ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि 9 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे पूजा ने घर के एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा,जहां वह पंखे से फंदे के सहारे लटकी मिली। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार,पूजा की शादी की बातचीत चल रही थी और हाल ही में परिवार वाले लड़का देखने गए थे। इस दौरान पूजा भी साथ थी। वहां से लौटने के बाद उसने अपने माता-पिता को बताया कि उसका एक युवक से प्रेम संबंध है और वह उसी से शादी करना चाहती है। बताया जाता है कि दोनों की मुलाकात चाईबासा में बीटेक की पढ़ाई के दौरान हुई थी।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**Email ID - dswopalamau@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

उपायुक्त, पलामू के आदेशानुसार पलामू जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर चिन्हित होने वाले अति गंभीर कुपोषित (SAM) बच्चों को प्रत्येक माह अतिरिक्त पोषाहार के रूप में दिये जाने वाले शिशु शक्ति ATHR (Augmented Take Home Ration) की आपूर्ति DMFT मद से किया जाना है। इस हेतु कार्यालय ज्ञापांक–2959/जि0स0क0, दिनांक–18.12.2025 द्वारा प्रकाशित निविदा निरस्त करते हुए अतिरिक्त पोषाहार शिशु शक्ति ATHR की आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा Double Envelop System पद्धति के अनुरूप मुहरबन्द लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में दिनांक 18.04.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदा को दिनांक 18.04.2026 को ही अपराह्न 03:00 बजे गठित जिला क्रय समिति/निविदा निस्तारण समिति द्वारा जिला समाज कल्याण कार्यालय वेश्म में निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि शिशु शक्ति ATHR के नमूने के साथ भाग लेंगे।

निविदा की शेष शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट–www.palamu.nic.in एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 377116 District(26-27)#D



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 539/जि0अ0, दिनांक 17.03.2026 द्वारा निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 27/2025-26 (PR No-375408) अन्तर्गत कुल 05 पंचायत भवन के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था। निदेशानुसार उक्त में से निम्नांकित 01 योजना की निविदा अपरिहार्य कारणो से रद्द की जाती है:–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना का नाम | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 | Tender ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | रजवाडीह | नया पंचायत भवन रजवाडीह का निर्माण। | NIT-27/ 2025-26/ Gr-02 | 2026_ZPPAL _111835_1 |

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 377177 District(26-27).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट **निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR/01/2026-27, दिनांक–06.04.2026** द्वारा Changing or Rotten Riser pipe कार्य जो **PR No. 376819** Drinking Water and Sanitation (26-27).D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय मे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 13.04.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक। | 11.04.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक। |
| 2 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक। | 16.04.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य –एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक। | 16.04.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 23.04.2026 को 05:00 बजे अपराह्न। | 17.04.2026 को 05:00 बजे अपराह्न। |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 377194 Drinking Water and Sanitation(26-27)#D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय गढ़वा**
**(उत्पाद शाखा)**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के उत्पाद एवं मद्य निशेध विभाग की अधिसूचना संख्या 903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित ''झारखण्ड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 तथा विभागीय अधिसूचना संख्या 718 दिनांक 26.03.2026 द्वारा अधिसूचित ''झारखण्ड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) (संशोधन) नियमावली, 2026'' में वर्णित नियमों/शर्तों के तहत गढ़वा जिला के लिए स्वीकृत ''देशी शराब की ऑफ एवं ऑन दुकानों'' तथा ''ऑफ एवं ऑन कम्पोजिट दुकानों की बंदोबस्ती इस अधिसूचना के अनुसूची में वर्णित एकल दुकान अथवा दुकानों के समूह के अनुसार दिनांक 17.04.2026 अथवा आवश्यकतानुसार अगले कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाह्न से ई–लॉटरी विधि से किया जायेगा।

2. ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट www.garhwa.nic.in उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट **जिला समाहरणालय** में आवेदकों द्वारा देखा जा सकेगा। बंदोबस्ती हेतु आवेदन **दिनांक 11.04.2026 के प्रात 10:00 बजे से दिनांक 15.04.2026 के संध्या 05:00 बजे तक** समर्पित की जा सकेगी। आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in पोर्टल पर ऑनलाईन विधि से समर्पित की जायेगी। ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकान समूह हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदन शुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET Banking/NEFT/RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल पर प्राप्त किया जायेगा।

3. खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती में भाग लेने की अर्हता, आवेदन के साथ समर्पित किये जाने वाले कागजात, लॉटरी की प्रक्रिया, दुकानों हेतु आवेदन समर्पित करते समय जमा किये जाने वाले शुल्क तथा लॉटरी में सफल होने के पश्चात आवेदक द्वारा जमा किया जाने वाला जमानत की राशि, अनुज्ञप्ति शुल्क एवं अग्रिम उत्पाद परिवहन कर, दुकानों की कालावधि, अनुज्ञप्तियों के संचालन की सामान्य शर्तें एवं संचालन प्रक्रिया, नवीकरण की शर्तें, अनुज्ञप्तियों का निलंबन, निरस्तीकरण और शास्तियों से संबंधित शर्तें ''झारखण्ड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' तथा ''झारखण्ड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) (संशोधन) नियमावली, 2026'' में वर्णित शर्तों के अनुरूप होंगी एवं ये सभी बिक्री अधिसूचना की शर्तें समझी जायेंगी।

ह0/–
उपायुक्त,गढ़वा

PR 377204 (Excise)26-27*D



**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–04/2026–27**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–04/2026-27/EE/BCD/GARHWA दिनांक–10.04.2026

1.कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Redevelopment of Pond and Construction of Ghat at Fishery, Bhandariya Under Garhwa District for the Year 2026-27 | ` 98,08,000.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– **06 (छः) माह**
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17.04.2026 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 24.04.2026 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,एवं भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 25.04.2026 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02,राँची पिन कोड–834001
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
14. प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत हीं भुगतान किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 377209 Building(26-27).D

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर के करण धनेलिया बने वर्ल्ड क्लास 2026 फाइनल्स के चैंपियन

**भोपाल।** इंदौर का प्रतिनिधित्व कर रहे करण धनेलिया को डियाजियो इंडिया के वर्ल्ड क्लास फाइनल्स (भारत, नेपाल और श्रीलंका) के 12वें संस्करण में बारटेंडर ऑफ द ईयर 2026 चुना गया है। भारत की सबसे प्रतिष्ठित बारटेंडिंग प्रतियोगिताओं में से एक यह मुकाबला 27 और 28 मार्च को गुरुग्राम के ले मेरिडियन में आयोजित दो दिवसीय फाइनल के साथ शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस साल का फाइनल खास रहा, जिसमें टॉप 8 में अब तक की सबसे ज्यादा महिला भागीदारी देखने को मिली। साथ ही जयपुर, कोयंबटूर, चंडीगढ़, अमृतसर जैसे टियर-2 शहरों के प्रतिभागियों के साथ देश के बड़े शहरों की भी मजबूत मौजूदगी रही। खास बात यह रही कि देश के दिल कहे जाने वाले इंदौर, जो अपने खाने के लिए मशहूर है, अब कॉकटेल कल्चर में भी अपनी पहचान बना रहा है। फाइनल्स के दौरान इंदौर के एटेलियर वी से करण धनेलिया अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहे। उनके आत्मविश्वास, शांत स्वभाव और फ्लेवर्स के साथ किए गए प्रयोगों ने उन्हें बाकी प्रतिभागियों से अलग बनाया। उन्होंने एक खास ड्रिंक तैयार की, जिसमें अनियन सोडा और स्पिरुलिना सिरप का इस्तेमाल किया गया था, जो अपनी अलग सोच और स्वाद के कारण जजों पर गहरी छाप छोड़ गया। वहीं, स्पीड राउंड में क्लासिक ड्रिंक्स की उनकी समझ ने उन्हें बढ़त दिलाई और जीत सुनिश्चित की।

### नोएडा में यूपी रोडवेज बसों का सफर हुआ महंगा, 50 से अधिक बसों का किराया बढ़ा

**नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में टोल टैक्स की दरें बढ़ने के कारण नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से चलने वाली रोडवेज बसों का किराया बढ़ा दिया गया है। किराए में एक से छह रुपये तक की वृद्धि की गई है। ऐसे में यात्रियों को यात्रा के लिए अधिक भुगतान करना पड़ेगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में 305 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो से कई शहरों के लिए बसें चलती हैं। हालांकि लंबी दूरी में लखनऊ के अलावा अन्य किसी शहर के लिए डिपो से बस नहीं है। 50 से अधिक बसों का किराया बढ़ा डिपो से



मिली जानकारी के मुताबिक, 50 से अधिक बसों का किराया बढ़ा है। यह बसें एटा, कासगंज, बंदायू, बरेली, कालागढ़ आदि शहरों के लिए डिपो से चलती हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि सभी रूट की बसों का किराया नहीं बढ़ा है। कुछ ही रूट की बसों के किराए में वृद्धि हुई है। बसों का किराया टोल दरें बढ़ने के कारण बढ़ा है। यह केंद्रीयकृत व्यवस्था जो टोल दरें बढ़ने पर ऑटोमेटिक तरीके से लागू हो जाती है। ऐसे में यात्रियों पर इसका कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। इन शहरों के लिए चलती हैं दोनों डिपो से बसेंनोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से कई शहरों के लिए बसें चलती हैं। इसमे आगरा, मथुरा, बुलंदशहर, एटा, कासगंज, बंदायू, कालागढ़, हरिद्वार, कोटद्वार, देहरादून, लखनऊ, मेरठ, बरेली, सहारनपुर समेत अन्य शहरों के लिए बसों की सुविधा शामिल है। डिपो की अपनी वातानुकूलित बसें नहीं है। अन्य डिपो की वातानुकूलित बसें नोएडा डिपो होकर गुजरती हैं। इसमें आगरा, लखनऊ, गोरखपुर आदि शहरों के लिए वातानुकूलित बसें शामिल हैं। इससे पहले अप्रैल 2023 में यूपी रोडवेज बसों ने किराए में वृद्धि की थी। टोल दरों में इजाफे के बाद यह निर्णय लिया गया था।

# गलती वकील की, तो सजा निर्दोष मुकदमा लड़ने वाले को क्यों

## हाईकोर्ट का अहम फैसला, हाई कोर्ट ने कहा- उदार रवैया अपनाना चाहिए

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि वकीलों की लापरवाही या चूक के कारण मुकदमा लड़ने वालों को परेशानी या नुकसान नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जब कोई पक्षकार वकील नियुक्त कर देता है, तो वह यह मानकर चलता है कि उसका मामला सही तरीके से पेश किया जाएगा।

जस्टिस बिभु दत्ता गुरु ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले में की, जिसमें जमीन के विवाद में फंसे कुछ लोग अपना केस ठीक से लड़ नहीं पाए, क्योंकि उनके वकील ने उन्हें ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही के बारे में ठीक से जानकारी नहीं दी थी। जिसके कारण वो नियत समय के अंदर फैसले के खिलाफ याचिका नहीं लगा पाए थे, वहीं जब उन्होंने याचिका लगाई तो





निर्धारित समयसीमा गुजरने की बात कहते हुए अदालत ने उनकी अपील को ठुकरा दिया था। जिसके बाद हाईकोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए इस मामले में हुई देरी को माफ़ कर दिया और ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि वह याचिकाओं पर उनके गुण-दोष के आधार पर फिर से विचार करने का निर्देश दिया।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार जब ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की गैर-मौजूदगी में उनके खिलाफ फैसला सुनाया, तो उन्होंने अपने वकील को ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का निर्देश दिया। लेकिन वकील ने तय समयसीमा के अंदर अपील दायर नहीं की और मुवक्किल की फाइल को बस दूसरे वकील के पास भेज दिया। बाद में वकील द्वारा इस बारे में अपील दायर की गई और साथ ही अपील दायर करने में हुई देरी को लेकर एक माफी की अर्जी भी दी गई। लेकिन, संबंधित कोर्ट ने देरी को माफ करने से इनकार कर दिया और अपील को इस आधार पर खारिज कर दिया कि इसे तय कानूनी समय-सीमा के अंदर दायर नहीं किया गया था। इसके बाद, परेशान लोगों ने राहत पाने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के बाद 8 अप्रैल को दिए गए अपने फैसले में हाई कोर्ट ने जोर देकर कहा कि ऐसे मामलों में कोर्ट को उदार रवैया अपनाना चाहिए, जिसमें वकील की लापरवाही की वजह से किसी मुकदमा लड़ने वाले की गैर-मौजूदगी में फैसला सुनाया गया हो। सुप्रीम कोर्ट के सुनाए एक फैसले का उदाहरण देते हुए हाई कोर्ट ने कहा, 'माननीय उच्चतम न्यायालय ने रफीक बनाम मुंशीलाल (1981) केस में यह फैसला दिया था कि किसी मुकदमा लड़ने वाले को उसके वकील की गलती, लापरवाही या निष्क्रियता की वजह से परेशानी नहीं होनी चाहिए। एक बार जब कोई पक्ष किसी वकील को नियुक्त कर लेता है और उसे केस लड़ने की जिम्मेदारी सौंप देता है, तो उसे यह मानने का अधिकार है कि वकील कोर्ट के सामने उसका ठीक से प्रतिनिधित्व करेगा।

# फंस गया फरमान! मोनालिसा 16 साल की निकली, एफआईआर के बाद लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**इंदौर, एजेंसी।** महाकुंभ से सुर्खियों में आई मध्य प्रदेश की तथाकथित 'वायरल गर्ल' मोनालिसा अब गंभीर कानूनी विवादों में घिर गई है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच रिपोर्ट ने पूरे मामले में को नया मोड़ दे दिया है। जांच में पता चला है कि मोनालिसा विवाह के समय नाबालिग थी। इसके बाद मोनालिसा के पति फरमान पर पॉक्सो ऐक्ट में केस दर्ज कर लिया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद फरमान पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

आयोग की जांच के मुताबिक, पारधी जनजाति से जुड़ी मोनालिसा की उम्र शादी के वक्त 18 वर्ष से कम थी। यह विवाह 11 मार्च 2026 को केरल में संपन्न हुआ था। शिकायतकर्ता अधिवक्ता प्रथम दुबे की ओर से 17 मार्च 2026 को आयोग में याचिका दायर की गई थी, जिसके बाद गठित जांच दल ने केरल से लेकर महेश्वर तक दस्तावेजों की गहन पड़ताल की।

जांच में सबसे बड़ा खुलासा महेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रिकॉर्ड से हुआ, जहां मोनालिसा की जन्मतिथि 30 दिसंबर 2009 दर्ज पाई गई। इस आधार पर शादी के समय उसकी उम्र करीब 16 वर्ष बैठती है। इतना ही नहीं, केरल में विवाह पंजीयन के दौरान प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र में अलग जन्मतिथि दर्ज होने का मामला भी सामने आया है। जांच टीम ने इसे गंभीर गड़बड़ी



मानते हुए संबंधित दस्तावेजों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू करने की सिफारिश की है।

आयोग की सख्त अनुशंसा के बाद महेश्वर थाने में अपहरण समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में पति फरमान खान पर कानून का शिकंजा कसता नजर आ रहा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और पूरे नेटवर्क की परतें खंगालने में जुटी है। इंदौर रेंज के आईजी अनुराग ने पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है।

### राजनीतिक साया और संगठनों की भूमिका पर भी सवाल

इस पूरे विवाद ने अब राजनीतिक रंग भी ले लिया है। शादी के आयोजन और संरक्षण को लेकर कुछ संगठनों और नेताओं की भूमिका पर भी उंगलियां उठ रही हैं। हालांकि इन आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पक्षों की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। फिलहाल, आयोग और पुलिस की विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है, लेकिन इस खुलासे ने यह साफ कर दिया है कि 'वायरल' चमक के पीछे एक बड़ा कानूनी और सामाजिक सवाल छिपा हुआ था, जो अब पूरे सिस्टम के सामने खड़ा है।

### अयोध्या में बड़ा हादसा टला: मुख्य मार्ग 100 मीटर तक धंसा, कई वाहन सवार बाल-बाल बचे

**अयोध्या, एजेंसी।** रामनगरी अयोध्या के व्यस्ततम इलाके सिविल लाइन में बुधवार को उस समय बड़ा हादसा होते-होते रह गया,



जब पुराने भाजपा कार्यालय के पास मुख्य मार्ग अचानक 100 मीटर से अधिक की लंबाई में धंस गया। व्यस्त मार्ग होने के कारण सड़क धंसते ही वहां से गुजर रहे कई वाहन चालक बाल-बाल बचे। सड़क के बीचों-बीच हुए इस कटाव ने राहगीरों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र में आवागमन बाधित हो गया है। जिस स्थान पर सड़क धंसी है, वह इलाका सामरिक और नागरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इस मार्ग का उपयोग अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्री, पोस्टमार्टम हाउस जाने वाले लोग और भाजपा कार्यालय सहित तमाम सरकारी कार्यालयों के कर्मचारी करते हैं। बुधवार सुबह हुई हल्की बारिश के बाद सड़क इस कदर बैठ गई कि बड़े गड्ढे नजर आने लगे। सड़क धंसने के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया और राहगीर भी सहम गए। सड़क धंसने के कारणों की पड़ताल में विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाल ही में यहां सीवर लाइन डालने का काम किया गया था, लेकिन मानकों की अनदेखी की गई। अधिशाषी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) एसपी भारतीय ने बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र में जल निगम द्वारा सीवर लाइन डाली गई थी। कार्य के दौरान पाइप के ऊपर बालू भरी जानी चाहिए थी, लेकिन उसकी

### नासिक आईटी कंपनी में धर्मांतरण का काला खेल, आठ महिलाओं समेत नौ कर्मचारियों को जबरन बनाया मुस्लिम

*__मुंबई, एजेंसी।__ नासिक स्थित एक आइटी कंपनी में चल रहे यौन शोषण और मतांतरण की कोशिश के मामले में कंपनी के छह टीम लीडर्स, एक एचआर अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले को 'कॉर्पोरेट जिहाद' भी कहा जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। नासिक की एक आइटी कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कंपनी के सीनियर कर्मचारी (टीम लीडर्स) पिछले चार साल से उन पर यौन शोषण एवं मतांतरण का दबाव डाल रहे थे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि वहां आठ महिलाओं और एक पुरुष कर्मचारी को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए प्रेरित और मजबूर किया गया। सभी ने आरोप लगाया है कि उन्हें गोमांस खाने और आफिस में नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। उनके अपने धार्मिक प्रतीकों का अपमान किया गया। यह मामला तब सामने आया, जब कुछ महिला कर्मचारियों के पहनावे में बदलाव देखा गया और उन्होंने रमजान के दौरान रोजा रखना शुरू कर दिया। तब स्वजन की शिकायत के बाद नासिक पुलिस ने इस मामले में सभी पीड़िताओं की ओर से कुल नौ एफआइआर दर्ज कर अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में छह टीम लीडर्स हैं, जिनके नाम हैं, आसिफ अंसारी, शफी शेख, शाह रुख कुरैशी, रजा मेमन, तौसीफ अत्तार एवं दानिश शेख। कंपनी की एचआर प्रबंधक अश्विनी छनानी को भी गिरफ्तार किया गया है।*

# अंतरिक्ष में इतिहास रचने के करीब भारत! गगनयान के दूसरे एयर ड्रॉप टेस्ट में इसरो को शानदार कामयाबी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन 'गगनयान' की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर पार कर लिया है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी है कि इसरो ने गगनयान के लिए दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट (आई ए डी टी-02) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में किया गया।

**आखिर क्या है पूरा मामला?:** आई ए डी टी का पूरा नाम एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण है। गगनयान मिशन का सबसे जटिल और महत्वपूर्ण हिस्सा अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष से सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लाना है। जब अंतरिक्ष यात्री अपना मिशन पूरा करके वापस लौटेंगे, तो उनका 'क्रू मॉड्यूल' (वह कैप्सूल जिसमें वे बैठे होंगे) तेज गति से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा।

इस वापसी के दौरान पैराशूट सिस्टम की भूमिका अहम होगी। मॉड्यूल की गति को धीमा करने और उसे सुरक्षित रूप से समुद्र (या सतह) पर उतारने के लिए एक बेहद जटिल पैराशूट प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है। द्धष्ठञ्ज



परीक्षण के दौरान एक डमी क्रू मॉड्यूल को भारतीय वायुसेना के किसी भारी विमान या हेलीकॉप्टर की मदद से कई किलोमीटर की ऊंचाई से नीचे गिराया जाता है।

इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह जांचना होता है कि क्रू मॉड्यूल के पैराशूट सही समय पर, सही क्रम में और बिना किसी तकनीकी खराबी के खुल रहे हैं या नहीं। आई ए डी टी-02 की सफलता यह साबित करती है कि इसरो का पैराशूट और रिकवरी सिस्टम बिल्कुल सटीक काम कर रहा है, जो अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी की गारंटी है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने अपने ट्वीट में स्पष्ट किया है कि यह सफलता गगनयान मिशन की तैयारियों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। किसी भी मानव मिशन में इंसानी जान की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। लैंडिंग के वक्त कोई दुर्घटना नहीं होगी। ऐसे हर सफल परीक्षण के साथ इसरो गगनयान के फाइनल लॉन्च के एक कदम और करीब पहुंच जाता है। गगनयान भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष मिशन है जिसमें इंसानों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसके तहत 3 अंतरिक्ष यात्रियों के दल को 400 किलोमीटर की ऊंचाई वाली पृथ्वी की निचली कक्षा में 3 दिन के मिशन के लिए भेजा जाएगा। मिशन के बाद उन्हें सुरक्षित रूप से भारतीय समुद्री जल क्षेत्र में उतारा जाएगा।

### पहली बार भारत आ रहे ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिस्टियन स्टॉकर, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**वियना, एजेंसी।** वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिस्टियन स्टॉकर अगले सप्ताह अपनी पहली भारत यात्रा पर आ रहे हैं। इस यात्रा के दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बैठक करेंगे। स्टॉकर 14 से लेकर 17 अप्रैल के दौरान भारत में ही रहेंगे। इस यात्रा में उनके साथ ऑस्ट्रिया के कई बड़े मंत्री और कारोबारी नेता भी साथ रहेंगे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और भी ज्यादा मजबूत बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में ऑस्ट्रिया की यात्रा की थी। उस दौरान दोनों देशों ने आपसी संबंधों को और भी ज्यादा मजबूत बनाने और साथ में आगे बढ़ने पर सहमति जताई थी। विदेश मंत्रालय ने स्टॉकर की यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यह उनकी पहली आधिकारिक एशिया यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, जिसमें बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग भी शामिल है। बता दें, भारत और ऑस्ट्रिया के बीच में कूटनीतिक संबंध 1949 में ही स्थापित हो गए थे।

# स्मार्ट मीटर का 'झटका': नोएडा के सेक्टर-34, 62, 11 में उपभोक्ता परेशान, आरोप- रिचार्ज फुल फिर भी बत्ती गुल

**नोएडा, एजेंसी।** बिजली विभाग का स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि रीडिंग में मैराथन दौड़ लगाने के बीच प्रीपेड मीटर के अचानक स्मार्ट झटके से उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाला जा रहा है। परेशान और हताश उपभोक्ताओं ने अब विद्युत अधिकारियों से ओवर-स्मार्ट मीटर के झंझट से त्वरित पोस्टपेड राहत देने की गुहार लगाई है, लेकिन अधिकारी बहाने और लापरवाही को अमलीजामा पहनाकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश में लगे हैं। उपभोक्ताओं की लगातार शिकायतों पर सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को फिलहाल बंद कर दिया है। मगर जिले में 40 हजार से ज्यादा स्मार्टमीटर के उपभोक्ताओं को अभी तक मरहम लगाने की इंतजार है। सेक्टर-34, सेक्टर-62, सेक्टर-11 और अन्य विभिन्न सेक्टरों के उपभोक्ता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उनका आरोप है कि स्मार्ट तरीके से परेशानी झेलकर वह अब थक चुके हैं। उन्हें अपने भविष्य के लिए जेब सुरक्षित करते हुए घर को रोशन करने के लिए पोस्टपेड मीटर की राहत चाहिए। विद्युत विभाग के स्मार्ट मीटर का खामियाजा सबसे ज्यादा बुजुर्गों को हो रहा है। उन्हें न तो मीटर रिचार्ज करने के लिए ऐप डाउनलोड कर उसे चलाना आता है और अचानक बिजली होने पर सर्वर डाउन की जिल्लत के साथ दोहरी मार झेलनी पड़ती है।



कुछ समय पहले बाहरी लोगों ने एच-ब्लाक में आकर धमकी दी कि मीटर रीडिंग लेने वालों का टेंडर खत्म होने पर रीडिंग से बिल नहीं बनेगा। बाद में 12 हजार रुपये का चार्ज भी वसूला जाएगा। इसी धमकी के चलते सोसायटी के 35-36 लोगों के घर प्रीपेड मीटर लगा दिए थे। पिछले दिनों अचानक बिजली सप्लाई बंद हो गई। विभाग में बात करने पर दो बार में 19 हजार रुपये का रिचार्ज किया जबकि पहले तो आठ हजार रुपये तक बिल आता था। इससे पहले दस दिन तक मानसिक तनाव में रहा था। मैं जल्दी ही बिजली विभाग जाकर पोस्टपेड मीटर के लिए आवेदन दूंगा। हमारे सेक्टर के एस और टी ब्लॉक में अधिकांश लोगों को झूठ बोलकर उनके घर में स्मार्ट मीटर लगाकर धोखा किया गया है जबकि ये मीटर उन क्षेत्रों में लगने चाहिए, जो बिल जमा नहीं करते हैं। मैं तो नोएडा बसने के समय से नियमित बिल जमा करता हूं। पूरे सेक्टर में बुजुर्ग लोग ज्यादा रहते हैं। विद्युत विभाग स्मार्ट तरीके से बुजुर्ग और लाखों उपभोक्ताओं को अंधेरे में रखकर शोषण कर रहा है। मैं जल्द ही स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड में कराने के लिए आवेदन दूंगा।

रिचार्ज फुल, बत्ती गुल से ढीली हुई जेब

पिछले दिनों हमारी कॉलोनी के अधिकांश घरों में बिजली गुल हो गई थी। मुझे खुद रिचार्ज होने के बावजूद पांच हजार रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़े। जब बिजली गुल होती है तो सर्वर डाउन भी रहता है। इसमें बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। शिकायत करने पर अधिकांश समाधान नहीं उपभोक्ताओं को केवल चक्कर कटाकर परेशान करते हैं। सबसे बड़ी है कि हमनें प्रीपेड मीटर की मांग नहीं की थी, लेकिन कर्मचारियों ने धोखे में रखकर प्रीपेड मीटर लगा दिया। मैं चाहता हूं कि मीटर को पोस्टपेड किया जाए। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं की समस्या का कैंप लगाकर समाधान किया जा रहा है। अभी किसी भी क्षेत्र में कहीं भी प्रीपेड स्मार्ट-मीटर को पोस्टपेड करने की योजना नहीं है।

# 40 हजार रुपये किलो वाला मशरूम अब खेत में उगा सकेंगे किसान

### कश्मीर के वैज्ञानिकों ने कैसे किया कमाल

**कश्मीर, एजेंसी।** कश्मीर के वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है, जिससे किसान 40 हजार रुपये प्रति किलो तक बिकने वाले मशरूम को अपने खेत में उगा पाएंगे। दरअसल वैज्ञानिकों ने एक बेहद महंगे और दुर्लभ मशरूम की खेती का तरीका खोज लिया है। श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकास्ट) ने पहली बार नियंत्रित माहौल में इस मशरूम को उगाने में सफलता पाई है।

मोरल्स या मोरचेला, जिसे स्थानीय भाषा में कंगाच कहा जाता है, आमतौर पर ऊंचाई वाले जंगलों में खास बारिश के मौसम में ही उगता है। इसकी कीमत बाजार में 15 हजार से लेकर 40 हजार रुपये प्रति किलो तक होती है। यह एक खास तरह का मशरूम है, जो अपने स्वाद, पोषण और औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। इसे जंगलों से इकट्ठा करना काफी मुश्किल काम होता





है, क्योंकि लोगों को खराब मौसम में घने जंगलों में तलाश करनी पड़ती है। वहीं कई बार इतनी मेहनत के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर नजीर अहमद गनई ने एक बयान में कहा है कि यह एक गेम चेंजिंग उपलब्धि है। उन्होंने कहा, 'यह नवाचार एक बड़ा बदलाव है। अब जंगलों पर निर्भरता खत्म होकर नियंत्रित और बड़े स्तर पर उत्पादन का रास्ता खुल गई है। इससे किसानों, युवाओं और उद्यमियों के लिए नए मौके बनेंगे और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।' इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस एसकास्ट के तीन विशेषज्ञों, प्रोफेसर तारिक अहमद सोफी, उनके छात्र कमरान मुनीर और प्रोफेसर विकास गुप्ता, ने इस मशरूम की खेती का तरीका अलग-अलग तरीके से विकसित किया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सिर्फ खिलाड़ियों की चूक या तंत्र की लापरवाही? डोपिंग में नंबर-1 होने का सच

डोपिंग नियमों के उल्लंघन की वजह से निलंबित किए गए खिलाड़ियों की सूची में भारत अब कीनिया को पीछे छोड़ कर शीर्ष पर पहुंच गया है।इसमें कोई दोराय नहीं कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने दमखम के बूते देश की प्रतिष्ठा को नया मुकाम दिया है। ऐसे कई खेल हैं, जिनमें अब तक सिर्फ अमेरिका, रूस, चीन आदि विकसित देशों की तूती बोलती रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से भारत के खिलाड़ियों ने अपनी धमक से वर्चस्व की स्थिरता को तोड़ा है और अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की है। विडंबना यह है कि क्रमशः मजबूत होती मौजूदगी के बरक्स ऐसे मामले भी तेजी से बढ़ते पाए जाने लगे हैं, जिनमें हमारे खिलाड़ियों ने किसी ऐसी दवा या मादक पदार्थ का सेवन किया, जो डोपिंग से संबंधित नियमों के खिलाफ है। यही वजह है कि डोपिंग मामलों की जांच करने वाली संस्थाओं की नजर में भारत के खिलाड़ी अब विशेष रूप से निगरानी के दायरे में हैं।गौरतलब है कि डोपिंग नियमों के उल्लंघन की वजह से निलंबित किए गए खिलाड़ियों की सूची में भारत अब कीनिया को पीछे छोड़ कर शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत के ट्रैक एंड फील्ड के एक सौ अड़तालीस एथलीट और उनके सहयोगी कर्मचारी डोपिंग मामलों की वजह से निलंबित हैं।सवाल है कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन कराने वाला समूचा तंत्र और खेल प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के कामकाज की वह कौन-सी शैली है कि डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने वाले खिलाड़ियों के निलंबन के मामले में देश सबसे ऊपर पहुंच गया। करीब चार महीने पहले भी निगरानी संस्था वैश्विक डोपिंग-रोधी एजंसी ने अपने आकलन में वर्ष 2024 के आंकड़ों में भारत को लगातार तीसरे साल डोपिंग के मामलों में सबसे ऊपर पाया था।अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तमगा और उसके बाद नगद इनाम हासिल करने या फिर भविष्य में अपनी जगह सुनिश्चित करने की मंशा से कुछ खिलाड़ी प्रतिबंधित प्रदर्शन-वर्धक दवाएं लेने की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। मगर इससे उनकी सेहत और करिअर पर कितना और क्या विपरीत असर पड़ता है, इसके बारे में उन्हें शिक्षित और जागरूक किए जाने की जरूरत है।

### दूषित पेयजल- लापरवाही की कीमत चुकाती जनता

पीने का स्वच्छ पानी सबसे बुनियादी जरूरतों में से एक है, जिसके सुरक्षित होने के सवाल पर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। विडंबना यह है कि देश के अनेक हिस्सों में दूषित पेयजल से उपजे जोखिम के मामले सुर्खियों में आने पर सब कुछ ठीक करने के सरकारी आश्वासन जरूर सामने आते है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वैसी ही घटना कहीं और से सामने आ जाती है।गौरतलब है कि जयपुर के सुशीलपुरा इलाके में दूषित पेयजल से पिछले हफ्ते सैकड़ों लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। लोगों ने उल्टी, दस्त, पेट दर्द, जी मिचलाने और बुखार जैसे लक्षणों की शिकायत की।खबरों के मुताबिक, इलाके में सड़क बनाने के काम के दौरान पानी की भूमिगत पाइपलाइन टूट गई, जिससे पेयजल में सीवर का पानी मिल गया। ऐसा लगता है कि न तो स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति को लेकर सरकार गंभीर है, न ही विकास कार्यों के दौरान इस बात का खयाल रखना जरूरी समझा जाता है कि क्या इसकी वजह से दूसरी गंभीर समस्या पैदा हो सकती है।देश के किसी हिस्से में दूषित पेयजल की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। करीब तीन महीने पहले देश के सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पानी पीने की वजह से कई लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों बीमार हो गए। तब यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का कारण बना था और इसके बाद हर ओर से पेयजल आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की मांग उठी थी।हकीकत यह है कि आए दिन देश के किसी हिस्से से दूषित पेयजल की वजह से लोगों के बीमार होने की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि जिस दौर में हर घर में पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, उसमें अक्सर ऐसी घटनाएं सामने क्यों आ रही हैं।

# महात्मा ज्योतिराव फुले : सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, शिक्षा और समानता के अमर संदेशवाहक

**आज** का दिन भारतीय समाज के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष यह अवसर और भी ऐतिहासिक हो गया है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष की औपचारिक शुरुआत हो रही है। देशभर में विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। 1827 में महाराष्ट्र के एक साधारण परिवार में जन्मे ज्योतिराव फुले ने अपने जीवन की शुरुआत कठिन परिस्थितियों में की, लेकिन उन्होंने कभी भी हालात को अपनी प्रगति में बाधा नहीं बनने दिया। बचपन से ही उनमें सीखने की गहरी जिज्ञासा थी और वे मानते थे कि सवाल पूछना ही ज्ञान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। यही सोच आगे चलकर उन्हें एक महान चिंतक और समाज सुधारक के रूप में स्थापित करती है। महात्मा फुले ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी साधन माना। उस दौर में जब समाज के बड़े वर्ग—विशेषकर महिलाएं और वंचित समुदाय—शिक्षा से वंचित थे, उन्होंने उनके लिए स्कूल खोलकर एक क्रांतिकारी पहल की। उनका स्पष्ट मानना था कि ज्ञान पर किसी एक वर्ग का अधिकार नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सभी के लिए



समान रूप से उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दी और कहा कि यदि समाज को सशक्त बनाना है तो सबसे पहले महिलाओं को शिक्षित करना आवश्यक है। इस दिशा में उनकी जीवनसंगिनी सावित्रीबाई फुले ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई और भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में स्थान प्राप्त किया। सामाजिक भेदभाव, जातिगत ऊंच-नीच और अन्याय के खिलाफ संघर्ष को संगठित रूप देने के लिए ज्योतिराव फुले ने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। यह संगठन सामाजिक समानता, न्याय और मानवीय गरिमा के लिए एक मजबूत मंच बना। इस आंदोलन ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को अपनी आवाज उठाने का साहस दिया और समाज में व्यापक जागरूकता पैदा की। महात्मा फुले ने ग्रामीण भारत की समस्याओं को गहराई से समझा। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं और आर्थिक विषमताएं किसानों और मजदूरों के जीवन को किस तरह प्रभावित करती हैं। उन्होंने इन वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाई और कहा कि जब तक समाज के सभी वर्गों को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक वास्तविक स्वतंत्रता संभव नहीं है। महात्मा फुले का जीवन केवल विचारों तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने उन्हें व्यवहार में उतारकर दिखाया। जीवन के अंतिम चरण में गंभीर बीमारी के बावजूद उन्होंने अपने सामाजिक कार्यों को नहीं छोड़ा। वहीं सावित्रीबाई फुले ने भी उनके निधन के बाद समाज सेवा के कार्यों को जारी रखा और 1897 में प्लेग महामारी के दौरान मरीजों की सेवा करते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया। यह उनके समर्पण और मानवता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सर्वोच्च उदाहरण है। वर्तमान समय में जब देश शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर आगे बढ़ रहा है, ज्योतिराव फुले के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। पिछले वर्षों में शिक्षा, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच उनका संदेश युवाओं को प्रेरित कर रहा है कि वे प्रश्न करें, सीखें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

महात्मा फुले के 200वें जयंती वर्ष के अवसर पर देशवासियों के लिए यह जरूरी है कि वे उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। शिक्षा का प्रसार, सामाजिक समानता, महिलाओं का सशक्तिकरण और वंचित वर्गों का उत्थान—यही उनके विचारों का सार है। महात्मा ज्योतिराव फुले आज भी केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा हैं, जो हमें एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं।

**- श्री नरेन्द्र मोदी,**
**प्रधानमंत्री**

#### शिक्षा को बनाया सामाजिक परिवर्तन का आधार

फुले का सबसे बड़ा योगदान शिक्षा के क्षेत्र में रहा। उस समय जब महिलाओं और वंचित वर्गों को शिक्षा से दूर रखा जाता था, उन्होंने उनके लिए स्कूल खोलकर एक नई क्रांति की शुरुआत की। उनका स्पष्ट मानना था कि शिक्षा केवल विशेष वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का अधिकार है। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि यदि समाज को सुधारना है तो सबसे पहले महिलाओं को शिक्षित करना होगा। इस मिशन में उनकी जीवनसंगिनी सावित्रीबाई फुले ने अहम भूमिका निभाई, जो भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में गिनी जाती हैं।

# अफसरों के नाकारापन से नहीं थमेंगे नालंदा मंदिर जैसे हादसे

**(योगेंद्र योगी)**

कुंभ मेले, मंदिर दर्शन, सत्संग, त्योहार और रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन पकड़ने की होड़ जैसी घटनाएं न केवल आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि प्रबंधन की कमी के कारण अक्सर जानलेवा साबित होती रही है। साल-दर-साल मची भगदड़ में सैकड़ों निर्दोष जिंदगियां चली जाती हैं, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सरकारी मशीनरी के नाकारा होने के कारण देश में धार्मिक आयोजनों में भगदड़ जैसे हादसे रुक नहीं रहे हैं। हादसों ऐसी श्रृंखला में नालंदा मंदिर का हादसा भी जुड़ गया है। नालंदा के शीतला माता मंदिर में पूजा करने के दौरान भगदड़ मच गई और इसमें 9 लोगों की जान चली गई। आठ महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा। चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज मंगलवार को नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कई देशों के छात्रों को डिग्री व मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान दिया गया। राष्ट्रपति की यात्रा की सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 10 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी। यह हालत है देश में जिम्मेदार मानी जाने वाली चुनी हुई सरकारों की। अधिकारी इस बात का आकलन ही नहीं कर सके कि इतने बड़े आयोजन में कोई हादसा भी हो सकता है। इसी भारी चूक की वजह से मंदिर स्थल पर पुलिस सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया गया। सारी फोर्स राष्ट्रपति की सुरक्षा के इंतजाम में लगा दी गई। कुंभ मेले, मंदिर दर्शन, सत्संग, त्योहार और रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन पकड़ने की होड़ जैसी घटनाएं न केवल आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि प्रबंधन की कमी के कारण अक्सर जानलेवा साबित होती रही है। साल-दर-साल मची भगदड़ में सैकड़ों निर्दोष जिंदगियां चली जाती हैं, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। ये हादसे मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं की चूक, अपवाहें, संकरी जगहों पर अत्यधिक भीड़ और प्रशासन की लापरवाही के कारण होती हैं। देश के सरकारी तंत्र ने विगत वर्षों में हुए इस तरह के हादसों से कोई सबक नहीं सीखा। यही वजह ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति थम नहीं रही है। विगत एक दशक में ऐसा शायद ही कोई साल गया होगा, जब भगदड़ में मौतों की दर्दनाक घटनाएं सामने नहीं आई होंगी। 3 मई 2025 को गोवा के श्री लैरे देवी मंदिर के वार्षिक मेले में पूजा-अर्चना के दौरान भगदड़ मची। इसमें छह श्रद्धालुओं की मौत हुई और लगभग 55 लोग घायल हुए। 15 फरवरी 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज कुंभ में शामिल होने के लिए ट्रेन पकड़ने की होड़ के चलते मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान गई। 9 जनवरी 2025 को प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ 30 तीर्थयात्रियों की मौत हुई और 60 लोग घायल हुए। इसी तरह 8 जनवरी 2025 आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में छह श्रद्धालुओं की मौत हुई। इसी तरह 2 जुलाई 2024 उत्तर प्रदेश के हाथरस में संत भोले बाबा (नारायण साकार हरि) की सत्संग के बाद भगदड़ मची। इस घटना में कुल 121 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6058

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6057

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 6058



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1919 को इस देश ने खुद को ब्रिटेन से आजाद घोषित किया (6)
7. घर्षण करना, रगड़ना, धीरे-धीरे घिसना (3)
8. वर देने वाला, वर दायक (4)
9. सर्वसाधारण, जनता (2)
10. प्रकार, जेवर, गहना (3)
11. अंधेरा, अंधकार, कालिख, कालिमा (2)
12. प्रसिद्ध संगीतकार आरडी बर्मन इस नाम से भी जाने जाते थे, पांचवा (3)
14. पश्चिमी अफ्रिका के घाना देश की राजधानी (3)
16. संगी, मित्र, सखा, दोस्त (2)
17. गले से नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
18. सार, जगत का मूल कारण, एलिमेंट (2)
19. अप्राप्त, जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ, मुश्किल (3)
20. हलफ, सौगंध, कसम (3)
21. मुनाफा, फायदा, हित, मिलना, प्राप्ति (2)

**ऊपर से नीचे**
1. यह नाम सरोदवादन के साथ जुड़ा है (7)
2. परिणाम उत्पन्न करना, फलना (3)
3. गीत प्रस्तुत करना, स्तुति करना (2)
4. स्तुति करने वाला, स्तुति वादक (3)
5. नरम दिल का व्यक्ति (5)
6. आय-व्यय एवं लेन-देन आदि का लेखा, अनाज रखने का गड्डा (2)
10. प्रेमकर्ता, आनंदप्रद, एक प्रकार की विलायती मदिरा (2)
11. गीत, नगमा (3)
13. बड़े होने का भाव, गुरूता, अधिक परिणाम जनक (3)
15. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
16. वाराणसी के समीप (करीब 6 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित बौद्धों का एक तीर्थस्थल, सारंगनाथ)(4)
18. जाकिर हुसैन नाम इस वाद्य के साथ जड़ा है (3)

### वर्ग पहेली 6057 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हं | ग | री | | पा | र | स | |
| स | म | ता | पा | र्टी | | वा | दा |
| | | फा | ल | | ज | ल | द |
| न | | रि | | रा | ह | ज | नी |
| फ | रि | या | द | | र | वा | |
| र | त | | रि | द | | ब | ल |
| त | ना | व | दा | र | | | गा |
| | | ह | | मा | ल | दी | व |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज पढ़ाई करने वाले बच्चों के लिए अच्छा दिन है. स्टूडेंट्स और स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को लव अफेयर से दूरी बनाकर रखनी चाहिए. सोशल मीडिया पर काम करने वाले व्यापारी अपने प्रोडक्ट्स की ब्रांडिंग से मुनाफा कमा सकते हैं.पार्टनरशिप वाले बिजनेस में उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा. घर में सभी लोग आपके काम में मदद करेंगे।

**वृष**
आज घर-जमीन से जुड़े रुके हुए मामले सुलझ सकते हैं. संतान पर थोड़ा ज्यादा ध्यान दें. अगर आप नए मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की सोच रहे हैं, तो फिलहाल रुकना ही बेहतर होगा. व्यापार में किया गया निवेश घाटे में बदल सकता है, सतर्क रहें. व्यापारी वर्ग को उधारी से बचना चाहिए पैसा फंस सकता है. ऑफिस में आपकी पीठ पीछे कोई बुराई कर सकता है।

**मिथुन**
आज जीवनसाथी के साथ संबंधों में मजबूती आएगी. आप लव पार्टनर की किसी चीज़ में सहायता करेंगे, जिससे आपसी बंधन और भी गहरा होगा. व्यापारियों को अचानक धन प्राप्ति के योग हैं, यह पैसा किसी से लिया गया उधार भी हो सकता है. घर के बुजुर्गों का ध्यान रखें।

**तुला**
आज आपके अंदर विवेक और जोश दोनों में बढ़ोतरी होगी. ऑफिस में नई पोस्ट के साथ बड़ी ज़िम्मेदारी मिल सकती है. नौकरीपेशा लोग अपने बॉस को खुश रखने की कोशिश करें उनके अनुभव से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज आपको कानूनी नियमों और प्रक्रियाओं को समझने की कोशिश करनी चाहिए. निवेश करने से पहले सारे कागजातों की जांच जरूर करें. समाज में किसी बात को लेकर आपकी छवि प्रभावित हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है बोलचाल में नरमी रखें. लव पार्टनर या जीवनसाथी से तकरार हो सकती है कठोर शब्दों से बचें।

**धनु**
आज नौकरी में परिवर्तन से लाभ हो सकता है. परिवार के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए आपको सुदृढ़ वित्तीय योजना बनानी होगी, ताकि आगे चलकर किसी आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े कार्यस्थल पर दिन आपके पक्ष में रहेगा. पारिवारिक जीवन में खुशहाली बनी रहेगी. आपको हर परिस्थिति में साहस बनाए रखना होगा।

**कर्क**
आज आपका आत्मविश्वास और साहस बढ़ेगा. पार्टनर के साथ प्यार भरे और यादगार पल बिताएंगे. व्यापार में आपके प्रोडक्ट की चर्चा होगी और मुनाफा बढ़ेगा. वृद्धि योग के कारण रेंटल सर्विस बिजनेस से जुड़े लोग नए पार्टनर से जुड़ सकते हैं और बड़ा सौदा कर सकते हैं. खेल-कूद से जुड़े लोगों की तबीयत थोड़ी बिगड़ सकती है।

**सिंह**
नैतिक मूल्यों को निभाएं. राजनीति से जुड़े लोग कुछ रुकावटों का सामना करेंगे, लेकिन मेहनत से समाधान मिलेगा. परिवार में सुख और समृद्धि बढ़ेगी. व्यापार से जुड़ा कोई कानूनी मामला आपके पक्ष में जा सकता है. ऑफिस में दोस्त आपके काम में मदद करेंगे. माता-पिता बच्चों को नई चीज़ें सिखाने के लिए ऑनलाइन लर्निंग का सहारा ले सकते हैं।

**कन्या**
आज मानसिक तनाव महसूस हो सकता है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में उम्मीद से बेहतर परिणाम भी मिलेंगे. छात्रों का पढ़ाई में मन लगा रहेगा और वे पूरी मेहनत से जुटे रहेंगे. नौकरीपेशा लोग खुद को तैयार रखें, क्योंकि सिर्फ आपकी मेहनत ही प्रमोशन की सूची में जगह दिला सकती है. परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर**
लव और वैवाहिक जीवन आपकी कुछ इच्छाएं पूरी हो सकती हैं, जिससे संबंधों में मिठास बढ़ेगी. स्टूडेंट्स सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम करें. कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है, समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. वर्कप्लेस पर भावनात्मक मुद्दों के चलते तनाव हो सकता है.अपनी सेहत को नज़रअंदाज़ न करें. सफलता के लिए कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
कार्यस्थल पर किसी प्रोजेक्ट को लेकर गलतफहमी हो सकती है, बॉस की नाराज़गी झेलनी पड़ सकती है. नौकरीपेशा लोग अपने जरूरी सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें.परिवार में आपकी उम्मीदों पर पानी फिर सकता है, बेहतर रहेगा कि इस समय आप बाहरी लोगों की बातों में न आएं और अपनों पर भरोसा बनाए रखें. व्यापारी वर्ग को बिना सोचे-समझे कोई जोखिम नहीं लेना चाहिए।

**मीन**
धनु राशि वालों का रुझान आज आध्यात्म की ओर अधिक रहेगा. लव पार्टनर या जीवनसाथी के सहयोग से जीवन की समस्याएं दूर होंगी. कार्यस्थल पर प्रगति के कई अवसर मिलेंगे नौकरीपेशा लोगों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा सभी कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं.जिन युवाओं का रिश्ता तय हुआ है, वे मेलजोल बढ़ाने के लिए आउटिंग पर जा सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# ब्राजील की गेंदबाज ने किया कमाल, चटकाए 9 विकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट



चटकाए जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। लेसोथो की टीम 13 रन पर सिमट गई।लॉरा कारडोसो ने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी20 अंतराष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गुरुवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# आयुष शेट्टी ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के आयुष शेट्टी ने एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। आयुष शेट्टी पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को मात दी है। भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया। इस तरह आयुष ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 25वीं रैंकिंग के शेट्टी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में क्रिस्टी को 23-21, 21-17 को हराया। टूर स्तर पर शेट्टी और क्रिस्टी के बीच यह पहला मुकाबला था। क्रिस्टी एशियाई खेलों और एशियन चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता हैं। इतना ही वह 2020 में थॉमस कप जीतने वाली इंडोनेशियाई टीम का भी हिस्सा थे। यूएस ओपस सुपर 300 के गत चैंपियन शेट्टी ने इससे पहले गुरुवार को राउड ऑफ 16 में चीनी ताइपे के 20वीं रैंकिंग के ची यू जेन को हराया था।

बिली जीन किंग कप

## भारत को इंडोनेशिया के खिलाफ मिली हार

नई दिल्ली, एजेंसी। बिली जीन किंग कप ग्रुप-I एशिया/ओशिआना मुकाबलों में भारत को गुरुवार को इंडोनेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में इंडोनेशिया ने दोनों सिंगल्स मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली। पहले सिंगल्स मुकाबले में वैष्णवी अडकर को प्रिस्का मैडेलिन नुग्रोहो के खिलाफ कड़े मुकाबले में 7-6(3), 6-7(3), 6-3 से हार झेलनी पड़ी। मैच काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां अडकर ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए मुकाबला निर्णायक सेट तक पहुंचाया, लेकिन तीसरे सेट में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने बाजी मार ली। दूसरे सिंगल्स में सहजा यमलापल्ली को जेनिस त्जेन के खिलाफ 6-2, 6-1 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा, जिससे इंडोनेशिया ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। खबर लिखे जाने तक रुतुजा भोसले और अंकिता रैना इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ डबल्स मुकाबला खेल रही थीं। अन्य मुकाबलों में कोरिया गणराज्य ने न्यूजीलैंड को हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। दायोन बैक ने वैलेंटिना इवानोव को 7-5, 6-3 से हराया, जबकि सोह्युन पार्क ने मोनिक बैरी को 6-0, 6-1 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। कोरिया और इंडोनेशिया दोनों ही टीमें अब तक अपने सभी मुकाबले जीतकर तालिका में शीर्ष पर बनी हुई हैं।





# बाबर आजम ने तोड़ा गेल का रिकार्ड, सबसे तेज 12 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के स्टार बैटर बाबर आजम ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 के 15वें मुकाबले में कराची किंग्स के खिलाफ खेली नाबाद 87 रन की पारी के दम पर टी20 क्रिकेट में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। इस पारी के दम पर बाबर ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ते हुए टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

बाबर आजम ने पेशावर जाल्मी के लिए खेलते हुए कराची किंग्स के खिलाफ 51 गेंदों पर 2 छक्के और 10 चौकों की मदद से नाबाद 87 रन की पारी खेली जबकि कुसल मेंडिस ने 52 गेंदों पर 109 रन बनाए और इस पारी के दौरान 4 छक्के और 14 चौके भी लगाए। इन दोनों की पारी के दम पर पेशावर ने कराची के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट पर 246 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

## बाबर ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

बाबर आजम ने पीएसएल 2026 के 15वें मैच में कराची के खिलाफ नाबाद 87 रन बनाए और टी20 क्रिकेट में अपने 12000 रन पूरे कर लिए। यही नहीं वो इस प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैटर भी बने। बाबर आजम ने ये कमाल 338 पारियों में किया और गेल से आगे निकल गए जिन्होंने ऐसा 343 पारियों में किया था।

टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने ऐसा 360 पारियों में किया था जबकि डेविड वार्नर ने ऐसे 368 पारियों में किया था और वो चौथे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में रोहित शर्मा 9वें नंबर पर हैं जिन्होंने 443 पारियों में अपने 12 हजार टी20 रन पूरे किए थे।

## टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले टॉप-11 बैटर

| | |
|---|---|
| 338 पारी | बाबर आजम |
| 343 पारी | क्रिस गेल |
| 360 पारी | विराट कोहली |
| 368 पारी | डेविड वार्नर |
| 405 पारी | जोस बटलर |
| 406 पारी | फाफ डु प्लेसिस |
| 416 पारी | जेम्स विंस/क्विंटन डिकॉक |
| 432 पारी | एलेक्स हेल्स |
| 443 पारी | रोहित शर्मा |
| 451 पारी | शोएब मलिक |
| 550 पारी | कीरोन पोलार्ड |

# ब्रागा और रियल बेटिस के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर

**ब्रागा, एजेंसी।** यूईएफए यूरोपा लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में ब्रागा और रियल बेटिस के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एस्टाडियो म्युनिसिपल डे ब्रागा में खेले गए इस मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में ब्रागा ने आक्रामक अंदाज अपनाया और इसका फायदा उन्हें जल्दी ही मिल गया। डिएगो रोड्रिग्स के कॉर्नर पर फ्लोरियन ग्रिलिट्श ने शानदार फ्लिक के जरिए गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इस शुरुआती गोल ने घरेलू टीम को आत्मविश्वास दिया और उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, रियल बेटिस ने धीरे-धीरे वापसी की कोशिश की। 24वें मिनट में मार्क बार्द्री ने हेडर के जरिए बराबरी का मौका बनाया, लेकिन गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर चली गई। इसके बाद भी बेटिस ने दबाव बनाए रखा और ब्रागा के गोलकीपर लुकास हॉर्निसेक को कई बार सतर्क रहना पड़ा, खासकर कुचो हर्नांडेज के क्लोज-रेंज



हेडर को रोकते समय।दूसरे हाफ में मैच और रोमांचक हो गया। बेटिस ने आक्रमण को तेज करने के लिए बदलाव किए, जिसमें विंगर एंटनी को मैदान पर उतारा गया। हालांकि, ब्रागा ने भी मौके बनाए और ग्रिलिट्श का एक शॉट गोलकीपर पाऊ लोपेज ने शानदार तरीके से बचाया। मैच का टर्निंग पॉइंट तब आया जब ब्रागा के जीन-बैप्टिस्ट गोर्बी ने बॉक्स में फाउल कर दिया, जिससे बेटिस को पेनल्टी मिली। कुचो हर्नांडिज ने इस मौके को भुनाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने जीत के लिए प्रयास किए, लेकिन कोई और गोल नहीं हो सका। अब यह मुकाबला दूसरे लेग में तय होगा, जो 16 अप्रैल को सेविले में खेला जाएगा।

# महल 17 की उम्र में रेस वॉकिंग में एलिश एक्का ने रच दिया इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 12वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होने के महज 48 घंटे के भीतर जब कोई 17 साल की छात्रा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पोडियम पर पदक के साथ खड़ी हो तो वह पल किसी चमत्कार से कम नहीं लगता। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के एक साधारण से गांव संतोषपुर की एलिश एक्का ने कुछ ऐसा ही किया है। एलिश एक्का के गले में चमकता रजत पदक सिर्फ एक खेल की जीत नहीं, बल्कि उनकी मां के अथाह त्याग और अदम्य साहस का एक सुंदर उदाहरण भी है।

एलिश की कहानी की शुरुआत हॉकी के मैदान से होती है। एलिश की मां प्रमिला एक्का खुद राज्य स्तर की हॉकी खिलाड़ी रह चुकी हैं। प्रमिला को पारिवारिक जिम्मेदारियां और आर्थिक तंगी के कारण अपना खेल छोड़ना पड़ा था।

मां की तरह एलिश ने भी बतौर स्ट्राइकर हॉकी में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा। हालांकि, टीम स्पोर्ट्स में मिलने वाले सीमित अवसरों ने एलिश को अपने खेल सफर पर दोबारा विचार करने के लिए मजबूर किया।

ऐसा विचार आने के बाद एलिश ने गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित 'बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम' के कोचों से बात की और फिर हॉकी छोड़कर 'रेस वॉकिंग' में करियर बनाने का बेहद साहसिक कदम उठाया।

पढ़ाई, कड़ी मेहनत और शानदार जीत

एलिश ने पिछले दो साल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी और कड़ी ट्रेनिंग के बीच बेहतरीन संतुलन बनाए रखा। अभ्यास के लिए एलिश को अक्सर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इस अनवरत मेहनत का फल तब मिला जब एलिश ने जगदलपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (चढ्ढझ्रत्) 2026 में महिला दस हजार मीटर रेस वॉक में 1:04।59 का समय निकालकर रजत पदक जीता।

एलिश एक्का के मुताबिक, ''शुरुआत में यह बहुत मुश्किल था क्योंकि मैंने पहले कभी रेस वॉक नहीं की थी, लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि अगर कड़ी मेहनत करूंगी तो इस खेल में अच्छा कर सकती हूं। मैंने उन पर भरोसा किया और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का फैसला किया।''एलिश एक्का की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स (खेलो इंडिया जनजातीय खेल) के लिए रवाना होने से ठीक एक दिन पहले ही उन्होंने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दी थी।एलिश एक्का ने बताया, ''मेरे पास (केआईटीजी) की तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं था। मैंने परीक्षा खत्म की और यह सोचकर यहां आई कि बस अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी। जब मैंने फिनिश लाइन पार की और महसूस किया कि मैंने पदक जीत लिया तो सबकुछ बहुत अविश्वसनीय लगा।'' एलिश की उपलब्धि के पीछे मां प्रमिला का लंबा संघर्ष छिपा है। चार लोगों के परिवार में प्रमिला इकलौती कमाने वाली हैं। वह ज्वेलरी स्टोर में काम करती हैं और करीब पांच हजार रुपया महीना कमाती हैं। इस मामूली आय में वह न सिर्फ घर चलाती हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हैं कि एलिश और कक्षा 3 में पढ़ने वाले उनके बेटे की हर इच्छा पूरी हो।



# नूपुर ने की रैंप वॉक जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट बॉक्सर नूपुर श्योराण ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वह साड़ी में रैंप वॉक करती बेहद खूबसूरत नजर आई। वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट नूपुर श्योराण ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह रैंप वॉक कर रही थी। लाल रंग की साड़ी में वह बेहद खूबसूरत और किसी हिरोइन से कम नहीं लग रही थी। ये वीडियो उन्होंने जनवरी में शेयर किया था। फैंस ने भी इस वीडियो को खूब प्यार दिया और एक यूजर ने लिखा, 'आप रवीना टंडन की तरह लग रही हों।' इसी इवेंट का उन्होंने एक और वीडियो शेयर किया, जिसके साथ कैप्शन में लिखा, 'आपको कोम्प्रोमाईज़ नहीं करना चाहिए, जब आप दोनों चीजें कर सकती हों।' वीडियो के पहले हिस्से में वह बॉक्सिंग कर रही हैं और दूसरे हिस्से में रैंप वॉक। लाल रंग की साड़ी, खुले बालों के साथ लाल रंग की बिंदी, उनपर जच रही थी।

नूपुर श्योराण का जन्म 26 सितंबर, 1998 को हरियाणा के भिवानी में हुआ था। उन्होंने एक बार बताया था कि उन्हें बॉक्सिंग की प्रेरणा उनके पिता और दादाजी से मिली। 2005 में उनके पापा ने एक अकैडमी शुरू की, जिसमें काफी ऐसे बच्चे आते थे जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होती थी। जब वह मैडल लेकर आते थे, तब उन्हें देखकर ही नूपुर ने सोचा था कि उन्हें भी बॉक्सर बनना है। नूपुर श्योराण ने 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉक्सिंग शुरू की। वह अब रेलवे में जॉब करती हैं। 5 बार की राष्ट्रीय चैंपियन नूपुर ने 2024 में महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। 2025, अस्ताना वर्ल्ड कप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। पिछले साल ही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था।

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेली अविश्सनीय पारी

# मुकुल का मैजिक: 27 गेंदों में नाबाद 54 रन ठोककर मैच पलटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गुरुवार रात, जब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स लगभग हार की कगार पर थी, तब मुकुल ने 27 गेंदों में नाबाद 54 रन ठोककर मैच पलट दिया। 24 गेंदों पर 54 रन चाहिए थे, टीम के 7 विकेट गिर चुके थे।।। और सामने सिर्फ टेलेंडर्स। शुरुआत भी आसान नहीं रही- पहली 5 गेंदों पर सिर्फ 1 रन। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वो 'फिनिशर मोड' था- अगली 22 गेंदों में 53 रन, जिसमें 7 छक्के शामिल थे।

मुकुल ने मैच के बाद बताया, 'मैंने ये शॉट बचपन से प्रैक्टिस किया है। मुझे हमेशा धोनी का फिनिशिंग स्टाइल पसंद रहा। वो यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे।।। और जब आप ऐसा करते हैं, तो गेंदबाज सोचने पर मजबूर हो जाता है।'

मुकुल की ताकत सिर्फ नेचुरल पावर नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने खुद कहा, मेरी बॉडी थोड़ी पावरफुल है, लेकिन मैं रोज 100-150 छक्कों की प्रैक्टिस करता हूं। इससे बैट स्पीड डेवलप होती है। पिछले 5-6 महीनों से मैंने इस पर बहुत काम किया है।'

## पहले ही दे चुके थे संकेत

आईपीएल से पहले ही मुकुल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफीमें अपनी झलक दिखा दी थी। उन्होंने राजस्थान की ओर से खेलते हुए दिल्ली के खिलाफ रनों की बारिश कर दी थी।इस टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 198.85 रहा, जो बताता है कि ये 'वन-नाइट वंडर' नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ फिनिशर है।

## वैशाली ने फिडे चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ खेला ड्रॉ



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू न फिडे चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी के 10वें राउंड में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से मिले आधे पॉइंट्स के साथ वैशाली टॉप पर पहुंच गईं। दूसरी ओर, भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को उज्बेक के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा इस हार के बाद 7वें नंबर पर खिसक गए। टूर्नामेंट साइप्रस के पाफोस में खेला जा रहा है। अभी चार राउंड बाकी हैं।

## न्यूज बाइट्स

### हसपुरा के राहुल कुमार बने इनकम टैक्स सुपरिटेंडेंट

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** प्रखंड के परनपुरा गांव के राहुल कुमार ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3056वीं रैंक हासिल कर इनकम टैक्स विभाग में सुपरिटेंडेंट का पद प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। राहुल कुमार किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता सर्वजीत साव एक साधारण किसान हैं, जबकि मां बबीता देवी जीविका समूह में कम्युनिटी मोबिलाइजर (सीएम) के पद पर कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद राहुल ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। राहुल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हसपुरा हाई स्कूल से वर्ष 2018 में मैट्रिक पास कर पूरी की। इसके बाद उन्होंने 2020 में एस.एन. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद से इंटरमीडिएट प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। वर्ष 2024 में उन्होंने बीएससी (गणित) की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने दिल्ली के एक निजी कोचिंग संस्थान से ऑनलाइन मार्गदर्शन लिया और फिर हसपुरा में रहकर लाइब्रेरी में सेल्फ-स्टडी पर विशेष ध्यान दिया।

### ओबरा में मनाया गया विश्व होम्योपैथिक दिवस

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित ओबरा में विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व प्रख्यात चिकित्सक डॉ. गणेश प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने हैनीमैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज में उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। डॉ. गणेश प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि हैनीमैन का जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी में एक साधारण परिवार में हुआ था।

एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित, डीएम ने कहा

# हर घर तक समय पर पहुंचे गैस कालाबाजारी पर कड़ी नजर

- औरंगाबाद, नवीनगर, मदनपुर और ओबरा के कुछ क्षेत्रों में मांग अधिक, अतिरिक्त आपूर्ति का निर्देश
- जिले में अब तक 133 घरेलू पीएनजी कनेक्शन स्थापित



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के सेल्स मैनेजरों ने भाग लिया। जिला पदाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही 'जीविका दीदी की रसोई' सहित अन्य आवश्यक संस्थानों में गैस सिलेंडर की उपलब्धता को प्राथमिकता देने को कहा गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि औरंगाबाद, नवीनगर, मदनपुर और ओबरा प्रखंड के कुछ गैस एजेंसी क्षेत्रों में मांग अपेक्षाकृत अधिक है। इस पर डीएम ने संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि इन इलाकों में अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और वितरण व्यवस्था को और मजबूत किया जाए, ताकि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी न हो। बैठक में एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी पर भी गंभीर चर्चा हुई। डीएम ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों—सदर एवं दाउदनगर को निर्देश दिया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किसी भी स्थिति में व्यावसायिक कार्यों में न होने दिया जाए। इसके लिए नियमित जांच और अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि अब तक 133 घरेलू पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। इस पर डीएम ने संबंधित नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लोगों को पीएनजी के लाभों के बारे में जागरूक किया जाए और अधिक से अधिक घरों में इसका विस्तार किया जाए। जिला प्रशासन ने होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की कि वे पीएनजी कनेक्शन अपनाएं। इससे गैस आपूर्ति अधिक सुगम होगी और एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता भी कम होगी। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने अंत में स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपभोक्ताओं को समय पर एवं पारदर्शी सेवा देना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### गैस की पर्याप्त उपलब्धता ओटीपी से पारदर्शी वितरण

बैठक में कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरण के समय ओटीपी आधारित सत्यापन के बाद ही गैस उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पारदर्शिता बनी हुई है और कालाबाजारी की संभावनाएं काफी हद तक नियंत्रित हुई हैं।

## डीएम ने किया गेहूं फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण 30.24 क्विंटल/हेक्टेयर औसत उपज आंकी गई

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

कृषि वर्ष 2025-26 के तहत रबी गेहूँ फसल की वास्तविक उपज का आकलन करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा फसल कटनी प्रयोग (क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट) का आयोजन किया गया। इस प्रयोग का निरीक्षण जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्वयं बारूण प्रखंड के जनकोप पंचायत अंतर्गत ग्राम प्रितमपुर पहुंचकर किया। यह प्रयोग स्थानीय कृषक मन्दु पाण्डेय (पिता स्व. बालस्वरूप पाण्डेय) के खेत, खेसरा संख्या-622 में संपन्न कराया गया, जिसे किसान सलाहकार विपीन मालाकार को जिम्मेदारी के रूप में आवंटित किया गया था। प्रशासनिक निगरानी में हुए इस प्रयोग को पूरी पारदर्शिता और वैज्ञानिक पद्धति के साथ संपन्न किया गया।

फसल कटनी प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुसार 10 मीटर x 5 मीटर के आयताकार क्षेत्रफल में किया गया। इस सीमित क्षेत्र से गेहूँ की कटाई कर उपज को तौला गया, जिसमें कुल 15.120 किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ। इस आंकड़े के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से प्रति हेक्टेयर औसत उपज 30.24 क्विंटल आंकी गई। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के प्रयोग से किसी क्षेत्र की वास्तविक उत्पादकता का सटीक अनुमान मिलता है, जो सामान्य अनुमान या किसानों की व्यक्तिगत धारणा से अधिक विश्वसनीय होता है। इस प्रयोग का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी फसल की वास्तविक उपज की जानकारी देना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर योजना बना सकें। साथ ही, यह आंकड़े सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे फसल बीमा, मुआवजा निर्धारण और उत्पादन आधारित नीतियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस तरह के प्रयोगों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि किसानों का भरोसा बना रहे और उन्हें सही लाभ मिल सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान रंजन पाण्डेय, शुभम पाण्डेय, रामनरेश पाण्डेय, जितेन्द्र पाण्डेय, संजीव पाण्डेय, अरविन्द पाण्डेय तथा अन्य ग्रामीण जैसे अरविन्द पासवान, कृष्णा राम, मच्छड़ राम, रवि पासवान आदि भी मौजूद रहे और उन्होंने पूरे प्रक्रिया को नजदीक से देखा। फसल कटनी प्रयोग न केवल उत्पादन का वैज्ञानिक आकलन करने का माध्यम है, बल्कि यह किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से जोड़ने का भी एक प्रभावी तरीका है। इससे प्रशासन को जमीनी हकीकत समझने में मदद मिलती है और भविष्य की कृषि नीतियों को बेहतर ढंग से तैयार किया जा सकता है।



### प्रशासनिक टीम की रही सक्रिय भागीदारी

निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुशील कुमार चौधरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी बारूण, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी और कृषि समन्वयक भी मौके पर उपस्थित रहे।

## एनएसएस के तहत सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, महाराणा प्रताप नगर, न्यू एरिया में शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका एवं समन्वयक डॉ. संजीव रंजन के निर्देशन में किया गया। इस शिविर में तीन सदस्यीय चिकित्सक दल ने छात्राओं, शिक्षकों और विद्यालय कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. प्रभात रंजन तथा डॉ. सुरेंद्र यादव शामिल थे। जांच के बाद सभी को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया और दवाओं के उपयोग संबंधी जानकारी भी साझा की गई। शिविर के दौरान कुल 141 छात्राओं, 12 शिक्षकों और 6 कर्मचारियों सहित एनएसएस टीम के सदस्यों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के क्रम में कई बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने आईं, जिस पर चिकित्सकों ने विद्यालय प्रबंधन को संबंधित अभिभावकों को सूचित करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वरिष्ठ स्वयंसेवकों में बुशरा परवीन, सुशांत, रितिका, तान्या, रानी, सुनैना, प्रीति, पम्मी और निशा सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और उन्होंने शिविर के संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष कुमार सिंह सहित शिक्षकगण जयराम तिवारी, दिलीप कुमार, खुशबू कुमारी, श्वेता सिन्हा, रंजीता सिन्हा, अजय जी, अशोक जी और ओमप्रकाश जी का सराहनीय योगदान रहा। इधर, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन आवश्यक है, ताकि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े और समाज को इसका व्यापक लाभ मिल सके।

बारातियों की स्कॉर्पियो ट्रक से टकराई

## हादसे में चालक की हुई मौत छह घायल, तीन की हालत गंभीर

- बारात गुरारू थाना क्षेत्र के महुली गांव से धंधवा गांव जा रही थी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें स्कॉर्पियो चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग बारात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। यह हादसा रफीगंज–गयाजी मुख्य मार्ग पर गोरडीहा के पास उस समय हुआ, जब गुरारू थाना क्षेत्र के महुली गांव से एक बारात स्कॉर्पियो से धंधवा गांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से स्कॉर्पियो की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में स्कॉर्पियो चालक लक्ष्मण यादव (55), निवासी बिगहा, गयाजी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, महुली गांव निवासी जाहिद हुसैन (56), मो. मिनहाज (60), मो. फरीद (60), रफीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मो. रबानी (65), भैसासुर गांव निवासी सामदानी (60) और मो. जमील (57) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, गया रेफर कर दिया गया।

चिकित्सकों के अनुसार घायलों में तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन, टीकाकरण पर जोर



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

प्रखंड संसाधन केंद्र में शुक्रवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष जोर दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर टीकाकरण के लिए तैयार करना था। गोष्ठी में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमर कुमार तथा प्रखंड लेखापाल पवन मिश्रा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि प्रखंड के सभी मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्राओं की सूची तैयार करें। इस सूची को प्रखंड कार्यालय में जमा किया जाएगा, ताकि कक्षा 9 में नामांकन के साथ ही संबंधित छात्राओं के टीकाकरण की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

विशेष रूप से एचपीवी (एचपीभी) टीकाकरण पर जोर देते हुए बताया गया कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। समय पर टीकाकरण से किशोरियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सकता है।

## बीआरबीसीएल का मेगा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन आपदा प्रबंधन तैयारियों की परखी गई क्षमता






एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बीआरबीसीएल ने 10 अप्रैल को बॉयलर संरचना के संभावित ध्वस्त होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक बहु-एजेंसी मेगा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया। यह अभ्यास ऑनसाइट आपातकालीन योजना के तहत जिला प्रशासन, सीआईएसएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा बिहार अग्निशमन सेवा के समन्वय से संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति में किए जाने वाले बचाव एवं राहत कार्यों का वास्तविक परिदृश्य तैयार कर अभ्यास किया गया। इसमें घायलों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाना, प्राथमिक उपचार देना तथा प्रभावित क्षेत्र को नियंत्रित करने की प्रक्रियाओं को विस्तार से लागू किया गया। सभी एजेंसियों ने बेहतर तालमेल, त्वरित प्रतिक्रिया और उच्च स्तर की दक्षता का परिचय देते हुए स्थिति को प्रभावी ढंग से संभाला।

बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने इस मौके पर सभी सहभागी टीमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मॉक ड्रिल आपातकालीन तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ संभावित कमियों की पहचान और सुधार के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीआरबीसीएल सुरक्षा मानकों और आपदा प्रबंधन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस तरह के अभ्यास नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। यह मेगा मॉक ड्रिल विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। इस अवसर पर एडीएमओ अंतरा और डीएसपी फायर प्रभा सहित कई अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खलिहान में आगलगी से किसान का पुआल जलकर राख

ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। ओबरा थाना क्षेत्र के चपरा गांव में शुक्रवार दोपहर एक खलिहान में आग लग गई। इस घटना में किसान संजय यादव का लगभग पांच बीघा पुआल जलकर राख हो गया। इससे किसान के सामने पशुओं के चारे का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। किसान संजय यादव ने अपने पशुओं के चारे के लिए खलिहान में बड़ी मात्रा में पुआल जमा कर रखा था। अचानक आग लगने से देखते ही देखते पूरा पुआल जलने लगा। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप ले लिया।

किसान संजय यादव ने बताया कि वे थोड़ी अपनी जमीन और कुछ बटाई पर लेकर खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पुआल जल जाने से अब उनके पशुओं के सामने चारे का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है, जिससे उनकी आजीविका पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने तत्परता से फायर ब्रिगेड को मौके पर भेजा।

## हैनिमैन जयंती पर गूंजा होमियोपैथी का संदेश, निःशुल्क इलाज की सेवा पर जोर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक सैमुअल क्रिश्चियन्स फ्रेड्रिक हैनिमैन की 271वीं जयंती के अवसर पर शहर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें होमियोपैथिक चिकित्सा के महत्व और उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक एवं सुपर स्पेशियलिटी एंड एडवांस होमियोपैथिक रिसर्च क्लिनिक 'लाइफ लाइन' के निदेशक तथा विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति आज वैज्ञानिक रूप से भी प्रमाणित हो चुकी है और कई असाध्य रोगों के इलाज में प्रभावी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब और वंचित वर्ग के लिए यह चिकित्सा पद्धति विशेष रूप से उपयोगी है, क्योंकि यह सुरक्षित, सरल और किफायती है।

उन्होंने बताया कि होमियोपैथी शरीर की प्राकृतिक रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर बीमारी को जड़ से खत्म करने में मदद करती है। इस पद्धति में मरीज की मानसिक और शारीरिक स्थिति का समग्र मूल्यांकन कर उपचार किया जाता है, जिससे दीर्घकालिक लाभ मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. कमलेश सिंह ने कहा कि होमियोपैथी विश्व की प्राचीन और प्रभावी चिकित्सा पद्धतियों में से एक है, जो असाध्य रोगों में भी कारगर होने के साथ-साथ सस्ती और सुलभ है। वहीं डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि विदेशों में होमियोपैथी का उपयोग व्यापक रूप से किया जा रहा है और भारत में भी इसके प्रति लोगों की जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। डॉ. सत्येंद्र ने कहा कि यह चिकित्सा पद्धति केवल लक्षणों को दबाने के बजाय बीमारी को मूल से समाप्त करने पर जोर देती है। कार्यक्रम में विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, सीईओ आनंद प्रकाश, केसीआई के निदेशक मदन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सैमुअल क्रिश्चियन्स फ्रेड्रिक हैनिमैन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि उनके द्वारा पिछले 15 वर्षों से गरीब और असहाय लोगों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि शहर के शुक बाजार स्थित देवी मंदिर में नियमित रूप से कैंसर, थायराइड, गठिया, किडनी रोग, स्त्री रोग, बाल झड़ने और अन्य पुराने रोगों का मुफ्त इलाज किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं ने होमियोपैथिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार और जनहित में इसके अधिक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

